www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

19 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 92

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







# मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ी उजागर

## संचालक ने अपने रिश्तेदारों के खाते में भेजा था पैसा

- गढ़वा उपायुक्त ने की कार्रवाई, संचालकों का आइडी रद्द
- शेखर जमुआर ने अबुआ आवास और पैक्स में अनियमितता पर भी की कार्रवाई






आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में मंईयां सम्मान योजना की राशि के आवंटन में गड़बड़ी का मामला उजागर हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के खरौंधी प्रखंड की कूपा पंचायत के सीएससी संचालक ने लाभुक के खाते में राशि भेजने की जगह हेराफेरी कर अपने रिश्तेदारों के खाते में राशि भेज दी। मामला उजागर होने के बाद गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने इसकी जांच करवायी। उन्होंने मामले को सही पाया। संचालकों से राशि वापस लेकर सबसे पहले लाभुकों के खाते में भेजी गयी। इसके बाद आरोपी तीनों संचालकों का आइडी रद्द कर दिया गया।

बैंक खाता और आइएफसी कोड के जरिये फर्जीवाड़ाः

प्राप्त जानकारी के अनुसार नवनीत कुमार पटेल, सत्यनारायण गुप्ता और अजित प्रजापति द्वारा गलत मंशा से जान बुझ कर मंईयां सम्मान योजना के कुछ लाभुकों के खाता संख्या और आइएफसी कोड के स्थान पर अपने सगे संबंधी और रिश्तेदारों का खाता संख्या और आइएफसी कोड पोर्टल में डाल दिया गया। इससे मंईयां योजना की राशि लाभुक के खाते में जाने की बजाय इन तीनों संचालकों के रिश्तेदारों के खाते में जा रही थी। मामला संज्ञान में आने के बाद उपायुक्त ने खरौंधी के अंचल अधिकारी से जांच करायी। जांच के क्रम में शिकायत सही पायी गयी।

**राशि वापस लेकर लाभुकों को भेजी गयीः** इस संबंध में सर्वप्रथम तीनों सीएससी ऑपरेटर द्वारा योग्य लाभुकों के खाते में बैंक के माध्यम से मंईयां सम्मान योजना की राशि हस्तांतरित करायी गयी। इसके बाद अनियमितता बरते जाने के लिए तीनों सीएससी संचालक नवनीत कुमार पटेल, सत्यनारायण गुप्ता और अजित प्रजापति का आइडी तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया।

### 21 लाभुकों के पैसे में की गयी थी हेराफेरी

प्राप्त जानाकारी के अनुसार जांच में स्पष्ट हुआ कि ग्राम कूपा के सात लाभुकों की राशि सीएससी संचालक नवनीत पटेल की पत्नी रेशमी देवी के खाता में भेजी गयी है। पांच लाभुको का पैसा सीएससी संचालक सत्यनारायण गुप्ता के अपने खाता में और नौ लाभुकों की राशि सीएससी संचालक अजीत प्रजापति की मां लालती देवी के खाता में गयी है।

### अबुआ आवास में गड़बड़ी का भी खुलासा

खरौंधी प्रखंड की ग्राम पंचायत खरौंधी में अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ दिये जाने संबंधी प्राप्त शिकायत की जांच में पाया गया है कि पंचायत में कुल नौ अयोग्य लाभुकों को आवास की स्वीकृति करायी गयी है, जिसमें सात लाभुकों के खाते में प्रथम किस्त की राशि भी विमुक्त की गयी। जांच में पता चलने के बाद शेष दो लाभुकों के खाता में राशि अंतरित नहीं की गयी है और सभी सात लाभुकों से खाता से राशि वापस ली गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभुकों का ग्राम सभा से चयन, निबंधन एवं जियोटैग में लापरवाही एवं अनियमितता बरती गयी है। इस मामले में उपायुक्त शेखर जमुआर ने कार्रवाई करते हुए खरौंधी के पंचायत सचिव शशि कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं, खरौंधी पंचायत की मुखिया मंजू देवी को निलंबित करने की अनुशंसा राज्य निर्वाचन आयोग से कर दी गयी, जबकि प्रखंड समन्वयक रविरंजन और प्रखंड विकास पदाधिकारी रवींद्र कुमार के पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने के आरोप में कारण पृच्छा किया गया है। साथ ही चेतावनी दी गयी कि यदि अगली बार लापरवाही परिलक्षित होती है, तो जवाबदेही तय करते हुए विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

**रामपुर में पैक्स अध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्जः** मझिआंव प्रखंड अंतर्गत रामपुर पैक्स में धान क्रय के दौरान कालाबाजारी की शिकायत प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायत के आलोक में गढ़वा के जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से जांच करायी गयी। जांच में धान अधिप्राप्ति विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत उपार्जन पोर्टल में प्रदर्शित 5375 क्विंटल के विरुद्ध उनके गोदाम में मात्र 2693 क्विंटल धान पाया गया। निरीक्षण के समय लगभग 2300 क्विंटल धान गोदाम में नहीं पाया गया। इस अनियमितता के लिए रामपुर पैक्स के अध्यक्ष रवींद्र सिंह से स्पष्टीकरण पूछा गया था। अध्यक्ष द्वारा प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार्य योग्य नहीं था, जिसे अस्वीकृत कर दिया गया। अनियमितता को लेकर रवींद्र सिंह के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दी गयी है।

## प्रधानमंत्री ने 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे

# गरीबी कम करनी है तो लोगों के पास प्रॉपर्टी राइट्स होना जरूरी: नरेंद्र मोदी

10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों को मिला लाभ




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे। इस मौके पर मोदी ने कहा कि आज का दिन गांवों की अर्थव्यवस्था के लिए अहम है। पांच साल पहले यह योजना शुरू की गयी थी, ताकि गांव में रहने वालों को उनके घर का कानूनी प्रमाण दिया जा सके। प्रधानमंत्री वर्चुअली कार्यक्रम में शामिल हुए, जबकि क्षेत्र से 13 केंद्रीय मंत्री, संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्री, संबंधित राज्यों के मंत्री और पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए।

मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में प्रॉपर्टी राइट्स की चुनौती रही है। कई साल पहले यूनाइटेड नेशंस ने कई देशों में भू संपत्ति पर स्टडी की थी। इसमें पता चला था कि दुनिया के कई देशों में लोगों के पास प्रॉपर्टी के पक्के दस्तावेज नहीं हैं। यूएनए ने कहा था कि अगर गरीबी कम करनी है तो लोगों के पास प्रॉपर्टी राइट्स होना जरूरी है। इस योजना के तहत हमने गांवों के करीब सवा 2 करोड़ लोगों को अपने घर का पक्का कानूनी दस्तावेज दिया है। पहले गांव में लोगों के पास लाखों-लाख करोड़ की संपत्ति होने के बावजूद उसकी इतनी कीमत नहीं थी। क्योंकि उनके पास कानूनी दस्तावेज होते ही नहीं थे। अब 100 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की इकोनॉमिक एक्टिविटीज का रास्ता खुल गया है।

**आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खुलेगाः** मोदी ने कहा कि प्रॉपटी कार्ड बनने के बाद 100 लाख करोड़ से ज्यादा की आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खुल सकेगा। इसके जरिए जमीन को भी खास पहचान दी गई है। करीब 23 करोड़ भू आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं। इससे आसानी से पता चल जाता है कि कौन सा प्लॉट किसका है। 8 साल में करीब 98 प्रतिशत लैंड रिकॉर्ड का डिजीकरण किया जा चुका है।

### आधे गांव का ड्रोन से हो चुका सर्वे

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में जब हमारी सरकार बनी तो इस मुद्दे से निपटने की ठानी। कोई सरकार अपने गांव के लोगों को इस तरह परेशानी में नहीं छोड़ सकती थी। इसलिए हमने यह योजना शुरू की। हमने तय किया कि ड्रोन की मदद से देश के गांव-गांव में घर जमीन की मैपिंग करायी जायेगी। उनकी आवासीय संपत्ति के कागज दिये जायेंगे। हमारे देश में 6 लाख से ज्यादा गांव हैं, आधे गांवों में ड्रोन से सर्वे हो चुका है।






# सीआइएसएफ की टीम पर कोयला तस्करों ने किया हमला, मामला दर्ज

बाल-बाल बचे टीम के सदस्य, वाहन क्षतिग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयले की तस्करी का खेल कई वर्षों से जारी है। इन दिनों कोयला तस्करों का मनोबल भी सातवें आसमान पर है। यह कोयलांचल में अक्सर देखने को मिल रहा है। गलफरबाड़ी ओपी अंतर्गत कोयला तस्कर अपने काम में बाधा उत्पन्न करने वाले आम लोगों को तो छोड़िए, अधिकारियों को भी नहीं बख्श रहे हैं। ताजा मामला निरसा के गलफरबाड़ी क्षेत्र का है। यहां बंद पड़े बर्न स्टैंडर्ड कारखाना में अवैध खनन स्थल पर छापेमारी के लिए सीआइएसएफ की टीम गयी थी। कोयला तस्करों ने सीआइएसएफ की टीम पर हमला कर दिया। इस घचना में टीम के सदस्य बाल-बाल बच गये। इस मामले में थाने में शिकायत दर्ज की गयी है।

**थाने में शिकायत दर्ज की गयीः** निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस टीम हमला की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंच गयी थी। कोयला तस्करों को खदेड़ा गया। सीआइएसएफ के द्वारा घटना की लिखित शिकायत की गयी। मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले में आगे कार्रवाई कर रही है। कोयला से लदे दो ट्रैक्टर भी जब्त किये गये हैं।

### टीम पर किया पथराव, गाड़ी के शीशे टूटे

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीआइएसफ की टीम शुक्रवार देर रात छापेमारी के लिए गयी थी। तभी कोयला तस्करों ने उनके ऊपर पथराव कर दिया, जिसमें सीआइएसएफ टीम का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना सीआइएसएफ टीम के द्वारा गलफरबाड़ी पुलिस को दी गयी। पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर कोयला तस्करों को मौके से खदेड़ने में कामयाब रहा।






## कोलकाता के रेप एंड मर्डर केस में कोर्ट का बड़ा फैसला

# मुख्य आरोपी संजय रॉय दोषी करार

सजा का एलान 20 जनवरी को किया जायेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर से रेप और हत्या मामले में कोर्ट का फैसला आ गया है। मुख्य आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया गया है। अदालत ने कहा कि सोमवार 20 जनवरी को सजा सुनायी जायेगी। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी संजय ने जज से कहा कि मुझे झूठे मामले में फंसाया गया है। मैंने ऐसा नहीं किया है। जिन्होंने ऐसा किया है, उन्हें छोड़ा जा रहा है। इसमें एक आइपीएस अधिकारी शामिल है।

पश्चिम बंगाल की सियालदह कोर्ट ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि आरोपी के खिलाफ बीएनएस धारा 64,66, 103/1 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ शिकायत है कि वह आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल गया। उसने सेमिनार रूम में जाकर वहां आराम कर रही महिला डॉक्टर पर हमला किया और उसकी हत्या कर दी।

**दूसरे लोग भी शामिल, माता-पिता का दावा :** पीड़िता के माता-पिता ने दावा किया है कि अपराध में अन्य लोग भी शामिल थे। उन्हें उम्मीद है कि उन्हें भी गिरफ्तार किया जायेगा और अदालत में उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जायेगा।

### पिछले साल 9 अगस्त को हुई थी घटना

कोलकाता पुलिस के संजय रॉय पर पिछले साल 9 अगस्त को लेडी डॉक्टर के साथ जघन्य अपराध करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में 12 नवंबर को बंद कमरे में सुनवाई शुरू हुई थी। इसके 57 दिन बाद सियालदह अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिरबन दास फैसला सुनाया है। मामले की जांच कर रही कोलकाता पुलिस ने रॉय को 10 अगस्त को गिरफ्तार किया था।

## सतीश चव्हाण एनसीपी अजित गुट में लौटे

**मुंबई।** विधानसभा चुनाव से पहले शरद चंद्र पवार की पार्टी एनसीपी में शामिल हुए सतीश चव्हाण शनिवार को एक बार फिर उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व में एनसीपी में शामिल हो गये हैं। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष अजित पवार और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे की मौजूदगी में एनसीपी में दोबारा प्रवेश किया। सतीश चव्हाण के पार्टी में शामिल होने से पहले एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने उनके खिलाफ 6 साल का निलंबन रद्द कर दिया था।

## पुणे से बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**पुणे।** पुणे पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिक एहसान हाफिज शेख को महर्षि नगर इलाके से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि यह शख्स 20 साल से अवैध रूप से पुणे में रह रहा था। वह बांग्लादेश के मायमेस सिंह जिले का रहने वाला है। उसके फोन से उसके रिश्तेदारों का कॉन्टेक्ट भी मिला है। वह 2004 में अवैध रूप से बॉर्डर क्रॉस करके आया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 19 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# यह नया भारत है, इसको कम मत आंकिये, गर्व करिये

## ▪ दस साल में भारत ने कई विकसित देशों को छोड़ दिया पीछे

## ▪ सैन्य ताकत से लेकर विज्ञान तक हर क्षेत्र में लहराया परचम

## ▪ आर्थिक, सैन्य, औद्योगिक, विज्ञान और अन्य क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा आगे

**आजाद सिपाही विशेष**

**भारत, दुनिया की प्राचीनतम सभ्यता का उद्गम स्थल और सनातन की तपोभूमि आज पूरी तरह बदल चुका है। जिस भारत के खिलाफ युद्ध करने का एलान कुछ मुट्ठी भर लोग कर रहे हैं, उन्हें इसकी ताकत का अंदाजा नहीं है। धर्म-अध्यात्म के जरिये मानव विकास और मुक्ति की राह दिखाने वाला भारत आज कहां पहुंच चुका है, इसका अंदाजा इसके ही नागरिकों को, यहां की मीडिया को और यहां के राजनेताओं को शायद नहीं है। यही कारण है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में आज विकास की बजाय छोटे-छोटे विषयों पर बातें होती हैं, बहसें होती हैं। लेकिन हकीकत यह है कि भारत आज दुनिया का सिरमौर बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह कोरा दावा नहीं, हकीकत है, जिसे इन दिनों दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका की मीडिया बयां कर रहा है। अमेरिका के अलग-अलग टीवी चैनलों में इन दिनों भारत के बारे में एक वीडियो दिखायी जा रही है, जिसमें भारत के विकास की कहानी बतायी गयी है कि 1947 में अपनी आजादी के वक्त दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक भारत आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है। आर्थिक विकास हो या विज्ञान, सामाजिक स्थिति हो या सैन्य ताकत, हर क्षेत्र में भारत आज महाशक्तियों को टक्कर दे रहा है। अमेरिकी मीडिया बता रहा है कि दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास की ऊंचाइयां छूनेवाले भारत के पास आज वह सब कुछ है, जो उसे महाशक्ति बना सकता है। क्या है इस वीडियो में और क्या है भारत की ताकत, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

भारत, जिसे कभी अंग्रेजों ने संपेरों का देश कहा था, आज कहां पहुंच गया है, इसका अंदाजा शायद भारत के लोगों को भी नहीं है और न यहां की मीडिया को या राजनेताओं को है। तभी तो मुट्ठी भर राजनेता इस भारत के खिलाफ युद्ध लड़ने की बात कहते हैं और मीडिया छोटे-छोटे मुद्दों को लंबा खींच कर लोगों को सूचना देने में कंजूसी करता है। भारत के विकास और इसकी ताकत को लेकर दावे तो किये जाते हैं, लेकिन हकीकत कभी सामने नहीं आती या शायद आने नहीं दी जाती। भारत की इसी कहानी को अब दुनिया का सबसे ताकतवर देश अमेरिका की मीडिया भी स्वीकार करने लगी है। तभी अमेरिकी टीवी चैनलों पर एक वीडियो दिखायी जा रही है, जिसमें भारत की ताकत की कहानी को विस्तार से बताया गया है। इस वीडियो को देखने के बाद हरेक भारतवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो जायेगा और वह उन सभी राजनेताओं को, जो भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की बात करते हैं या फिर भारत के पिछड़ेपन का रोना रोते हैं, यह कहने में सक्षम हो जायेगा कि यह नया भारत है और इसको कम करके मत आंकिये। इस पर गर्व करिये।

### कई क्षेत्रों में विकास की लंबी लकीर खींच रहा भारत

आज जब हम महाशक्ति की बात करते हैं, तो हम अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और चीन की बात करते हैं, लेकिन सच्चाई यही है कि आज एक और देश है, जो बड़ी तेजी से वैश्विक महाशक्ति बनने की तरफ आगे बढ़ रहा है। वह देश है भारत। वीडियो में भारत के विकास की कहानी को आंकड़ों की मदद से समझाया गया है। इसमें कहा गया है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अपनी विशाल आबादी और अपराजेय सैन्य शक्ति के कारण भारत को अब संभावित वैश्विक महाशक्ति के रूप में पहचान मिल गयी है। वीडियो में अलग-अलग क्षेत्रों में भारत के विकास को आंकड़ों की मदद से समझाया गया है।



### आर्थिक क्षेत्र

वीडियो में कहा गया है कि 1947 में ब्रिटिश साम्राज्य से आजादी हासिल करने के समय भारत दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक था। 1991 तक भारत की अर्थव्यवस्था पेरिस और लंदन जैसे शहरों की अर्थव्यवस्था से भी छोटी थी, लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था फ्रांस और ब्रिटेन से काफी बड़ी हो चुकी है। 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था 10वें स्थान पर थी, लेकिन आज यह पांचवें स्थान पर है। आज भारत की अर्थव्यवस्था 4.150 ट्रिलियन डॉलर की हो चुकी है। 10 साल से भी कम अवधि में भारत ने कनाडा, रूस, इटली, फ्रांस और ब्रिटेन की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। भारत की जीडीपी 6.5 से सात फीसदी की दर से बढ़ रही है और यह इसे दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था बनाता है। वीडियो के अनुसार भारत 2027 तक जर्मनी और जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा।

### आबादी और सामाजिक विकास

वीडियो के अनुसार पिछले साल भारत ने आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है और अब वह दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। इसके साथ ही उसका सामाजिक विकास सूचकांक भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत के लोग अपनी खुशियों के लिए दूसरों की तरफ नहीं झांकते हैं।

### ढांचागत विकास

किसी भी देश के विकास में उसका इंफ्रास्ट्रक्चर महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत इस मोर्चे पर भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बड़े-बड़े मेगा प्रोजेक्ट इसकी ढांचागत सुविधाओं में इजाफा कर रहे हैं। भारतमाला परियोजना, स्मार्ट सिटी परियोजना और दूसरी अन्य परियोजनाओं में 1.9 ट्रिलियन डॉलर का निवेश किया जा रहा है, जो आनेवाले समय में भारत को दुनिया की महाशक्ति बनाने में मदद करेगा। दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा परियोजना से भारत के दो प्रमुख महानगरों के बीच का सड़क संपर्क बढ़ेगा और यह आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। इसके अलावा एक सौ स्मार्ट सिटी तैयार करने की परियोजना भारत के विकास के सपने को पंख लगा रही है।

### सैन्य ताकत

वीडियो में कहा गया है कि भारत की सैन्य ताकत दुनिया में चौथे नंबर पर है। इस मामले में केवल अमेरिका, रूस और चीन ही भारत से आगे हैं। भारत में 14 लाख से अधिक सैनिक हैं और यह दुनिया की चौथी सबसे ताकतवर सेना भी है। भारत अपनी सेना पर 8.2 करोड़ डॉलर खर्च करता है और सैन्य साजो-सामान आयात करनेवाला दुनिया का सबसे बड़ा देश है। इतना ही नहीं, भारत आज 145 देशों को हथियार का निर्यात कर रहा है, जो उसे दुनिया के सबसे बड़े हथियार निर्यातक देशों की कतार में खड़ा करता है। इसके अलावा भारत दुनिया की एक प्रमुख परमाणु ताकत है। इसके पास अत्याधुनिक परमाणु हथियार हैं और यह अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में हर साल करीब एक लाख डॉलर का निवेश करता है।

### औद्योगिक विकास

वीडियो में कहा गया है कि भारत आज चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे पसंदीदा निवेश स्थल बन गया है। भारत ने इस मोर्चे पर अमेरिका को भी पीछे छोड़ दिया है। आज भारत में दुनिया के सभी देशों की नामी-गिरामी कंपनियां अपनी उत्पादन इकाइयां लगा रही हैं, क्योंकि भारत में दुनिया की सबसे सस्ती श्रम शक्ति उपलब्ध है। भारत की औद्योगिक नीतियों ने इसके विकास को नये आयाम दिये हैं। इन सबके अलावा भारत का उपभोक्ता बाजार दुनिया का सबसे बड़ा है। इतना ही नहीं, भारतीय स्टॉक मार्केट आज दुनिया के चार बड़े शेयर बाजारों में से एक है और यह तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### वैज्ञानिक विकास

अमेरिकी मीडिया के अनुसार भारत ने विज्ञान के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति की है। भारत दुनिया को सबसे अधिक आइटी पेशेवर उपलब्ध कराता है। अंतरिक्ष से लेकर स्वास्थ्य और दूसरे क्षेत्रों में भारत के स्टार्टअप का इकोसिस्टम आज दुनिया में सबसे उन्नत है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) दुनिया की उन गिनी-चुनी एजेंसियों में शुमार है, जिसके पास उन्नत तकनीकी है और निरंतर विकास का विजन है। भारत आज अंतरिक्ष में महाशक्ति है और यह दुनिया के किसी भी देश की संचार व्यवस्था को पल भर में नष्ट करने की ताकत रखता है।

अमेरिकी टीवी चैनलों पर दिखाये गये इस वीडियो से साफ है कि भारत अब महाशक्ति बनने की राह पर बहुत आगे जा चुका है। जो लोग इसके खिलाफ युद्ध की बात करते हैं, उन्हें भारत अब नेस्तनाबूद करके ही रहेगा। अपने देश में भी कुछ लोग भारत के खिलाफ युद्ध की बात करते हैं। इससे पहले बार-बार वे अमेरिकी मीडिया या बीबीसी की दुहाई देते थे, ऐसे लोगों से आग्रह है कि वे अमेरिकी मीडिया में भारत के बारे में चल रही सच्चाई को देखें, महसूसें और इस पर गर्व करें। सच्चाई से मुंह मोड़ना न तो उनके हित में है और न ही उनके दल के हित में। क्योंकि सच तो सच होता है और सच पर पर्दा नहीं डाला सकता। आज के इस भारत पर हमें गर्व है और आप भी गर्व कीजिए।

---

# रांची से महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को आज हरी झंडी दिखायेंगे सांसद संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची से महाकुंभ स्पेशल ट्रेन का परिचालन 19 जनवरी से शुरू हो जायेगा। रविवार को सुबह 10 बजे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। बताते चलें कि रांची से 10 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन होगा। इन ट्रेनों में जेनरल, स्लीपर और एसी बोगियां भी उपलब्ध होंगी। कुल 38 बार इन ट्रेनों का परिचालन होगा।

### जानें किस दिन किस ट्रेन का होगा परिचालन



1. रांची-टूंडला, ट्रेन संख्या 08067 और 08969 (19 जनवरी)
2. टूंडला-रांची, ट्रेन संख्या 08068(20 जनवरी)
3. भुवनेश्वर-टूंडला, ट्रेन संख्या 08425( 22 जनवरी, पांच फरवरी और 25 फरवरी)
4. टूंडला-भुवनेश्वर, ट्रेन संख्या 08426( 24 जनवरी, सात फरवरी 21 फरवरी और 28 फरवरी)
5. टिटिलागढ़-टूंडला, ट्रेन संख्या 08314(23 जनवरी, छह फरवरी, 20 और 25 फरवरी)
6. टूंडला-टिटिलागढ़, ट्रेन संख्या 08313(25 जनवरी, 8 फरवरी, 22 फरवरी और 1 मार्च)
7. तिरुपति-बनारस, ट्रेन संख्या-07107(8 फरवरी, 15 फरवरी और 22 फरवरी)
8. बनारस-विजयवाड़ा, ट्रेन संख्या-07108 ( 20 जनवरी, 10 फरवरी, 17 फरवरी और 24 फरवरी)
9. नरसापुर-बनारस, ट्रेन संख्या 07109 ( 26 जनवरी और दो फरवरी)
10. बनारस-नरसापुर, ट्रेन संख्या-07110(27 जनवरी और तीन फरवरी)

---

# देवघर में बैद्यनाथ धाम महोत्सव 6 मार्च से

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर में बैद्यनाथ धाम महोत्सव का आयोजन आठ साल बाद फिर किया जा रहा है, जो जिला पर्यटन विभाग की पहल पर होगा। जिला स्तर से इस कार्यक्रम की स्वीकृति मिल चुकी है और अब इसकी तारीख भी घोषित कर दी गयी है। महोत्सव का आयोजन मार्च के दूसरे सप्ताह में 6 से 8 मार्च तक होगा। मौके पर स्थानीय कलाकारों से लेकर बॉलीवुड सितारे भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

**बॉलीवुड के कलाकार भी करेंगे शिरकत :** बैद्यनाथ महोत्सव के आयोजन के लिए 50 से 80 लाख रुपये का बजट तय किया गया है। इस महोत्सव में शास्त्रीय, झारखंडी, और लोक संगीत के कार्यक्रमों के साथ-साथ बॉलीवुड के प्रसिद्ध गानों की धुनें भी गूंजेंगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य झारखंड के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देना है, और इसके माध्यम से स्थानीय दर्शकों को राज्य के सांस्कृतिक और पर्यटन संसाधनों से परिचित कराया जायेगा। इसके तहत झारखंड के पर्यटन क्षेत्र से संबंधित कैट-आउट और प्रचार सामग्री भी लगाये जाने की योजना है।

### ये है महोत्सव का पूरा शेड्यूल



बैद्यनाथ महोत्सव का आयोजन स्थानीय केकेएन स्टेडियम में किया जायेगा। यह कार्यक्रम हर दिन दो शिफ्टों में आयोजित होगा। पहले शिफ्ट में, जो दोपहर तीन बजे से छह बजे तक होगा, स्थानीय कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। दूसरे शिफ्ट में, शाम छह बजे से रात नौ बजे तक बॉलीवुड के बड़े कलाकारों की प्रस्तुति होगी, जो महोत्सव को और भी आकर्षक बनायेगी।

### ऐसे होगा कलाकारों का चयन

इस आयोजन में भाग लेने वाले कलाकारों का चयन उनकी कला और हुनर के आधार पर किया जायेगा। विभागीय स्तर से बड़े कलाकारों के लिए टेंडर निकाले जायेंगे, जिसमें एजेंसियां कलाकारों के नाम और उनके रेट तय करेंगी। फिर चयन समिति द्वारा इन रेटों और कलाकारों को अप्रूव किया जायेगा और अंतिम रूप से कलाकारों का चयन किया जायेगा।

---

# राजधानी में लाखों के नकली नोट के साथ तीन धराये

- **500 के चार लाख 99 हजार 8 सौ नकली रुपये बरामद**
- **एक साल से कर रहे थे धंधा, एक बाइक और 6 पीस मोबाइल फोन जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में नकली नोटों का कारोबार करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके नाम साहिल कुमार उर्फ करण, मो. सबिर उर्फ राजा और अब्बु हुजैफा उर्फ अफरीदी उर्फ आर्यन बताये गये। इनके पास से पुलिस ने 500 के दो असली नोट, 500 के 998 नकली नोट यानी चार लाख 99 हजार 8 सौ नकली रुपये, एक बाइक और 6 पीस मोबाइल फोन जब्त किये हैं। इस बात का खुलासा शनिवार को रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने किया। सिटी एसपी ने मीडिया को बताया कि डीआइजी सह रांची पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा को इंफॉर्मेशन मिली थी कि अरगोड़ा थाना क्षेत्र के कुलदीप स्कूल गली में कुछ संदेही लोग नकली नोटों का काला करोबार करते हैं। साथ ही बताया गया कि किसी ग्राहक को नकली नोट सप्लाई करने वाले हैं। मिली इंफॉर्मेशन पर टीम गठित की गयी। गठित टीम बताये गये ठिकाने पर रेड मारी और तीन संदेही गुनहगारों को धर दबोचा। पुलिस को दिये अपने बयान में गिरफ्तार लोगों ने खुलासा किया कि नकली नोट का कारोबार करने के वास्ते उनका संगठित आपराधिक गिरोह काम करता है। गुजरे करीब एक साल से नकली नोटों का यह काला कारोबार किया जा रहा है। इस काम में राजधानी के कई लोग भी शामिल हैं। गिरफ्तार संदेही गुनहगारों ने पुलिस के सामने और भी कई अहम राज उगले हैं। पुलिस अब गिरोह के सरगनाह तक पहुंचने की जुगत में जुट गयी है। इन लोगों को दबोचने में एसआइ मुकेश कुमार उपाध्याय, अभिषेक कुमार, आनंद कुमार साह, आरक्षी सूरज खाडिया और सुशील मिंज की सराहनीय भूमिका रही।



---

# मोबाइल छीननेवाले गिरोह का पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 3 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 1 मोटरसाइकिल, 18 मोबाइल फोन, 13,200 रुपये नगद, 3 बैग, 3 चेक, पैन कार्ड, आइडी कार्ड समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किये हैं। गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस पूछताछ के दौरान 16 छिनतई घटनाओं में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। गिरोह के सदस्य रांची शहर में सक्रिय थे और लोगों के मोबाइल फोन झपटकर फरार हो जाते थे। रांची पुलिस ने इस गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है और सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
1 Channel
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 23.2 °c | 10.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.26 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |



## झारखंड में आने वाली है नौकरियों की बहार

# राज्य में 50 हजार खाली पड़े सरकारी पद भरे जायेंगे

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद अफसर रेस**

**सबसे ज्यादा शिक्षक और आरक्षी के पद खाली**

अजय शर्मा




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में नौकरियों की बहार आने वाली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद झारखंड के अधिकारी इस दिशा में रेस हो गये हैं। सीएम चाहते हैं कि झारखंड के बेरोजगार युवकों को तेजी से रोजगार मिले। आने वाले दिनों में 50 हजार से ज्यादा खाली पड़े सरकारी पदों को भरा जायेगा। इसमें सबसे अधिक नियुक्ति शिक्षक और आरक्षी के पद पर होगी। सभी विभागों ने अपनी नियुक्तियों की सूची तैयार कर ली है। यह भी निर्देश दिया गया है कि जरूरत पड़ने पर नियुक्ति नियमावली को जहां बदलने की आवश्यकता है उसे बदला जायेगा। झारखंड में कर्मचारी चयन आयोग, झारखंड लोक सेवा आयोग और दूसरे वैसे सभी विभागों को निर्देश दिया गया है, जो बहाली प्रक्रिया में शामिल होते हैं। निर्देश यह है कि नियुक्ति करने वाली एजेंसी जल्द से जल्द अखबारों में इश्तेहार भी जारी करे। हालांकि झारखंड में जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली है। झारखंड में इंटर स्तर के शिक्षकों के 11 हजार, प्राइमरी स्कूलों के प्रशिक्षित शिक्षकों के 15 हजार, विभिन्न संवर्ग के आरक्षी के 10 हजार, वन विभाग में वनपाल के 4400, स्वास्थ्य विभाग में क्लर्क स्तर के 5200, सामान्य क्लर्क के 5 हजार, नगर पालिका सेवा के एक हजार पद खाली हैं। इसके अलावा चिकित्सा सेवा में भी चिकित्सकों के पद भारी संख्या में खाली हैं। कोशिश की जायेगी कि इस राज्य के मूलवासी और आदिवासी को अधिक से अधिक संख्या में बहाल किया जा सके। राज्य में बीडीओ, सीओ और डीएसपी के 100 पद खाली हैं। अभी पूरे राज्य में चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। इसकी संख्या करीब 1500 के करीब है।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुमला उपायुक्त करण सत्यार्थी को जिला के समग्र विकास हेतु किये गये उत्कृष्ट कार्यों को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लोक प्रशासन के क्षेत्र में पीएम अवार्ड सम्मान के लिए चयन होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL
Birla Knowledge City, Vill – Ara, P.O. – Mahilong,
Ranchi-Purulia Highway, Ranchi – 835103 (Jharkhand)
Phone: 9507035717, 9507035987
E-mail – info@sbpsranchi.com • Website : www.sbpsranchi.com
REGISTRATION FOR ADMISSION IN STD. XI
(SESSION 2025-26)
SCIENCE/COMMERCE/HUMANITIES
Registration forms for provisional admission in Std. XI (Science, Commerce & Humanities) can be filled and submitted online through the school's official website www.sbpsranchi.com. For further details please log on to www.sbpsranchi.com. For any query, please mail at admission@sbpsranchi.com or call front office 9507035717, 9507035987 on working days. (Timing: 08:00 am to 01:00 pm).
Principal

Jaspuria B.Ed. College
Recognized by NCTE & Affiliated by Ranchi University, JAC Ranchi
Address- Bisa, Getalsud, Angara, Ranchi-835103 (Jharkhand)
Email Id- jaspuriabedcollege@gmail.com | Ph:-7004989939,6388633957
APPOINTMENT
Applications are invited for the post of Asst. Professor in the Department of D.El.Ed.
1. HOD 1
2. Hindi 1
3. Physical Education. 1
4. Fine Arts. 1
5. History/Geography 1
Note- Eligibility Criteria for all the above posts shall be as per NCTE Norms & regulations, Reservation policy as per state Govt. norms, Please mail resumes at email: jaspuriabedcollege@gmail.com within 7 days. Only short listed candidates will be called for interview. Website-www.jaspuriabedcollege.org.
Sd./-
President

## चान्हो में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी

# अन्नदाताओं के बगैर मनुष्य का जीवन असंभव है : शिल्पी नेहा

**कम कपड़ा, छोटा मकान में रह सकते हैं, पर बगैर भोजन के नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता




**चान्हो।** अमर शहीद वीर बुधु भगत की जन्म स्थली चान्हो के सिलागाई में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता के द्वारा आयोजित प्रमंडल स्तरीय किसान मेला में पांच जिलों के किसान शामिल हुए। किसान मेला सह प्रदर्शनी का उद्घाटन विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। किसान मेला में लगे 50 से ज्यादा स्टॉल का निरीक्षण करते हुए किसानों से उनके उत्पाद की जानकारी ली। इससे पहले अमर शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर मंत्री सहित दूसरे अतिथियों ने माल्यार्पण किया। इस मौके पर विभाग के द्वारा किसानों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

**गुमला, लोहरदगा, खूंटी के किसान बेहतर काम कर रहे :** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब मंत्री पद की जिम्मेदारी मिली, तो कुछ लोगों ने कहा कि उन्हें शिक्षा मंत्री बनना चाहिए था, तो कुछ ने कहा कि उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बनना चाहिए था। लेकिन मैं जानती हूं मांडर कृषि बहुल क्षेत्र है इसके विकास का ये बेहतर अवसर है। इस विभाग से क्षेत्र और राज्य की जनता का ज्यादा से ज्यादा सेवा कर सकती हूं। किसानों से सीधा संपर्क कर, उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम करूंगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि गुमला, लोहरदगा, खूंटी के किसान बेहतर काम कर रहे हैं। यहां की दीदियां बहुत मेहनती हैं लेकिन मांडर पीछे है। विभाग के अधिकारी मांडर को रांची और शहर का हिस्सा मान कर योजना नहीं बनाते हैं। किसानों को आपस में संवाद करना जरूरी है। तब जान पाएंगे की गुमला क्या कर रहा है। लोहरदगा क्या कर रहा, खूंटी के किसानों ने नया क्या किया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कम कपड़ा, छोटा मकान में आप और हम रह सकते हैं, पर बगैर भोजन के नहीं रह सकते हैं। उन्होंने ग्रामीण किसानों से मेधा डेयरी से जुड़ने और आज ही दुधारू गाय खरीदने की अपील की। मंत्री ने बताया कि दूध को मेधा डेयरी में दे कर अतिरिक्त का लाभ आसानी से ले सकते हैं। मांडर के कैंबो की एक महिला महीने का डेढ़ से दो लाख रुपये दूध बेच कर कमा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का 2500 रुपये को लाख में बदलने की योजना बनाने का काम महिलाएं करें। गुमला में महिलाएं अंडा का बेहतर काम कर रही हैं। किसान को गरीब बताया जाता है। किसान गरीब नहीं अन्नदाता है। गिरिडीह में मछली पालन कर समिति के लोग 40 लाख रुपया तक कमा रहे हैं। विभाग ने ये निर्णय लिया है कि पंचायत का तालाब पहले पंचायत में बंदोबस्त होगा। कृषि मित्र, मत्स्य मित्र, कृषि पदाधिकारी के बगैर विभाग अपाहिज है। वीएलडब्ल्यू सिर्फ कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का काम करें।

### महिलाओं को सशक्त बनाने का काम करना होगा : बंधु तिर्की

इस मौके पर राज्य समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा कि पहली बार चान्हो में प्रमंडल स्तरीय किसान मेला का आयोजन हुआ है। किसान मेला का लाभ कैसे मिले इस जोर देने की जरूरत है। सरकार की योजनाओं का लाभ गांव तक नहीं पहुंचा पाता है। इस मेले में आपको 90 प्रतिशत सब्सिडी पर मिलने वाली योजना है। विभाग की योजना से जुड़ कर पलायन को रोका जा सकता है। विभाग से जुड़ कर स्वरोजगार कर सकते हैं। बंधु तिर्की ने कहा कि समिति बना कर महिलाओं को सशक्त बनाने का काम करना होगा। कांके विधायक सुरेश बैठा ने अपने क्षेत्र के किसानों के लिए कृषि मंत्री से दो कोल्ड स्टोरेज की मांग रखी। किसान मेला में मंच से चान्हो की महिला सहायता समूह को 7 करोड़ 16 लाख की राशि का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ कृषक मित्र का पुरस्कार मनोज कुमार, सर्वश्रेष्ठ किसान का पुरस्कार गांसू महतो, सर्वश्रेष्ठ महिला किसान लखिया देवी, किसान क्रेडिट कार्ड राजेश मुंडा, रोहित शिखर, विनय तिग्गा को दिया गया। मंच से इस मौके पर परिसंपत्ति का वितरण किया गया। जोड़ा बैल का वितरण, पांच गाय की योजना, बत्तख वितरण, बकरा विकास योजना, दुग्ध उत्पाद समिति को प्रमाण पत्र वितरण दिया गया। अतिथियों ने मंच से तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया। जिसमें किसानों की सफलता की कहानी, फलों के बाग का प्रबंधन, फसल की जानकारी शामिल है।

# एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप का संजय सेठ ने भ्रमण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नयी दिल्ली में शनिवार को एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप 2025 का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भ्रमण किया। एनसीसी कैडेट्स के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत ऐसे युवाओं से मिलना मेरे लिए भी सुखद अनुभूति देने वाला रहा। इस दौरान इनकी प्रदर्शनी एवं कार्यों को भी देखने का अवसर मिला। एनसीसी के कैडेट्स से मिलना, उनकी गतिविधियों को देखना अद्भुत अनुभूति देने वाला रहा। इनका गौरवशाली इतिहास, इन्हें सुनहरे भविष्य के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। राष्ट्र निर्माण को समर्पित, बड़े सामाजिक बदलाव के वाहक इन युवाओं को शुभकामनाएं दी।

TENDER HEART SCHOOL
RANCHI - 03 • PH : +91 8797057072
ADMISSION OPEN (2025-2026)
For Pre Nursery to Std - III
PRE NURSERY (3 yrs.+), NURSERY (4 yrs.+), PREP (5 yrs.+).
STD - I (6 yrs.+), STD - II (7 yrs.+) & STD - III (8 yrs.+)
Forms available for (Rs. 1200/-) at Tender Heart School from 9:00 a.m. to 12:00 p.m. on weekdays. Come with Municipal Birth Certificate of the Child. Admission on the basis of merit and first come first serve.
Online register : www.bit.ly/tenderheartadmission
Principal

# झारखंड आंदोलनकारी सृष्टिधर महतो का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** आजसू के संस्थापक सदस्य और चिह्नित झारखंड आंदोलनकारी सृष्टिधर महतो का निधन हो गया। उनका दाह संस्कार शनिवार को भुन्याडीह में किया गया। सृष्टिधर महतो का निधन 17 जनवरी को रामप्यारी अस्पताल में इलाज के दौरान हुआ था। वे पिछले दिनों एनएच 33 के जोजोडीह में बाइक दुर्घटना में घायल हुए थे। उनके दाह संस्कार में ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन आजसू बृहत झारखंड के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित कुमार महतो, आंदोलनकारी मेघनाथ महतो, तारानी महतो, अघनू महतो, दीनबंधु महतो सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। सभी लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए विनती की।

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामला

# चौंकाने वाले हो रहे खुलासे : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर कहा है कि पेपर लीक माफियाओं द्वारा रची गयी सुनियोजित साजिश का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पेपर लीक गिरोह ने परीक्षा से एक दिन पहले ही प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध करा दिये थे। उन्होंने कहा कि इतना सब होने के बावजूद जिस हड़बड़ाहट में खुद को क्लीन चिट देकर आयोग ने परीक्षा परिणाम जारी कर घोषित किये, उससे पेपर लीक की साजिश में आयोग की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। साथ ही कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले की गंभीरता को समझते हुए आयोग की संभावित लापरवाही की जांच और पेपर लीक माफियाओं पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# शहादत की आठवीं बरसी पर शिद्दत से याद आयी चार पैरोंवाली योद्धा अमिनिका

शंभु नाथ चौधरी



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के लातेहार में आठ साल पहले सीआरपीएफ के नक्सल विरोधी अभियान में शहीद हुई अनिमिका को बलिदान दिवस पर शिद्दत से याद किया जा रहा है। उसे श्रद्धांजलि देते हुए इंटरनेट और सोशल मीडिया पर कई पोस्ट साझा किये गये हैं।

दरअसल, अनिमिका केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 207 बटालियन कोबरा यूनिट में शामिल एक खोजी कुतिया थी, जो 17 जनवरी, 2017 को नक्सलियों की तलाशी के लिए चलाये जा रहे अभियान के दौरान सबसे आगे खतरे सूंघते हुए आगे-आगे चल रही थी। इसी दौरान वह प्रेशर आइइडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की चपेट में आकर खुद तो शहीद हो गयी थी, लेकिन उसने अपने पीछे चले आ रहे जवानों की जान बचा ली थी।

'बेल्जियम मैलिनोइस' नस्ल की स्निफर अनिमिका को सीआरपीएफ ने शहीद का दर्जा दिया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ब्रेवेस्ट ऑफ द ब्रेव नामक हैंडल पर अनिमिका की तस्वीर के साथ डाले गये पोस्ट में लिखा गया है, हम 207 कोबरा बटालियन (सीआरपीएफ) के स्निफर डॉग 'अमिनिका' को उनके आठवें बलिदान दिवस पर याद कर रहे हैं। उन्होंने 17 जनवरी, 2017 को झारखंड के लातेहार में एक आइइडी विस्फोट में सर्वोच्च बलिदान दिया था। चार पैरों वाले योद्धा को सलाम!

लेस्ट वी फॉरगेट इंडिया नामक एक्स हैंडल पर शेयर किये गये पोस्ट में भी ऐसी ही भावना का इजहार किया गया है। 'अमिनिका' को सीआरपीएफ ने बेंगलुरु के पास तरालू में विस्फोटकों को सूंघने और पता लगाने के लिए खास तौर पर प्रशिक्षित करने के बाद बटालियन में शामिल किया गया था। सीआरपीएफ की ओर से पूर्व में साझा की गयी सूचना के अनुसार, वह ट्रेनिंग एकेडमी में कोर्स टॉपर थी। 'अमिनिका' की शहादत के एक हफ्ते बाद उसके साथ ट्रेनिंग लेने वाले उसी नस्ल का दूसरा स्निफर डॉग प्लूटो भी छत्तीसगढ़ के अशांत बीजापुर जिले में सीआरपीएफ के इसी तरह के नक्सल विरोधी अभियान के दौरान प्रेशर आइइडी की चपेट में आकर शहीद हो गया था।

पूर्व में सीआरपीएफ में तैनात रहे एक आइपीएस बताते हैं कि इन चार पैरों वाले सैनिकों ने अपनी बहादुरी से कई जवानों की जान बचायी थी और वे हमारे लिए बहुत प्रिय थे।

'बेल्जियम मैलिनोइस' नस्ल वाले स्निफर डॉग को दुश्मन के इलाके में छिपे हुए बमों और खतरे को सूंघने के उनके बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड के लिए जाना जाता है। इन कुत्तों को पहली बार अंतरराष्ट्रीय ख्याति तब मिली जब उन्होंने 2011 में पाकिस्तान में अपने सुरक्षित ठिकाने से ओसामा बिन लादेन को सूंघने में कुलीन अमेरिकी नौसेना की सहायता की। तब से उन्हें 'ओसामा हंटर' के रूप में भी जाना जाता है। 'बेल्जियम मैलिनोइस' कुत्तों का महत्व इस बात से भी पता चलता है कि सीआरपीएफ, आइटीबीपी और बीएसएफ जैसे बलों के पास अब 200 से अधिक ऐसे कुत्ते हैं। नक्सल क्षेत्रों में काम करने वाली हर बटालियन के पास इस नस्ल का एक कुत्ता होता है। गश्ती दल को निर्देश दिया गया है कि वे कुत्तों को आगे रखें, ताकि उन्हें खतरों से बचाया जा सके।

# आज आजसू में घर वापसी करेंगे प्रवीण प्रभाकर

**संथाल और पलामू से भी समारोह में आयेंगे कार्यकर्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर रविवार 19 जनवरी को आजसू पार्टी में शामिल होंगे। पार्टी सुप्रीमो एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो उन्हें दोपहर एक बजे हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में सदस्यता ग्रहण करवायेंगे। इस अवसर पर पार्टी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक तिवारी महतो, प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता तथा अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। श्री प्रभाकर को मोराबादी स्थित आवास से मोटर साइकिल जुलूस में कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय लेकर आयेंगे। इस मौके पर संथाल परगना, पलामू तथा कोयलांचल से भी कार्यकर्ता मिलन समारोह में भाग लेने पहुंचेंगे। श्री प्रभाकर की घरवापसी को लेकर कार्यकर्ताओं में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। श्री प्रभाकर का नाम उन नेताओं में शुमार रहा है जिन्होंने स्थापना काल से आजसू को सींचने तथा झारखंड आंदोलन को नया तेवर देने का काम किया है। श्री प्रभाकर की पहल पर आजसू को लालकृष्ण आडवाणी के समक्ष राजग में शामिल किया गया था। लेकिन 2014 में श्री प्रभाकर भाजपा में चले गये थे। 2019 के बाद वह सक्रिय राजनीति से अलग हो गये थे और झारखंड आंदोलनकारियों को एकजुट करने में लगे थे। विगत कुछ दिनों से आजसू की ओर से उन्हें वापस लाने का प्रयास चल रहा था।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष:** नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी।
- **वृष:** प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन:** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी
- **कर्क:** महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।
- **सिंह:** रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।
- **कन्या:** बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **तुला:** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।
- **वृश्चिक:** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।
- **धनु:** शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।
- **मकर:** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ:** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।
- **मीन:** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

## कोडरमा में नियम विरुद्ध बना है टोल प्लाजा: बसंत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना अधिकार मंच सचिव आर के बसंत ने नाजायज तरीके से हजारीबाग से लेकर खरगोन रजौली के बीच नियम विरुद्ध बने दो टोल प्लाजा मदनगुंडी और खरगांव, रजौली जिसकी दूरी 95 किलोमीटर है पर एनएचएआई की कार्य संस्कृति पर प्रश्न खड़ा किया है। नियमतः दो टोल प्लाजा के बीच की दूरी 60 किलोमीटर होनी है जिसकी घोषणा माननीय गडकरी जी द्वारा संसद में की गयी है। इस घोषणा के बाद भी एनएचएआई द्वारा हजारीबाग से मात्र 44 किलोमीटर की दूरी पर मदनगुंडी, कोडरमा में टोल प्लाजा और यहां से 51 किलोमीटर की दूरी पर खरगांव, रजौली में टोल प्लाजा बनाया गया है जबकि फोरलेन का कार्य जेजे कॉलेज से हरदिया, रजौली जिसकी दूरी 28 किलोमीटर है बना भी नहीं है। ऐसी स्थिति में किस आधार पर कोडरमा नंबर की गाड़ी से इन दोनों स्थानों पर टोल टैक्स लिया जा रहा है जो एनएचएआई की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह के साथ ही शोषण है। इस विषय पर कोडरमा की सांसद सह केंद्रीय मंत्री की चुप्पी कोडरमा के लोगों को आश्चर्यचकित कर रही है। श्री बसंत ने ऐसी शोषक व्यवस्था से केंद्रीय मंत्री गडकरी, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री के साथ ही उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को अवगत कराते हुए इस पर संज्ञान लेकर कोडरमा नंबर की गाड़ी को मदन गुंडी और खरगांव टोल टैक्स से मुक्त कराने की गुहार लगायी है। साथ ही अविलंब बचे 28 किलोमीटर पर फोरलेन का कार्य शुरू कराया जाये जिससे कोडरमा घाटी में हो रही जानमाल की क्षति पर अंकुश लगे।

## झामुमो ने चुनाव परिणाम समीक्षा और सदस्यता अभियान को लेकर की बैठक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव के आवसीय कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा का बीते विधानसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा बरकट्ठा प्रखंड के उत्तरी जिला परिषद क्षेत्र के सभी पंचायत के सभी बूथों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कि गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष कुदुस अंसारी संचालन पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद ने किया। मौके पर पूर्व विधायक श्री यादव ने सभी बुथों की समीक्षा एक-एक कर किया। जिन बूथों में झामुमो का जीत हासिल हुआ है। वहां के कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने की बधाई दिया और जहां पर झामुमो की हार हुई है उन्हें बेहतर काम करने की सलाह दिया। वही प्रखंड अध्यक्ष कुदुस अंसारी ने पूर्व विधायक को सदस्ता फॉर्म भरवाकर सदस्यता अभियान की शुरुआत की। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि झामुमो के कार्यकर्ता लोगों को फार्म भरवाकर सदस्ता अभियान को सफल बनाकर पार्टी को और अधिक मजबूती बरकट्ठा विधानसभा में बनाना है। राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन है। जो राज्य के लोगों के हित में कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। मौके पर भारी संख्या में झामुमो के बूथ, पंचायत, प्रखंड स्तर के नेता, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चैलंगदाग जंगल से अर्द्ध निर्मित कत्था जब्त



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** वन क्षेत्र अंतर्गत आंगों जंगल के सुरक्षित वन क्षेत्र स्थित चेलेंग दाग जंगल में पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी मौन प्रकाश के निर्देशानुसार बड़का गांव वन क्षेत्र के वन कर्मी के द्वारा गुप्त रूप से छापामारी कर लगभग चार क्विंटल अर्ध निर्मित कत्था बरामद किया गया। घटनास्थल से 12 बड़ा डेक्चा, 6 प्लास्टिक की बाल्टी से भरा अर्ध निर्मित लगभग 4 क्विंटल कत्था जब्त किया गया। जिसकी कीमत लगभग चार लाख रुपया हो सकती है। बताते चलें कि चेलेंगदाग जंगल में पिछले कई महीनों से गुप्त रूप से जंगल में कत्था बनाने का कार्य किया जा रहा था। छापेमारी की जानकारी मिलते ही कत्था माफिया वन विभाग के द्वारा छापेमारी होते फरार हो गये, घने जंगलों में छुप गये। इस दौरान वन विभाग के कर्मियों ने कत्था बनाने वाले भट्ठा को तहश-नहस कर नष्ट कर दिया गया। छापामारी में बड़कागांव वन क्षेत्र के तमाम वन कर्मी में शामिल थे। मामले को लेकर बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय में 2 नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में एसीएफ ए के परमार ने कहा कि जो भी जंगल में खैर की लकड़ी को काटकर कत्था बनाने का कार्य करेंगे, इसके अलावा अवैध कोयला उत्खनन, पत्थर का कारोबार करेंगे उन पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा जायेगा।

## विधायक ने चंचालनी धाम में की पूजा-अर्चना



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने मरकच्चो प्रखंड स्थित चंचालिनी धाम पहुंच कर पूजा अर्चना की। ज्ञात हो कि मरकच्चो प्रखंड में बीहड़ जंगलों से घिरे चंचाल पहाड़ पर मां दुर्गा विराजमान हैं, जहां 200 साल से ज्यादा समय से मां दुर्गा की पूजा हो रही है। श्रद्धालु मां दुर्गा को मां चंचालिनी के नाम से जानते हैं। इस पहाड़ी पर कुंवारी स्वरूप मौजूद है, यानि यहां मां दुर्गा के कन्या स्वरूप की पूजा होती है। मां दुर्गा के लिए श्रृंगार का सामान तो चढ़ता है लेकिन उसमें सिंदूर वर्जित है। विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव दो सौ से अधिक सीढ़ियों वाले धाम पहुंचीं और पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने क्षेत्र वासियों के सुख, शांति और कल्याण की कामना की। विधायक के साथ उनके पति विजय यादव के अलावा बीरेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह, संजीव समीर, विनोद कुमार मुन्ना, महेंद्र यादव, रमेश यादव, सुधीर यादव, विजय शुक्ला, छट्ठू पंडित, धर्मेंद्र कुमार बंशी, रंजीत सिंह, संजीव यादव, राजकुमार यादव, विजय यादव, पंकज सिंह, गोपाल कुमार गुतुल, राजकिशोर प्रसाद, दीपनारायण सिंह, दिनेश सिंह, अरुण यादव, अजीत वर्णवाल, अम्बुज मोहन, अजीत चंद्रवंशी, राजू सिंह, सुनील यादव, विक्की चंद्रा, गौतम कुमार, देवनारायण मोदी, विजय सिंह, आरपी मोदी, नरेश मंडल समेत काफी संख्या में समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए ली परीक्षा

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए शनिवार को परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के तहत प्रखंड में एक परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इसी कड़ी में प्रखंड के सभी स्कूलों के बच्चों के लिए राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय बासोडीह में केंद्र बनाया गया था। जवाहर नवोदय विद्यालय की शिक्षक के तौर पर परीक्षा में पहुंच कर देख रेख की बीपीओ अशोक उपाध्याय परीक्षा के निरीक्षण के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया कि नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हो गयी है। परीक्षा के लिए 307 छात्र पहुंचे, जिन्होंने परीक्षा में भाग लिया। बीपीओ अशोक उपाध्याय ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा कक्षा छह में दाखिले के लिए आयोजित की गयी है। इस आयोजन में केंद्राधीक्षक के रूप में बसंत मेहता के स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने सहयोग किया।

## विधायक प्रदीप प्रसाद दो समितियों के सदस्य बनाये गये

# जिम्मेदारी मेरे लिए गौरव और चुनौती : प्रदीप प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रदीप प्रसाद को दो महत्वपूर्ण विधानसभा समितियों में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने इसकी औपचारिक अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति की घोषणा की है। प्रदीप प्रसाद को युवा कल्याण, संस्कृति और पर्यटन विकास समिति और आवास समिति का सदस्य बनाया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को प्राप्त करने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम जनता में उत्सव का माहौल है। सभी ने विधायक को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके नेतृत्व में हजारीबाग के विकास और प्रगति की नयी संभावनाएं दिखायी दे रही हैं।

इस उपलब्धि पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की मैं झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो और पार्टी नेतृत्व का आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर यह भरोसा जताया। यह जिम्मेदारी मेरे लिए गौरव और चुनौती दोनों है। मैं पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ क्षेत्र के विकास, युवा कल्याण और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करूंगा। प्रदीप प्रसाद के अनुभव और सक्रिय राजनीतिक जीवन को देखते हुए उनकी यह नियुक्ति बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे हजारीबाग क्षेत्र को न केवल विकास की गति मिलेगी, बल्कि युवा, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में भी नई संभावनाओं का द्वार खुलेगा।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति और पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण समिति के सदस्य बने रौशनलाल, दी बधाई



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी को झारखंड विधानसभा सामान्य प्रयोजन समिति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति और पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण समिति के सदस्य बनाये जाने पर बड़कागांव के लोगों विधायक रोशन लाल चौधरी को बधाई दी है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आदित्य साहू सोनी, आजसू के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, राजा खान, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र महतो, वीरेंद्र प्रसाद,संजय महतो, श्रमिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ नेपाली ,पूनम साव, प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, रवि राम, विनोद राम, यदु प्रसाद दांगी, संजय राणा, शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता, उदय मेहता, कामेश्वर महतो, दिनेश महतो सहित सैकड़ो लोगों ने विधायक को बधाई दिया।

# विधायक ने ग्रामीणों के समर्थन में दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** क्षेत्र में चल रही कोल कंपनियों से हक और अधिकार के लिए भाजपा के विधायक रोशनलाल चौधरी ने भी मोर्चा खोल दिया है। यहां ग्रामीणों की मांगों के समर्थन में भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी पहुंचे और कंपनी को मांगपत्र सौंपा इससे पूर्व स्थानीय भू-रैयतों ने भी विधायक को मांगपत्र सौंपा है। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा विधायक के जोरदार स्वागत किया गया। इस मांगपत्र में समान दर पर मुवाबजे का भुकतान, पेड़ कुवां सहित अन्य पर एकमुश्त भुकतान, कंपनी के द्वारा निर्धारित पेंशन में संशोधन करते हुए एक एकड़ तक जमीन वाले रैयतों को पांच हजार रुपये और एक एकड़ से ज्यादा जमीन वाले रैयत को साढ़े सात हजार रुपये कर के भुकतान करने, स्थानीय रैयतों को रोजगार से जोड़ने और क्षेत्र में मुलभुत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने सहित ग्यारह सूत्री मांगपत्र सौंपा है। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए विद्यायल रोशनलाल ने कहा की मैं क्षेत्र की जनता को उनका उचित अधिकार दिलाकर रहूंगा। कंपनियों को स्थानीय भू-रैयतों को उचित मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। मौके पर आजसू के प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा कर्मचारी साव, बालगोविन्द सोनी, बलराम सोनी, तेजो साव, महेंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार गुप्ता, भोला महतो, प्रेमचंद महतो, सिकेंद्र यादव, परमेश्वर महतो, मनोहर साव, दीपक कुमार दीन्हा सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में चालक की मौत

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बिती रात शुक्रवार को समय लगभग 11:55 रात्रि को गाड़ी हजारीबाग से सीमेंट लोड करके टंडवा जा रहा था। इस दौरान 13 माइल के ऊपर बुढ़ना घाटी अमंझरिया के पास पलट गया दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें ड्राइवर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।मृतक चालक की पहचान राजू कुमार उम्र लगभग 21 वर्ष पिता का नाम शिवनंदन यादव, ग्राम- पाठक बिघा ; पोस्ट- बरपा; थाना -पौथू ; जिला- औरंगाबाद - बिहार, के रूप में किया गया। उपरोक्त घटनाक्रम बचाव राहत कार्य में सीआईएसएफ की पुलिस और स्थानीय लोगों द्वारा बचाव राहत कार्य किया गया। मामले को लेकर बड़का गांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया है।

## विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजित

**इचाक (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को डाढ़ा पंचायत सचिवालय में निशुल्क दवा वितरण पशुपालकों के बीच किया गया। बता दे की यह वितरण पंचायत की मुखिया सुनीता देवी के सहयोग से किया गया। जिसमें 73 पशुपालकों ने मवेशियों के लिए दवा प्राप्त किया। मुखिया सुनीता देवी ने बताया कि डाढ़ा पंचायत ग्रामीण क्षेत्र में आता है। यहां प्रत्येक घर में मवेशी पाले जाते हैं। एक बकरी से लेकर गाय तक लगभग प्रति ग्रामीणों के घर में देखा जाता है। कई बार देखा जाता है कि मवेशी बीमार पड़ जाते हैं ऐसी स्थिति में उनके पास समय से दवाइयां नहीं मिल पाती है और मवेशियों की तबीयत अधिक खराब होने से मौत तक हो जाती है। इसी को देखते हुए पशुपालन विभाग के द्वारा विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन डाढ़ा पंचायत सचिवालय में किया गया। जिसमें पशु से संबंधित चिकित्सक और पशु विशेषज्ञों ने पशुओं की देखरेख और उससे संबंधित जानकारियां भी पशुपालकों दी। इस विशेष पशु चिकित्सा सिविर में मुख्य रूप से प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी नकुल मोदी, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि और समाजसेवी दयानंद कुमार, उप मुखिया मिथलेश मेहता, राजेंद्र कुशवाहा, सुरेश महतो, गानो प्रसाद मेहता आदि मौजूद थे।

# ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी में अब बी फार्मा की होगी पढ़ाई

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** शहर के सदानंद रोड, पीडब्ल्यूडी चौक स्थित बी फार्मा पाठ्यक्रम का प्रारंभ ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 2023-27 सत्र प्रारंभ हो गया। यह महाविद्यालय विनोबा भावे विश्वविद्यालय का पहला बी फार्मा महाविद्यालय है। ज्ञात हो कि फार्मेसी कॉउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा वर्ष 2023 में ही इस महाविद्यालय को मान्यता प्रदान किया गया था, लेकिन विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा अभी वर्तमान में इसका संबंधन संबंधी अधिसूचना जारी किया गया है। उक्त महाविद्यालय में डिप्लोमा-इन-फार्मेसी की पढ़ाई वर्ष 2019 से ही संचालित हो रही है। वर्तमान में बी फार्मा करने वाले छात्र सरकारी क्षेत्रों में फामाकोपिया कमीशन, पीसीआई और अन्य स्टेट फार्मेसी कॉउंसिल के माध्यम से रोजगार के कई मौके मिल रहे हैं। बी फार्मा के शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात रोजगार की असीम संभावनाएं, जिनमें फार्मासिस्ट सभी सरकारी हॉस्पिटलों में फार्मासिस्ट की नियुक्ति होती है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के द्वारा ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी को संबंधन प्राप्त हाने पर महाविद्यालय के प्राचार्या नीतू सिन्हा समेत प्रबंधन के सभी सदस्यों ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रशासन को धन्यवाद दिया है। प्रेस वार्ता को सचिव शंभु कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय पठन-पाठन की आधुनिक तकनीकों और उपकरणों से समृद्ध है, जिसका लाभ उठाकर विद्यार्थी अपना सैद्धांतिक और व्यवहारिक ज्ञानवर्धन कर सकते हैं। बी फार्मा के शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात विद्यार्थी सामान्य स्नातक डिग्री धारियों को मिलने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी रोजगार अवसरों के साथ-साथ मेडिकल क्षेत्र में एक बेहतर कैरियर का निर्माण कर सकते हैं। निदेशक विनय कुमार ने कहा कि महाविद्यालय ने आधुनिक शिक्षा के एक नए आयाम के तौर पर बी फार्मा का संबंधन प्राप्त कर एक नया किर्तिमान स्थापित किया है जो मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए ज्ञानार्जन और कौशल विकास के प्रति दृढ़ संकल्पित है। मौके पर नीतू सिन्हा, रंजन कुमार, सुखदेव कुमार कुशवाहा, मनोज कुमार मेहता, शिल्पा कुमारी, गुंजन प्रकाश, रंजीत कुमार, चन्द्र भूषण ओझा, काजल कुमारी, मारिया जबीन, अनिता कुमारी, स्नेहा कुमारी, ममता गुप्ता, मनोज कुमार, गौतम कुमार, पम्मी कुमारी, गायत्री कुमारी, आस्था कुमारी उपस्थित थे।

## बाल विवाह पर रोक को लेकर जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ

# आधुनिक समाज के विकास में बाल विवाह है बड़ी चुनौती : इश्तियाक

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** जिला समाज कल्याण विभाग हजारीबाग के तत्वावधान में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल विवाह निषेध अधिकारों का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को नगर भवन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करने के बाद जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने स्वागत भाषण से किया।

कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों और बाल विवाह निषेध अधिकर के दायित्व और भूमिका विषय को लेकर सभी अधिसूचित नियुक्त बाल विवाह निषेध अधिकारों को बाल विवाह के कारण, बाल विवाह के परिणाम, अपराध, निषेधाज्ञा, शुन्यकरण, गुजारा भत्ता और बच्चें की अभिरक्षा, देखरेख और संरक्षण के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारों को उनकी भूमिका, बाल विवाह की रोकथाम में पुलिस की भूमिका, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, झारखंड बाल विवाह प्रतिषेध नियमावली 2015 और माननीय सर्वोच्च न्यायालय की बाल विवाह विषय पर अवधारणाएं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने कहा कि आधुनिक समाज के विकास में बाल विवाह बड़ी चुनौती है। आज भी बाल विवाह कई समुदायों में सामाजिक परंपरा के स्वरूप में प्रचलित है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का एक निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह रोकने के लिए प्रखंड स्तर पर अधिकारों को इसके संबंध में कई अधिकार दिये गये हैं। कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गौरव खुराना ने कहा कि बाल विवाह करना या होने देना दोनों स्थिति में जुर्म है। यदि किसी बच्चे का बाल विवाह कम उम्र में हुआ हो तो वह न्यायालय की शरण में जाकर अपने विवाह को शून्य करवा सकते हैं। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह को रोकने और इससे संबंधित प्रावधानों से लोगों को जागरूक करने का शपथ दिलाया। कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना, योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, एनयूएमवी यूनिसेफ के सीपीओ गौरव, सभी अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिका, सभी पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने आरोप को निराधार बताया



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी मंडल भाजपा अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने प्रेस वार्ता आयोजित कर अपने ऊपर लगाये गये आरोप को बेबुनियाद और निराधार बताया। बताते हैं कि विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी नित्यानंद दास की शिकायत पर मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना में मामला दर्ज कराया गया है जिसमें विष्णुगढ़ थाना में मामला दर्ज किया गया है मंडल अध्यक्ष ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर खुद के ऊपर लगाये गये आरोप को बेबुनियाद बताया है। कहा कि हमने न तो किसी के साथ मारपीट की है ओर न ही गाली-गलौज किया। इस तरह के आरोप का खंडन करते हुए कहा कि एक लाचार व्यक्ति के एलपीसी निर्गत करने की दरख्वास्त की। लाचार व्यक्ति की बेटी की शादी के बाबत जमीन बेचने को लेकर एलपीसी निर्गत करने की बात कही थी। अंचल कर्मी द्वारा एलपीसी निर्गत करने में आनाकानी कर रहे थे। इसी संबंध में बातचीत हुई। हमने अंचल कर्मी के गाल पर हाथ फेरा है मारपीट नही की। इसी बात को लेकर अंचल अधिकारी मुझे बुलाकर बेइज्जत किया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कक्ष के उद्घाटन के दिन से अंचल कर्मियों का व्यवहार अजीब लग रहा था जिसका आज शिकार हुआ। इस मामले को लेकर मंडल अध्यक्ष ने शीघ्र आंदोलन करने की बात कही। इस संबंध में अंचल अधिकारी नित्यानंद दास से पूछे जाने पर कहा कि आरोप निराधार है। मौके पर भाजपा के सुनील मिश्रा, दीपू भाई, शम्भूनाथ पांडेय, अनूप कसेरा, प्रभु विश्वकर्मा, सुशील मंडल, पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार, महादेव मंडल, रजित यादव, शिबू सोरेन, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, महादेव देहाती, दीपू अकेला, टाटीझरिया मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, मिथिलेश पाठक, निर्मल कुमार, सुधीर कुमार, राजू यादव आदि उपस्थित थे।

## श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में श्री श्री 1008 श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर जयनगर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत ग्राम पहरीडीह में शनिवार को यज्ञाचार्य सह आचार्य बसंत शास्त्री महाराज, पंडित विष्णु कांत शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पूर्व ढोल बाजे के साथ नगर भ्रमण किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो। जय जय श्री राम, हर हर महादेव, जय माता दी आदि नारों के साथ क्षेत्र भक्ति मय हो गया। जिसमें मुख्य रूप से यज्ञाचार्ज सह आचार्य बसंत शास्त्री महाराज ने कहा कि आज से पूरे गांव में मांस, मछली, मदिरा आदि का सेवन वर्जित हो गया। यज्ञ करने से आशुरी शक्तियों का विनाश होता है। झंडा रोहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद मोदी, सेनिशिक्षक सुरेंद्र मोदी, महेश पांडेय, सतीश पांडेय, बंशीधर बर्णवाल, सदानंद सिंह सहित कई लोगों को समिति के पदाधिकारियों के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष राज नारायण सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, सचिव राजकुमार स्वर्णकार, उप सचिव महादेव साव, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र पंडित, महावीर साव, बासुदेव स्वर्णकार, अनिल सिंह, विवेक साव, तापेश्वर सिंह, दिलीप साव, आदित्य साव, विजय सोनी, पृथ्वीराज सिंह, प्रवीण सोनी, सुरेंद्र सोनी, रामधनी पंडित, त्रिभुवन पंडित, सुरेंद्र सोनी, विक्की सोनी, पिंटू पंडित, जितेंद्र पंडित, करण सिंह, त्रिभुवन पंडित, परमेश्वर पंडित सहित सभी ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद थे।

## डीएवी कोडरमा ने लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी कोडरमा की प्रातः कालीन सभा में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डीएवी की वैदिक परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि जिला परिवहन अधिकारी विजय कुमार सोनी, विशिष्ट अतिथि डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस दिवाकर कुमार, गणमान्य अतिथि मोटर वाहन निरीक्षक कुमार सानू यादव और सिटी मैनेजर हिमांशु कुमार को तिलक लगाकर और पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। उसके पश्चात मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, सभी गणमान्य अतिथियों और प्राचार्य महोदय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ पूरे विद्यालय परिवार को कुंदन राज ने दिलायी। यातायात के नियमों को अनदेखा करने से होने वाली परेशानियों और पारिवारिक कष्ट को एक लघु नाटिका के रूप में सक्षम और उनके समूह ने प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी से अपील किया कि हमें हमेशा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। दोपहिया वाहनों को चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए और चार पहिया वाहनों को चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगनी चाहिए। इस अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन इशू, अनन्या प्रिया और समृद्धि वर्मा ने करवाया। जिसमें यातायात और सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे गये। सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों का पालन कैसे करना चाहिए, इसे सरलता से नृत्य के रूप में प्रियंका और उनके समूह ने प्रस्तुत किया। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए लघु नाटिका, प्रश्नोत्तरी और नृत्य के सभी बच्चों को विशिष्ट अतिथि, मुख्य अतिथि और गणमान्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार भी बांटे गये। मंच संचालन आराध्या और आकांक्षा त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर वॉलीबॉल और खो-खो प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि सुगम यातायात और दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए यातायात के नियमों का पालन करना बहुत आवश्यक है। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कुमार सतीश सिंह ने किया।

## राज स्कूल में अभिभावकों की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राज इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को पीटी 3 का परीक्षा फल घोषित किया गया और अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कक्षा नर्सरी से आठवी कक्षा के बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। कक्षाओं के आवधिक मूल्यांकन 3 के परिणाम उत्कृष्ट रहे, शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों के प्रदर्शन की जानकारी दी और बच्चों की परिणाम रिपोर्ट साझा की। पीटीएम के दौरान अभिभावक बच्चों के परिणाम से और स्कूल के प्रदर्शन और शिक्षकों की मेहनत से काफी खुश और संतुष्ट नजर आये। विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल घोष ने इस शानदार परिणाम के लिए सभी अभिभावकों को बधाई दी। स्कूल के सचिव सिद्धार्थ सिंह और निर्देशक सम्पा सिंह ने माता-पिता को धन्यवाद दिया। सभी माता-पिता ने विद्यालय के सभी शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 19 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# काम के लिए ठेकेदार को पूर्णिया से बुलाया रामगढ़, कर लिया अपहरण

**पुलिस की सक्रियता से अपहरणकर्ताओं के चंगुल से रिहा हुआ ठेकेदार**

**पुलिस ने दो अपहरणकर्ताओं को किया गिरफ्तार, हथियार जब्त**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ में अपराधियों ने एक ठेकेदार का बड़े अनोखे तरीके से अपहरण कर लिया। उसे पहले काम का झांसा देकर पूर्णिया से रामगढ़ बुलाया। काम की बात करने के बाद अपराधियों ने ठेकेदार को रस्सी से बांध दिया और उसके मुंह पर टेप चिपका दिया। इसके बाद उसे 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी गयी। रामगढ़ पुलिस की सक्रियता से ठेकेदार अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त हुआ। साथ ही पुलिस ने दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार भी कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में बिहार राज्य के पटना जिला अंतर्गत बख्तियारपुर निवासी अमित कुमार पिता शशि भूषण सिंह और स्कॉर्पियों चालक रामगढ़ जिले के सांडी निवासी रवीश मुंडा शामिल हैं।

**रामगढ़ पहुंचे ठेकेदार को**

**अपराधियों ने लूटा :** इस मामले में रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि अमित कुमार ने पूर्णिया जिला निवासी ठेकेदार धनंजय कुमार सिंह को साथ में ठेकेदारी करने और पार्टनर के रूप में काम करने का झांसा दिया था। उसने बताया कि वह मूल रूप से पटना का रहने वाला है और फिलहाल वह कुछ महीनो से शहर के बाजार टांड़ एमएमटी ग्राउंड के पीछे एक मकान में वह किरायेदार के रूप में रह रहा था।

**प्यार से ले गया घर, फिर बना लिया बंधक :** धनंजय ने बताया कि रामगढ़ में एक टेंडर डालने के लिए ही शनिवार को उन्हें बुलाया गया था। वह शनिवार को पूर्णिया से भानु बस से यात्रा कर रामगढ़ पहुंचे थे। जब सुबह में पहुंचे तब तक अमित ने उनके साथ बहुत ही मित्रवत व्यवहार किया। लेकिन जब सारी प्रक्रिया को उसने समझा तो उसके बाद उसका असली चेहरा सामने आया। अमित ने धनंजय को स्पष्ट किया कि वह टेंडर डालने के लिए नहीं बल्कि फिरौती वसूलने के लिए उसे इस जाल में फंसा चुका है। अमित ने जब धनंजय की कनपटी पर पिस्टल रख दिया, तब उनके होश फाख्ता हो गये। अमित ने सबसे पहले धनंजय का मोबाइल छीना और फोन पे का पासवर्ड मांगा। हथियार के दम पर ही फोन पे का पासवर्ड लिया और 50 हजार रुपये अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिया। यहां तक की बैग में रखे गये लगभग 10000 नगद भी उन लोगों ने लूट लिए।

**ब्लैक स्कॉर्पियों पर बिठाकर किया ठेकेदार का अपहरण:** अमित और उसके साथी रवीश मुंडा ने ब्लैक स्कॉर्पियों जेएच 01 एफ डब्ल्यू 4543 पर बिठाकर ठेकेदार धनंजय कुमार सिंह का अपहरण किया था बस स्टैंड से यही ब्लैक स्कॉर्पियों से वे बाजारटांड़ तक पहुंचे थे। जिस वक्त पुलिस ने वहां छापेमारी की वह स्कॉर्पियो गाड़ी वहीं खड़ी थी।

**अमित के पास से मिला रिवाल्वर और नशीला इंजेक्शन**

पुलिस ने छापेमारी के दौरान अमित के पास से एक पिस्तौल और नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। नशे का इंजेक्शन अमित खुद लेता था। जो रिवाल्वर पुलिस ने जप्त की है, उसी के बल पर धनंजय कुमार से फिरौती मांगी जा रही थी।

## बस स्टैंड से स्कॉर्पियो में ठेकेदार को बिठाया

अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त होने के बाद ठेकेदार धनंजय कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि वह सुबह 5 बजे बस से रामगढ़ पहुंचा था। बस स्टैंड में अमित ने उसे स्कॉर्पियों में बिठाया और अपने ठिकाने पर ले आया। यहां उसने पहले काम की बात की और नफा नुकसान का जायजा लिया। इसके बाद उसकी कनपटी पर हथियार सटा उसके मोबाइल से पहले 50 हजार ट्रांसफर किया। साथ ही नगदी भी लूट लिए। बाद में 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी।

## 3 वर्षों से अमित का था ठेकेदार धनंजय के साथ संबंध

रामगढ़ शहर के बाजारटांड़ में जिस अपराधी को अपहरण के मामले में पुलिस ने पकड़ा है, वह बहुत शातिर निकला। अपराधी अमित कुमार रामगढ़ से पहले पूर्णिया जिले में भी किराए के मकान पर रहता था। इसी दौरान उसका संबंध ठेकेदार धनंजय कुमार सिंह के साथ बना था। वह दोनों दोस्त बने, क्योंकि उन दोनों के जाननेवाले कई और दोस्त भी उनके बीच मौजूद थे। धनंजय और अमित के बीच लगातार बातचीत चलती आ रही थी। पिछले 10 महीने से अमित जब पूर्णिया छोड़कर रामगढ़ आया, तो वह लगातार धनंजय को पार्टनरशिप में काम करने का प्रलोभन देता आ रहा था। इलेक्ट्रिकल क्षेत्र में ठेकेदारी कर रहे धनंजय कुमार सिंह को अमित ने रामगढ़ में भी टेंडर डलवाने के लिए ही बुलाया था। इस मामले का खुलासा धनंजय कुमार सिंह ने खुद पुलिस के समक्ष किया है।

## सीएचसी मांडू में 22 जनवरी से लगेगा स्वास्थ्य मेला



मांडू (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू परिसर में 22 जनवरी से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। आयोजित प्रखंड स्वास्थ्य मेला को सफल बनाने के लिए प्रखंड समन्वय समिति की बैठक शनिवार को प्रखंड परिसर में बीडीओ रितिक कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रश्मि रोमिला सांगा बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर अस्पताल परिसर में आयोजित स्वास्थ्य मेला में एक से बढ़कर एक अनुभवी चिकित्सक लोगों का स्वास्थ्य जांच करेंगे। इस क्रम में सभी लोगों को प्रखंड अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रदर्शनी स्टॉल में लगायी जायेगी, इसके अलावा विभिन्न प्रकार का जांच जिसमें बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, फाइलेरिया, एचआईभी आदि हैं। जांच के बाद लोगों के बीच निःशुल्क दवा का वितरण किया जायेगा। प्रभारी चिकित्सक डॉ सांगा ने सभी जनमानस को अस्पताल पहुंच कर स्वास्थ्य मेला का लाभ लेने की अपील की है। बैठक में मुख्य रूप से सीडीपीओ शैल बाला, बीपीएम राहुल कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय राम समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## अरगड्डा मोड़ पर सड़क जागरूकता कार्यक्रम



सिरका (आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिले के अरगड्डा बिरसा चौक बैगामोड़ पर सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए परिवहन विभाग रामगढ़ के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य रूप से अरगड्डा के समाजसेवी कृष्ण कुमार के सहयोग और पहल से यातायात जागरूकता कार्यक्रम को करवाया गया। अवसर पर मुख्य रूप से परिवहन विभाग के एमवीए मोनू मृणाल, एमवीए विपुल उरांव, सीसीएल सुरक्षा और गुणवत्ता पदाधिकारी अरगड्डा क्षेत्र एसके श्रीवास्तव, सुरक्षा अधिकारी रामगढ़ विकास कुमार, यातायात प्रभारी गजेंद्र पांडेय, एसआई मुन्ना कुमार सिंह, एएसआई शंकर सिंह सुरक्षा सिरका इंस्पेक्टर राजू राम आदि उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत करते वाले में समाजसेवी कृष्ण कुमार, तपन बनर्जी, रविकांत बनर्जी ने पुष्पगुच्छ देकर किया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एमवीआई मोनू मृणाल ने कहा कि परिवहन विभाग लगातार यातायात के दौरान दुर्घटना कैसे शून्य हो इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरुक कर रहा है, अभी एक जनवरी से 31जनवरी 24 तक चलेगा। साथ ही आम जनमानस, चालक सड़क पर किन-किन सावधानियां को बरते इसके बारे में भी जानकारी दिया। वहीं सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र सुरक्षा और गुणवत्ता पदाधिकारी एसके श्रीवास्तव ने कहा कि गाड़ी चलाने के दौरान मोबाईल इस्तेमाल, नशापान, बेकाबू रफ्तार, अंडर एज चालकों के कारण दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। इससे असमय बच्चों युवाओं की मृत्यु हो रही है। जो अभिभावकों के लिए असहनीय है। इसके लिए यातायात नियम पालन करना जरूरी है। इधर अरगड्डा समाजसेवी कृष्ण कुमार ने कहा कि कोयला क्षेत्र अरगड्डा में सड़कों पर अक्सर असुरक्षा के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही है। सड़कों पर सेफ्टी की आवश्यक बिंदुओं को भी दर्शना और बनाने की जरूरत है। इसका उद्देश्य लोगों में सड़क पर चलने के नियमों का पालन भी करना होगा। रामगढ़ कला जत्था ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से लोगों में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। नुक्कड़ सभा में कलाकार देवधारी करमाली, मोतीलाल राम, लक्ष्मी देवी, सोनू करमाली, करण करमाली, महेंद्र करमाली, लखन करमाली, उषा बागे, छोटिया देवी, लक्ष्मी कुमारी, ग्रामीण कुलदीप बेदिया, शिवदेव बेदिया सोमिर डे तपन बनर्जी अमर मुण्डा इमरान अंसारी पप्पु खान हुसैन खान शंभू सागर लडडू खान जियाउल अंसारी कबीर खान मुमताज अंसारी चरका बेदिया समेत दर्जनों उपस्थित थे।

## 10वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदायी




भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। काथोलिक आश्रम उच्च विद्यालय भुरकुण्डा में शनिवार को 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मंच का संचालन वर्षा कुमारी और अलविन लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में 9वीं कक्षा व अन्य वर्ग के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर 10वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गान से किया गया। कार्यक्रम के दौरान दशम वर्ग की छात्रा नूर ए इनाया और आस्था गुप्ता ने बीते दिनों की खट्टी मीठी यादों को साझा किया। मौके पर फादर थॉमस ने कहा कि छात्रों को असफलता से कभी नहीं घबराना चाहिए। शिक्षक संजय किण्डो ने विद्यार्थियों से भविष्य की चुनौतियों का सामना करने का संदेश दिया। वहीं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भविष्य की योजनाओं के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत विदाई गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। धन्यवाद ज्ञापन राकेश कुमार बेदिया ने प्रस्तुत किया। मौके पर शमीर्ला मिंज, दीपक राम, नीलिमा हेमरोम, रूपा सिन्हा, चंद्रिका चौधरी, संजय किंडो, नेहा तिर्की, पवन ठाकुर, सुषमा टोप्पो, प्रिसिल्ला टोप्पो, राजेश पंडरवाणी, राजेश कुमार, अमृतलाल, पेत्रुस लकड़ा, खुशबु कुजूर, डेजी हंस, दिव्या, नीलिमा तिर्की, अजित कंडुलना, बासिल कुजूर, उषा किरण, संध्या एक्का, जुलिता एक्का, इलिजाबेथ कोंगाड़ी, दीपिका खेस, सुधीर मिंज सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थें।

## विधायक ने बनतारा मेला का किया उद्घाटन

# ऐतिहासिक है गोला का बनतारा मेला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गोला।** गोला का प्रसिद्ध बनतारा मेला का उद्घाटन शनिवार को किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन स्थानीय विधायक ममता देवी, जिप अध्यक्ष सुधा चौधरी मैं संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि गोला का प्रसिद्ध बनतारा मेला ऐतिहासिक है। यह मेला गोला ही नहीं इसके आसपास के क्षेत्र के लोग भी मेला का आनंद लेने आते हैं। यह मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। स्थानीय समुदाय को जोड़ने का माध्यम भी यह मेला है। उन्होंने कहा कि बनतारा मेला में शादी के लिए मुंह दिखायी का रस्म भी प्रचलित है। तत्पश्चात विधायक ने ड्रैगन झूला का आनंद लिया। मेला में टावर झूला, ट्रेन झूला, नव झूला, मीना बाजार लगाया गया है। इधर मेला के दौरान यातायात व्यवस्था पूरी तरह चौपट रहा। डीवीसी चौक पर दिनभर जाम लग रहा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुधा वर्मा, अंचल अधिकारी समरेश भंडारी, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, मानिक पटेल, कमलेश महतो, सुनील कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## राष्टीय जनता दल के सदस्यता अभियान को लेकर बैठक

कुंदा(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में सदस्यता अभियान को लेकर राष्ट्रीय जनता दल का बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं की विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपस्थित लोगों ने बारी बारी से अपने-अपने विचारों को साझा किया। तपश्चात सभी ने पूरे जोर शोर से ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन से जोड़ने और गरीबों के मसीहा, बिहार प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लालू प्रसाद यादव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात सदस्यता अभियान की शुरूआत भी की गयी। साथ ही कल दिनांक 19 जनवरी 2025 को हंटरगंज प्रखंड के जोरी आइटीआइ में वन भोज कार्यक्रम सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में टीबी जागरूकता कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कैथा में 100 दिवसीय टीबी अभियान के तहत शनिवार को टीबी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को टीबी बीमारी के लक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। पीरामल स्वास्थ्य के जिला समन्वयक अजय नारायण दुबे ने 100 दिवसीय निक्षय शिविर, टी बी स्क्रीनिंग, कैंपेनिंग अभियान के उद्देश्य के बारे में जागरूक करते हुए उपस्थित बच्चों और शिक्षकों को टीबी के लक्षणों, उपचार और रोकथाम के बारे में जानकारी दी। उन्हें यह भी बताया गया कि उच्च जोखिम वाले व्यक्ति या महिला जो पांच वर्ष के टीबी मरीजों, पिछले तीन सालों से टीबी के दवा खाएं मरीजों के सम्पर्क वाले, 60 वर्ष से अधिक के लोग, कुपोषित, स्मोकिंग करने वाले, सुगर के मरीज, इत्यादि का रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है अतः ऐसे लोगों की पहचान करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है और उनका चेस्ट एक्सरे, बलगम जांच निःशुल्क किया जा रहा है। टी बी एक गंभीर बीमारी है जो यदि समय पर उपचार न किया जाये तो जानलेवा हो सकती है। जिला यक्ष्मा विभाग रामगढ़ निःशुल्क चेस्ट एक्सरे, बलगम जांच करता है और निःशुल्क दवा वितरण करने के साथ 1000 रुपये मासिक मरीजों को पोषण के लिए दिया जाता है। अभियान से लोगों में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे इसके लक्षणों को पहचानकर समय पर उपचार करा पायेंगे। आपसे अपील हैं कि आप के परिवार या समाज में कोई टी बी के लक्षण वाले व्यक्ति या महिला मिलता है तो उसे नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर भेजे या सहिया दीदी से संपर्क को बतायें। उपस्थित लोगों को टीबी मुक्त रामगढ़ भारत के लिए शपथ भी दिलायी गयी। आज के कार्यक्रम में एस टी एस रुपलाल ठाकुर, एच वी सुशांत गौरव, वार्डेन अल्पना जी सभी शिक्षिका उपस्थित थे।

## अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई

# अवैध बालू भंडारण जब्त, आठ लोगों पर प्राथमिकी

**छापेमारी अभियान रहेगा जारी, संलिप्त लोगों को नहीं किया जायेगा माफ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध खनन टास्क फोर्स की टीम द्वारा लगातार भिन्न क्षेत्रों में छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को देर शाम प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर मयूरहण्ड अंचल क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहुर आलम के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी मयूरहंड मनीष कुमार, थाना प्रभारी मयूरहंड अमित कुमार और खान निरीक्षक राजेश हंसदा, जिला खनन कार्यालय के द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलायी गयी। छापेमारी अभियान के पश्चात अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम ने बताया कि मयूरहंड अंतर्गत मौजा सोकी और सुगी स्थित बराकर नदी घाट विभिन्न स्थलों पर अवैध बालू खनिज का उत्खनन परिवहन/भंडारण के विरुद्ध संयुक्त रूप से अवैध बालू खनिज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौजा सोकी और सुगी स्थित भिन्न-भिन्न स्थलों पर 70,400 सीएफटी लगभग 704 ट्रैक्टर अवैध बालू का भंडारण पाया गया। जिसे जब्त करते हुए अवैध खनन परिवहन और भंडारण में संलिप्त कुल 8 लोगों और कई अन्य अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसके अलावे दूसरी जगह पर लगभग 36700 सीएफटी भंडारण पाया गया है। इस मामले में संवेदक द्वारा भंडारण के लाइसेंस होने का दावा किया, इसके आलोक में दावे की सत्यता की जांच की जा रही है। जांच में अवैध बालू भंडारण पाया जाता है तो प्राथमिकी दर्ज करते हुए कठोर कार्रवाई की जायेगी। आगे अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा अवैध बालू का खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगी। किसी भी सूरत में अवैध खनन परिवहन और भंडारण में संलिप्त लोगों को माफ नहीं किया जायेगा। साथ ही सभी आमजनों से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई आमजन को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण से संबंधित सूचना मिलती है तो अविलंब इसकी जानकारी हमें या खान निरीक्षक, खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी को दें। सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जायेगा।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
CCL
Fuelling Sustainable Growth

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## हरिवंश राय बच्चन की मनी पुण्यतिथि



कुजू (आजाद सिपाही)। सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुजू में हिंदी के मूर्धन्य कवि डॉ हरिवंश राय बच्चन की पुण्यतिथि पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय हिंदी साहित्य में डॉ हरिवंश राय बच्चन का योगदान। सेमिनार में मुख्य रूप से विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव और हिंदी के वरीय शिक्षक ब्रह्मदेव महतो रहे। मौके पर शिक्षक ब्रह्मदेव महतो ने कहा कि हरिवंश राय बच्चन आधुनिक हिंदी साहित्य के सुप्रसिद्ध कवि, लेखक और अनुवादक थे। वे हिंदी कविता के उत्तर छायावाद कल के प्रमुख और व्यक्तिवादी गीत कविता या हालावादी काव्य के अग्रणी कवियों में से एक थे। मधुशाला, क्या भूलूं क्या याद करूं, मधुकलश, सतरंगिनी आदि सहित सैकड़ों साहित्य उन्होंने लिखा था। इससे पूर्व, विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने डॉ हरिवंश राय बच्चन के जीवन और साहित्यिक परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ बच्चन की रचनाएं हिंदी साहित्य की अनमोल धरोहर हैं। इन्होंने हिंदी की प्रत्येक विधाओं में अपने साहित्य लिखा है। उनकी साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण, साहित्य अकादमी पुरस्कार, के साथ ही विदेशों में भी सम्मान मिला। डॉ बच्चन के साहित्य पर शोध किए जाते है और वे भले ही आज हम सबके बीच नहीं है। परंतु उनकी रचनाएं कालजई हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

## पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का होगा आयोजन



टंडवा (आजाद सिपाही)। स्थानीय चुंदरु धाम परिसर में खेल प्रेमियों की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता रवीन्द्र बक्शी और संचालन उपेन्द्र पांडेय ने की। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट आगामी 26 जनवरी से हाई स्कूल मैदान में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर खेलो टंडवा क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी का गठन किया गया। नवगठित कमेटी के अध्यक्ष उपेन्द्र पांडेय, सचिव महेभ महतो, कोषाध्यक्ष रौशन अंसारी, उपाध्यक्ष रविद्र बक्शी व दिनेश यादव, उपसचिव नदां थापा और मुकेश दास, मीडिया प्रभारी कुलदीप कुमार दास और संरक्षक रुदेश कुमार नायक सर्वसम्मति से चुने गये। इसके अलावा सदस्यों में हेमंत यादव, अभिरका नायक, सुरेन्द्र सोनी, गुलाम मुस्तफा, रामाशीष प्रजापति, शहबाज आलम, मजहर अंसारी, विकास कुमार पांडेय, रवि कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, कुंदन पासवान, प्रमोद वर्मा, रामकुमार यादव, सुरेन्द्र नायक, पवन पासवान, मो हातिम का नाम शामिल है।

## बाल विद्या मंदिर में विदाई समारोह का आयोजन



कुजू (आजाद सिपाही)। बाल विद्या मंदिर, आरा में 10वीं वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय अध्यक्ष रति महतो और सदस्य वाहिद अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्राचार्य रंजीत सिंह ने कहा कि हमें उन लोगों को भी अलविदा कहना पड़ता है, जिनकी हम परवाह करते हैं। साथ ही, बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मैट्रिक परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पल भावुक करने वाला पल है। लेकिन विद्यार्थियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम है। मंच संचालन कर रही शिक्षक पुष्पिता कुमारी ने कहा कि अलविदा समारोह बच्चों के नये अध्याय के लिए आवश्यक है। वहीं, कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही शिक्षक सुनीता कुमारी ने कहा कि बच्चे अपने सकारात्मक दृष्टिकोण को सदैव बनाये रखें। मौके पर दुलालचंद कुशवाहा, कोलेश्वर महतो, धनेश्वर महतो, बैजनाथ प्रसाद, बबीता कुमारी, सविता कुमारी, सोनी गुप्ता, रीता कुमारी समेत 10वीं वर्ग के विद्यार्थी शामिल रहे।

## झामुमो नेता ने लोगों के बीच बांटे कंबल



उरीमारी (आजाद सिपाही)। गरसुला पंचायत के अंबाटोला में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया के द्वारा लगातार ठंड को देखते हुए असहाय वृद्ध लोगों के बीच में कंबल का वितरण कर रहे है। मौके पर संजय करमाली, मनु करमाली, शंकर गोप, शिवशंकर करमाली, कन्हैया उरांव, मोहन मांझी, रामलाल बेदिया, लाल देव मांझी, ओम प्रकाश मुंडा, भुवनेश्वर उरांव, साहिल टुडू आदि उपस्थित हैं। कंबल लेने वालों में जमनी देवी, पानपती देवी, लालमुनि देवी, फुलपती देवी, मंझली देवी,हेमंती देवी, लालधारी गोप, पार्वती देवी,गंगीया देवी,मंगरी देवी,बीरु उरांव,लोधा उरांव, पारस नाथ उरांव, बिरसी देवी, मंती देवी, चंपा देवी, दुखनी देवी, मनी देवी, चिंता देवी, पदारथ मुंडा, बसंती देवी, बिजली करमाली, बिलासो देवी, सोमर मांझी, सुरती देवी, रतनी देवी, जिरवा देवी, जगरनाथ बेदिया, कन्हैया गोप, रेखा देवी, शांति देवी, पिंकी देवी, मुनिया देवी आदि उपस्थित थे।

## अवैध पोस्ते की खेती को किया गया नष्ट

हंटरगंज/चतरा(आजाद सिपाही)। वन क्षेत्र पदाधिकारी सुर्य भूषण कुमार के निर्देशानुसार हंटरगंज प्रक्षेत्र के वनकर्मी और जोरी थाना के साथ पोस्ता विनिष्टीकरण अभियान चलाया गया। जिसमें सजनी ग्राम के पूर्णा पानी, लुकवा पानी, बेरिया ढोढ़ा में लगे करीब 3 एकड़ वन भूमि और गैर वन भूमि में लगे अवैध पोस्ता/ अफीम की खेती को ट्रैक्टर के माध्यम से जोत कर विनष्ट किया गया। इस अभियान में जोरी थाना के अवर निरीक्षक विधायक प्रसाद यादव, वनकर्मी, कपिल देव कुमार मेहता, रितेश बाखला, राजीव रंजन और होमगार्ड के जवान और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :- **ई-निविदा सं.:** C-710-TKS-3-GCT (1) **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** टोकीसूद-3-(TKS)स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास (2) **टोकीसूद स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत:** रू० 49,55,02,347/- (3) **ब्याने की राशि:** रू० 4,95,50,300/- (4) **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई-निविदा बंद होने की तारीख 11.02.2025 को 15:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख 11.02.2025 को 15:30 बजे से। (5) **वेबसाइट, का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। **मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल/धनबाद**
पीआर/01944/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24-25/28

# वेतन आयोग से जुड़े सवाल

आठवें वेतन आयोग को मंजूरी देने के केंद्र सरकार के फैसले ने स्वाभाविक ही सरकारी कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ा दी है। यह बात भी सही है कि आयोग के फैसले लागू होने से अर्थव्यवस्था को भी सहारा मिलेगा, जो खासतौर पर पिछली दो तिमाहियों से कुछ संघर्ष करती दिख रही है, लेकिन इन बातों के साथ नौकरशाही और सरकारी अमले को लेकर कुछ चिंताएं भी हैं, जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि देश में सरकारी तंत्र के जरिए जनकल्याण की स्कीमों को लागू कर आम लोगों के जीवन में क्वॉलिटी लाने वाले कर्मचारियों का वेतन भी संतोषजनक होना चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है कि महत्वाकांक्षी और योग्य युवाओं की दिलचस्पी इन सेवाओं में बनी रहनी चाहिए। सरकारी कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी इस लिहाज से भी जरूरी होती है कि इससे अर्थव्यवस्था में मांग को मजबूती मिलती है। यह बात इसलिए भी मायने रखती है, क्योंकि भारतीय इकॉनमी में कंजंपशन का योगदान 60 फीसदी के करीब है। इधर, अर्थव्यवस्था में मांग अपेक्षा के मुताबिक नहीं बढ़ रही है। ऐसे में आशा है कि जब आयोग के फैसले लागू होंगे, तो उससे अर्थव्यवस्था में डिमांड को मजबूती देने में मदद मिलेगी।

**सरकारी सेवाओं का आकर्षक बने रहना जरूरी है, लेकिन ऐसी स्थिति भी ठीक नहीं कि पढ़े-लिखे और योग्य युवा महज सरकारी नौकरी के इंतजार में अपने कीमती साल घर बैठे बर्बाद करने में समझदारी मानने लगें।**

**सुधार की जरूरत :** लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि अगर देश को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ना है तो बड़े सुधार टाले नहीं जा सकते। इनमें भूमि और श्रम सुधारों के साथ नौकरशाही पर बढ़ते खर्च पर लगाम लगाने की जरूरत को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

**सरकार के लिए खाली पद भरने की चुनौती :** पहले ही सरकारी कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और पेंशन के खर्च का बोझ इतना ज्यादा है कि सरकार के लिए खाली पदों को भरना एक चुनौती है। सरकारी सेवाओं का आकर्षक बने रहना जरूरी है, लेकिन ऐसी स्थिति भी ठीक नहीं कि पढ़े-लिखे और योग्य युवा महज सरकारी नौकरी के इंतजार में अपने कीमती साल घर बैठे बर्बाद करने में समझदारी मानने लगें। एक तरफ जॉबलेस ग्रोथ और दूसरी तरफ सरकारी भर्तियों पर अघोषित रोक से हालात गंभीर हो सकते हैं।

**संतुलित नजरिया :** ऐसे में खास तौर पर जरूरी हो जाता है कि फैसला करते समय जल्दबाजी न की जाये। सभी पहलुओं पर सावधानी से विचार करते हुए संतुलित नजरिया अपना कर आगे बढ़ने की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**कैलिफोर्निया राज्य के शहर लॉस एंजल्स के जंगलों में फैली आग भयावह रूप लेती जा रही है। अब तक इस आग की चपेट में 6 जंगल आ चुके हैं और इसका दायरा निरंतर बढ़ता जा रहा है। आग की वजह से अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 2 लाख से अधिक लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है। तेज हवा राहत कार्यों में बाधक बन रही है। 4 लाख से अधिक घरों की बिजली कटी हुई है।**

# हॉलीवुड जल कर हो रहा है खाक

**विनीत नारायण**



**अमेरिका में दक्षिणी कैलिफोर्निया में आग लगने का मौसम आमतौर पर मई से अक्टूबर तक माना जाता है, परंतु राज्य के गवर्नर गैविन न्यूसम ने मीडिया को बताया कि आग लगना पूरे साल की एक समस्या बन गयी है। इसके साथ ही इस आग को फैलाने का एक बड़ा कारण सेंटा एना हवाएं भी हैं, जो जमीन से समुद्र तट की ओर बहती हैं।**

आज से 50 साल पहले इस्कॉन के संस्थापक आचार्य स्वामी प्रभुपाद कार में कैलिफोर्निया हाइवे पर जा रहे थे। खिड़की के बाहर दूर से बहुमंजिला अट्टालिकाओं की कतार दिखायी दे रही थी। श्रील प्रभुपाद के मुंह से अचानक निकला कि इन लोगों ने रावण की सोने की लंका बना कर खड़ी कर दी है, जो एक दिन खाक हो जायेगी। जिस तेजी से लॉस एंजल्स का हॉलीवुड इलाका भयावह आग की चपेट में हर क्षण खाक हो रहा है, उससे 50 वर्ष पूर्व की गयी एक सिद्ध संत की भविष्यवाणी सत्य हो रही है। कैलिफोर्निया राज्य के शहर लॉस एंजल्स के जंगलों में फैली आग भयावह रूप लेती जा रही है। अब तक इस आग की चपेट में 6 जंगल आ चुके हैं और इसका दायरा निरंतर बढ़ता जा रहा है। आग की वजह से अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 2 लाख से अधिक लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है। तेज हवा राहत कार्यों में बाधक बन रही है। 4 लाख से अधिक घरों की बिजली कटी हुई है।

कैलिफोर्निया के इतिहास में इसे सबसे विनाशकारी हादसा बताया जा रहा है। शुरू में महज 10 एकड़ के इलाके में लगी यह आग कुछ ही दिनों में 17,200 एकड़ में फैल गयी। पूरे शहर में धुएं के बादल छाए हुए हैं। इस भयावह आग से अभी तक अनुमानित लगभग 135-150 अरब डॉलर (12 हजार अरब रुपयों) का नुकसान हो चुका है। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री पैरिस हिल्टन के मकान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। मालिबू नगर में समुद्र के किनारे बने फिल्मी सितारों के खूबसूरत घर अब मलबे में तब्दील हो चुके हैं और इनके केवल जले हुए अवशेष ही बचे हैं। अमेरिका की उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस का घर भी खतरे में है। इसके चलते उनके घर को भी खाली कराया गया है। राजनीति, उद्योग और सिने जगत की कई जानी-मानी हस्तियों के आलीशान मकानों को भी खाली करने के आदेश जारी हुए हैं।

**अमेरिका की उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस का घर भी खतरे में है। इसके चलते उनके घर को भी खाली कराया गया है।**

उल्लेखनीय है कि लॉस एंजल्स अमरीका की सबसे ज्यादा आबादी वाला काऊंटी है। यहां 1 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। कैलिफोर्निया में कई सालों से सूखे के हालात हैं। इलाके में नमी की कमी है। इसके अलावा यह राज्य अमेरिका के दूसरे इलाकों की तुलना में काफी गर्म है। यही वजह है कि यहां पर गर्मी के मौसम में अक्सर जंगलों में आग लग जाती है। यह सिलसिला बारिश का मौसम आने तक जारी रहता है। बीते कुछ सालों से हर मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले 50 सालों में कैलिफोर्निया के जंगलों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है। कैलिफोर्निया में जंगलों के पास रिहायशी इलाके बढ़े हैं। ऐसे में आग लगने पर नुकसान ज्यादा होता है।

1933 में लॉस एंजल्स के ग्रिफिथ पार्क में लगी आग कैलिफोर्निया की सबसे बड़ी आग थी। इसने करीब 83 हजार एकड़ के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था। करीब 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़ कर दूसरे शहरों में जाना पड़ा था। मौसम के हालात और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की वजह से आने वाले दिनों में इस आग के और भड़कने की आशंका जतायी जा रही है। अमेरिका की बीमा कंपनियों को डर है कि यह अमेरिका के इतिहास में जंगलों में लगी सबसे महंगी आग साबित होगी, क्योंकि आग के दायरे में आने वाली संपत्तियों की कीमत बहुत ज्यादा है। यदि आग के कारणों की बात करें, तो अमेरिकी सरकार के रिसर्च में स्पष्ट रूप से यह कहा गया है कि पश्चिमी अमेरिका में बड़े पैमाने पर जंगलों में लगी भीषण आग का संबंध जलवायु परिवर्तन से भी है।

पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती गर्मी, लंबे समय तक सूखा और प्यासे वायुमंडल सहित जलवायु परिवर्तन पश्चिमी अमेरिका के जंगलों में आग के खतरे और इसके फैलने की प्रमुख वजह रहे हैं।

अमेरिका में दक्षिणी कैलिफोर्निया में आग लगने का मौसम आमतौर पर मई से अक्टूबर तक माना जाता है, परंतु राज्य के गवर्नर गैविन न्यूसम ने मीडिया को बताया कि आग लगना पूरे साल की एक समस्या बन गयी है। इसके साथ ही इस आग को फैलाने का एक बड़ा कारण सेंटा एना हवाएं भी हैं, जो जमीन से समुद्र तट की ओर बहती हैं। माना जाता है कि करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की गति से चलने वाली इन हवाओं ने आग को अधिक भड़काया। ये हवाएं साल में कई बार बहती हैं। अमेरिका हो, भारत हो या विश्व का कोई भी देश, चिंता की बात यह है कि यहां के नेता कभी पर्यावरणवादियों की सलाह को महत्व नहीं देते। पर्यावरण के नाम पर मंत्रालय, विभाग और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सब कागजी खानापूर्ति करने के लिए हैं। कॉर्पोरेट घरानों के प्रभाव में और उनकी हवस को पूरा करने के लिए सारे नियम और कानून ताक पर रख दिये जाते हैं। पहाड़ हों, जंगल हों, नदी हो या समुद्र का तटीय प्रदेश, हर ओर विनाश का ऐसा ही तांडव जारी है। विकास के नाम पर होने वाले विनाश यदि ऐसे ही चलते रहेंगे तो भविष्य में इससे भी भयंकर त्रासदी आएगी। अमेरिका जैसे संपन्न और विकसित देश में जब ऐसे हादसे बार-बार होते हैं, तो लगता है कि वहां भी जाने-माने पर्यावरणविदों, इंजीनियरों और वैज्ञानिकों के अनुभवों और सलाहों को खास तवज्जो नहीं दी जाती। यदि इनकी सलाहों को गंभीरता से लिया जाये, तो शायद आने वाले समय में ऐसा न हो। एक शोध के अनुसार जलवायु परिवर्तन पर नजर रखने वाले यूएन के वैज्ञानिकों ने अक्टूबर 2018 में चेतावनी दी थी कि अगर पर्यावरण को बचाने के लिए कड़े कदम नहीं उठाये गये, तो बढ़ते तापमान की वजह से 2040 तक भयंकर बाढ़, सूखा, अकाल और जंगल की आग का सामना करना पड़ सकता है। दुनिया का कोई भी देश हो क्या कोई इन वैज्ञानिक शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों की सलाह को कभी सुनेगा?

## देश-विदेश की खबरें

# महाकुंभ में अब तक 7.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया संगम स्नान

**22 जनवरी को योगी कैबिनेट की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ का शनिवार को छठा दिन है। इस दिन तक 7.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ में 22 जनवरी को योगी कैबिनेट की बैठक होगी। सीएम योगी ने इसके लिए तैयारियां करने के लिए कहा है। 2019 के कुंभ में भी कैबिनेट बैठक हुई थी।

प्रयागराज शहर से संगम जाने वाले सभी रास्तों पर जाम लगा रहा। लोगों से अपील की जा रही है कि संगम न जायें। वहीं शहर में चारों तरफ भीषण जाम लगा हुआ है। अचानक भीड़ बढ़ने से संगम जाने वाले सभी रास्ते ब्लॉक हो गये थे। कई घंटे से सड़कों पर श्रद्धालु फंसे रहे।

देर रात शहर और महाकुंभ क्षेत्र में आर्मी और पुलिस के जवानों ने चेकिंग की। 18 संदिग्ध लोगों को पकड़ा। इनमें से कुछ के पास आधार कार्ड नहीं थे। कई को चोरी के शक में पकड़ा। सेक्टर-18 में बम की सूचना के बाद देर रात तक सर्च ऑपरेशन चला। सेक्टर-18 में बम की सूचना पर आधी रात तक पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बम डिस्पोजल स्क्वॉड की टीमों ने सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला। सफाईकर्मी के पास दोपहर में कॉल आयी थी कि सेक्टर-18 में थोड़ी देर में ब्लास्ट होगा। पुलिस कॉल डिटेल निकलवा रही है।



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डुबकी लगायी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दोपहर में संगम में डुबकी लगायी। उनके पहुंचने से पहले आर्मी ने पूरे किला घाट को अपने कब्जे में ले लिया था। राजनाथ साधु-संतों से मुलाकात और सेना के अफसरों के साथ मीटिंग भी करेंगे।

# राजद तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार विधानसभा के चुनाव मैदान में उतरेगा

**राजद की बैठक में शामिल नहीं हुए जगदानंद सिंह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** राजद तेजस्वी यादव के नेतृत्व में ही बिहार विधानसभा के चुनाव मैदान में उतरेगा। यद्यपि यह पहले से भी लगभग तय-सा ही था, लेकिन शनिवार को प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन के इस प्रस्ताव पर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने अपनी अंतिम मुहर लगा दी। इसके लिए आभार प्रकट करते हुए तेजस्वी ने कहा कि वे पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद के नेतृत्व में राजद को सत्ता तक ले जाने के लिए उत्साही युवा और अनुभवी पुरानी पीढ़ी के साथ तालमेल बनाकर अथक परिश्रम करेंगे। तेजस्वी के अब तक के प्रयास की प्रशंसा करते हुए लालू ने आशा जताई कि वे राजद को नई ऊंचाई तक लेकर जाएंगे। इसके बाद अघोषित रूप से यह भी तय हो गया कि चुनाव में महागठबंधन का नेतृत्व तेजस्वी ही करेंगे। राजद के साथ महागठबंधन में अभी कांग्रेस, तीनों वाम दल और विकासशील इंसान पार्टी घटक हैं। पटना में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का छह वर्षों में यह दूसरा अवसर रहा। हालांकि, इस बार बैठक में अस्वस्थ होने के कारण प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह उपस्थित नहीं रहे।

# ईरान के सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की हत्या, हमलावर ने सुसाइड किया



**तेहरान।** तेहरान में शनिवार को ईरान के सुप्रीम कोर्ट में एक शख्स ने गोलीबारी की। इस हमले में 2 जजों की मौत हो गयी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने दावा किया है कि जजों को उनके कमरों में घुसकर मारा गया है। दोनों जज नेशनल सिक्योरिटी, आतंकवाद, जासूसी के मामलों की सुनवाई कर रहे थे। दोनों पर गोली चलाने के बाद हमलावार ने सुसाइड कर लिया। पूरी घटना में एक और जज भी घायल हुआ है। इसके अलावा एक बॉडीगार्ड भी घायल हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बज कर 45 मिनट पर हुआ। सुप्रीम कोर्ट के जिन जजों को निशाना बनाया गया, उनकी पहचान अली रजिनी और मोघीसेह के तौर पर हुई है। ये ईरानी न्यायपालिका के वरिष्ठ जजों में शामिल थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादा फांसी की सजा सुनाये जाने के चलते दोनों जजों को हैंगमैन कहा जाता था।

# इजराइल कैबिनेट ने हमास से सीजफायर को मंजूरी दी, आज से शुरू होगा युद्ध विराम

**तेल अवीव।** इजराइल की कैबिनेट ने शनिवार हमास के साथ सीजफायर डील को मंजूरी दे दी है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक यह युद्ध विराम रविवार से लागू होगा। इजराइली मंत्रियों ने समझौते के पक्ष में 24-8 मतों से मतदान किया। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस ने शनिवार सुबह बयान जारी कर कहा सरकार ने बंधक वापसी की योजना को मंजूरी दे दी है। ये डील 3 फेज में पूरी होगी। पहले फेज में हमास इजराइल से किडनैप किए गये 33 बंधकों को रिहा करेगा। साथ ही इजराइली सेना गाजा की सीमा से 700 मीटर पीछे लौटेगी। इजराइल में न्याय मंत्रालय ने भी 95 फिलिस्तीनी कैदियों की लिस्ट जारी की है, जिन्हें रविवार को रिहा किया जायेगा। इनमें 69 महिलाएं, 16 पुरुष और 10 नाबालिग शामिल हैं। इजराइल 700 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इनके नाम की लिस्ट भी जारी की गयी है। इस लिस्ट में शामिल कई लोग हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं, जिनमें हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद सदस्य भी शामिल हैं। बता दें कि हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल में घुस कर 1200 लोगों को मार डाला था और 251 को बंधक बना लिया था। इसके बाद इजराइली सेना ने गाजा पर हमला बोल दिया था।

# ट्रंप का शपथ ग्रहण खुले में नहीं होगा

**वॉशिंगटन।** नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का शपथ ग्रहण समारोह 20 जनवरी को भीषण ठंड की वजह से खुले में नहीं होकर यूएस कैपिटल हिल (संसद) के अंदर होगा। रॉयटर्स के मुताबिक 40 साल में यह पहली बार होगा जब अमेरिकी राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह संसद के भीतर किया जायेगा। ट्रंप के शपथ ग्रहण के दौरान तापमान माइनस 7 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर कहा, 'देश में आर्कटिक (नॉर्थ पोल के पास) का बर्फीला तूफान चल रहा है। मैं नहीं चाहता कि लोग किसी भी तरह से घायल हों। इसलिए मैंने प्रार्थना और अन्य भाषणों के अलावा उद्घाटन भाषण भी कैपिटल रोटुंडा (कैपिटल हिल इमारत के अंदर बना गोलाकार कमरा) में दिये जाने का आदेश दिया है।' ट्रंप ने कहा- हर कोई सुरक्षित रहेगा, हर कोई खुश रहेगा और हम सब मिल कर अमेरिका को फिर से महान बनायेंगे।

# आप का आरोप : केजरीवाल की गाड़ी पर पत्थर से हमला

**काले झंडे लिये लोग गाड़ी के पास पहुंचे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर हमला होने का दावा किया है। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका वीडियो पोस्ट किया है। इसमें कुछ लोग काले झंडे दिखाते हुए केजरीवाल की गाड़ी के बेहद करीब पहुंच गये और पत्थरबाजी करने लग गये। दरअसल, केजरीवाल नयी दिल्ली क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे थे। आप ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते समय केजरीवाल पर ईंट-पत्थर से हमला किया। उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की, ताकि वो प्रचार ना कर सकें। केजरीवाल इस कायराना हमले से डरने वाले नहीं हैं। दिल्ली की जनता इसका करारा जवाब देगी। इससे पहले 30 नवंबर 2024 को दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में केजरीवाल पर एक शख्स ने पानी फेंका था। समर्थकों ने मौके पर ही आरोपी की पिटाई कर दी थी।

**भाजपा बोली-पूर्व सीएम ने कार्यकर्ताओं पर गाड़ी चढ़ायी :** भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल पर पार्टी कार्यकर्ताओं पर गाड़ी चढ़ाने का आरोप लगाया है। प्रवेश ने कहा कि जब भाजपा कार्यकर्ता सवाल पूछ रहे थे, तब केजरीवाल ने अपनी गाड़ी से तीन युवकों को टक्कर मार दी। दोनों को लेडी हार्डिंग अस्पताल ले जाया गया। हार सामने देख कर वह लोगों की जान की कीमत भूल गये। लेडी हार्डिंग अस्पताल के डॉक्टर प्रशांत ने बताया कि तीनों भाजपा कार्यकर्ताओं के पैरों में चोट आयी है। अभी उन्हें फर्स्ट एड दिया गया है। उनकी जांच की जा रही है।

# सैफ अली खान हमले का संदिग्ध छत्तीसगढ़ से हिरासत में लिया गया, की जा रही पूछताछ

**करीना ने पुलिस से कहा- सैफ महिलाओं-बच्चों को बचाने आये, हमलावर ने कई वार किये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुंबई।** मुंबई में सैफ अली खान पर हमले के मामले में एक संदिग्ध को दुर्ग आरपीएफ हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरपीएफ ने शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल बोगी से एक युवक को हिरासत में लिया है। आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार मुंबई पुलिस ने आरपीएफ पुलिस को एक तस्वीर भेजी थी जिसके आधार पर आरपीएफ पुलिस ने शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल बोगी से एक युवक को हिरासत में लिया है। युवक मुंबई से बिलासपुर जा रहा था और जरनल बोगी में यात्रा कर रहा था। दरअसल बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हाल ही में उनके मुंबई स्थित घर में घुसकर एक शख्स ने हमला कर दिया था। वहीं आरपीएफ प्रभारी संजीव सिन्हा ने बताया कि मुंबई पुलिस द्वारा एक फोटो दुर्ग आरपीएफ को भेजी गयी थी, जिसके आधार पर शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस की जनरल बोगी से संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया। युवक का नाम आकाश कैलाश कनौजिया है, जो मुंबई का रहने वाला है। ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस में बैठकर बिलासपुर जा रहा था, जहां से तिल्दा नेवरा में अपने परिचित के घर जाने की बात युवक ने आरपीएफ को बताया है। आरपीएफ ने मुंबई पुलिस को संदिग्ध युवक की फोटो भेज कर पहचान करायी है।

अभी आरपीएफ पुलिस ने युवक से पुछताछ नहीं की, मुंबई पुलिस के आने के बाद पूछताछ की जायेगी। पुलिस अब तक करीब 50 लोगों से पूछताछ कर चुकी है। मामले में 35 टीमें लगायी गयी हैं, जो आरोपी का सुराग ढूंढने में लगी हुई हैं।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 19 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in
07

## राम लाला दुबे ने बाबू लाल मरांडी को मांग पत्र सौंपा

कांडी (आजाद सिपाही)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य राम लाला दुबे ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी को एक मांग पत्र सौंपते हुए प्रदेश सरकार की कार्य प्रणाली से गरीब जनता व किसानों को न्याय दिलाने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार की तानाशाही रवैया से यहां की जनता चहुंओर से परेशान है उससे निजात दिलाने की मांग किए हैं। यहां के किसानों को पिछले साल का धान विक्री का पैसा बाकी है साथ ही इस वर्ष का भी धान का पैसा किसानों को नही मिल रहा है उल्टे एफआईआर दर्ज कर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से कहा है कि जनता की उपरोक्त समस्या पर विचार करते हुए भारत सरकार से संवाद कर आवश्यक पहल करने की मांग किया है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आरकेवीएस संस्थान के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसका शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय के द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चंद्रदीप पांडेय ने सभी प्रतिभागियों के हौसला अफ्जाई करते हुए स्वामी विवेकानंद के बताये हुए रास्ते और उपदेशों को आत्मसात करने पर जोर दिया।

# जमीन विवाद में एक की हत्या

## एक की हालत गंभीर और दूसरे पक्ष से दो लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा में जमीनी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन जमीन दलालों एवम जमीन माफियाओं के द्वारा खूनी संघर्ष करने के मामले आम होते जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को बाजार समिति गेट संख्या दो के सामने जमीन विवाद को लेकर आपस में दो गुट भीड़ गये। झगड़े की शुरूआत हाथापाईं से हुई। बाद में देखते-देखते यह झगड़ा खूनी संघर्ष में बदल गया। झगड़े में लोहे के पाइप और रॉड एक दूसरे पर बरसाये गये, जिसमें दोनों ओर से कई लोग घायल हो गये। घटना के बाद घायलावस्था में दोनों पक्ष के लोगों को सदर स्थानीय लोगों के प्रयास से अस्पताल लाया गया, जिसमें इलाज के दौरान शहर के इंदिरा गांधी रोड निवासी छोटू रंग साज नामक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं संघात मोहल्ला निवासी इरसाद अंसारी व्यक्ति भी बुरी तरह से जख्मी हो गया, जबकि दूसरे पक्ष के दो लोग घायल बताये जा रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार दो की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है, जिन्हें रांची रिम्स भेजने की प्रक्रिया डॉक्टर द्वारा शुरू कर दी गयी है। घटना की सूचना मिलते ही सीडीपीओ नीरज कुमार शहर थाना प्रभारी बृज कुमार दलबल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे। जहां घटना में चोटिल हुए दोनों पक्ष के लोगों को इलाज कराया। घटना कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है, लेकिन अधिकारियों के द्वारा अभी तक इस संबंध में कुछ बताने से परहेज किया जा रहा है।

एसडीपीओ ने बताया कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इधर जख्मी इरशाद ने बताया कि वह और छोटू रंगसाज बाजार समिति गेट के पास बैठे हुए थे की अचानक लगभग दस लोग आये और लोहे के रॉड से उनपर हमला बोल दिया।

# बाबूलाल मरांडी ने भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी, गढ़वा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा जिला कार्यालय कार्यकर्ता के संघर्ष का परिणाम है भाजपा कार्यकर्ता धुप छांव हर परिस्थिति में संगठन को मजबूत करने में लगे रहते हैं। इसलिए संगठन कार्य में कार्यालय का बड़ा भुमिका है। अपना कार्यालय बन जाने से भाजपा संगठन और मजबूत होगा। भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने कहा कि कार्यकताओं ने दिन-रात एक कर संगठन को मजबूत किया है। कार्यकर्ताओं का परिश्रम के बदौलत भव्य कार्यालय बन पाया है। पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा कार्यालय होना सौभाग्य की बात है यह यह ऐतिहासिक क्षण है। कार्यकर्ता ही पार्टी के रिढ़ होते हैं। कार्यकर्ता के दम पर ही इतना बड़ा कार्यालय बन पाया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुर्व सांसद घुरन राम, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, विकास प्रितम, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश निरंजन सिन्हा, रघुराज पांडेय, ओमप्रकाश केशरी, सुरज गुप्ता, ईश्वर सागर चंद्रवंशी, भाजयुमो पुर्व प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, विवेकानंद, अरविंद, विजय सहित अन्य हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता ने किया।

# एसडीओ के नेतृत्व में अधिकारियों के दल ने की ईंट-भट्ठों की जांच

**दो भट्ठों में मिली अनियमितता, प्राथमिकी और जुर्माने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवावददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा ईंट भट्ठों की सघन जांच करने का काम शनिवार को आरंभ किया गया। इस जांच दल में संजय कुमार के अलावा श्रम अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शामिल हैं।

**पहले दिन तिलदाग क्षेत्र में हुई जांच :** संयुक्त जांच दल द्वारा पहले दिन तिलदाग के आसपास के इलाकों में चल रहे चार भट्ठों की जांच की गयी, इनमें से तीन भट्टे बोंगासी इलाके में चल रहे थे जबकि एक भट्ठा बनपुरवा इलाके का शामिल है।

**बाल श्रम के प्रमाण मिले, प्राथमिकी का निर्देश :** बोंगासी में चल रहे एक ईंट भट्ठे पर जांच दल ने बच्चों को ईंट-भट्ठों में काम करते हुए पाया। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने अविलंब प्राथमिकी दर्ज कराने तथा नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु श्रम अधीक्षक तथा डीसीपीओ को निर्देश दिया।

**अनुमन्य क्षमता से अधिक ईंटों के निर्माण पर जुर्माने का निर्देश :** बनपुरवा के एक ईंट भट्ठा में अनुमन्य क्षमता से काफी अधिक मात्रा में ईंटों का निर्माण होता पाया गया। इस पर अतिरिक्त मात्रा का वास्तविक आकलन कर आवश्यक कार्रवाई के साथ-साथ भट्ठा मालिक पर नियमानुसार जुर्माना अधिरोपित करने हेतु पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी ने खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया। **कार्रवाई जारी रहेगी :** अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि ईंट भट्ठों को लेकर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। सप्ताह में कम से कम एक दिन पूरे जांच दल द्वारा संयुक्त जांच भी की जायेगी। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के सभी ईंट भट्ठों के मालिकों को सख्त हिदायत दी है कि वे नियमानुसार ही ईंट भट्ठों का संचालन करेंगे, किसी भी विसंगति की पुष्टि होने पर संबंधित ईंट भट्ठों को अवैध घोषित करते हुए कठोर कारवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा के साथ संजय आनंद श्रम अधीक्षक गढ़वा, सफी आलम अंचलाधिकारी गढ़वा, राजेंद्र उरांव जिला खनन पदादिकारी गढ़वा और अशोक नायक जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी गढ़वा सम्मलित थे। जिन ईंट भट्ठा मालिकों के यहां जांच की गयी उनमें राजू तिवारी, सोनू तिवारी, सुभाष दुबे व चुनमुन दुबे शामिल हैं।

# कोर्ट के आदेश पर सात महीने बाद कब्र से निकाली गयी लाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** शव के वास्तविक पहचान के लिए न्यायालय के आदेश पर भंडरिया थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने अपने दल बल के साथ शनिवार को दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश भुषण सिंह और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर संजय कुमार समक्ष भंडरिया मुस्लिम कब्रिस्तान से सात माह पुराना कब्र को खोद कर पलामू जिले के पिपराटांड थाना क्षेत्र के दुनुदाग निवासी सहाबुद्दीन अंसारी के 19 वर्षीय पुत्री मृतिका सजबुन खातुन के अवशेष को निकाल कर डीएनए प्रोफाईलिंग कराने हेतु एफ एसएल रांची भेजा गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी चेतन कुमार ने बताया कि 15 मई 2024को भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगडी (क)ग्राम के चिरैयाटांड़ टोले के खजुरबनवा जंगल के नाला से पत्थर के निचे दबा हुआ सड़ा गला एक युवती का शव बरामद किया गया था। जिसकी पहचान गुमशुदा सहरेशबा बानों पिता असगर अंसारी भंडरिया निवासी के रूप में उसके माता सैराबानों बीबी व अन्य परिजनों के द्वारा मानवीय भुल वश अपनी पुत्री के रुप में कर ली थी। जिसके बाद पुलिस प्रशासन के द्वारा अंत्यपरीक्षण के उपरांत मृतिका के शव को असगर अंसारी व उनकी पत्नी सैराबानों बीबी को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया था। उक्त परिजनों के द्वारा मुस्लिम रीति रिवाज के साथ मृतिका को भंडरिया मुस्लिम कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया था। कुछ दिनों के बाद तीन जुन 2024 को तथा कथित गुमशुदा सहरेशबा बानों जीवित अपनें घर लौट गयी, जिसके बाद मामला ने तुल पकड लिया। पुलिस के अगले अनुसंधान के क्रम में मृतिका की पहचान पलामू जिले पिपराटांड थाना क्षेत्र के दुनुदाग गांव निवासी सहाबुद्दीन अंसारी के 19 वर्षीय पुत्री खजबुन खातुन के रूप में की तथा अप्राथमिकी अभियुक्त एजाजुल हक उर्फ एजाज अहमद, सहाबुद्दीन अंसारी व नशीम अंसारी को भंडरिया पुलिस कडाई से पुछताछ की उक्त तीनों ने अपना स्वीकारोक्ति बयान में और तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर अपने घर के ही सदस्य सजबुन खातुन की हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के नियत से शव को भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगडी क गांव के चिरैयाटांड़ टोले के खजुरबनवा जंगल के नाले में पत्थर के निचे दबाने की बात कही।

## विस्थापित संघर्ष समिति के सदस्यों ने जयराम महतो से औपचारिक मुलाकात की



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर में अवस्थित एशिया की सबसे बड़ी क्रशर प्लांट की कटिंग को रोकने के साथ विस्थापित संघर्ष समिति के आठ मांगों को लेकर जेएलकेएम के नेता शिवपारस बियार के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाईगर जयराम महतो से उनके आवास पर औपचारिक मुलाकात किया। जहां विधायक ने पार्टी पदाधिकारियों के माध्यम से विस्थापित परिवार को आश्वासन दिया कि आने वाले विधान सभा सत्र में इस मामले को गंभीरता से रखने काम करेंगे। साथ ही बोकारो चीफ सेक्रेटरी को लिखित रूप से अवगत कराने का काम करने के साथ ही वार्ता भी करेंगे। इसके साथ ही जल्द ही अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे विस्थापित संघर्ष समिति के सदस्यों से वार्ता करेंगे। इस मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप मेहता, वरीय उपाध्यक्ष गढ़वा जयप्रकाश पासवान, प्रमंडलीय महासचिव सोनू पटेल, महासचिव गढ़वा विकास, सह सचिव पंकज, उपाध्यक्ष अजय यादव, कांडी प्रखंड अध्यक्ष नीतीश पटेल, नवनीत आदि लोग मौजूद थे।

## दो सेवानिवृत्त पंचायत सचिव को दी गयी भावपूर्ण विदाई



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सभागार में शनिवार को सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत पंचायत सचिव कमलेश कुमार चौबे एवं अजय कुमार ओझा को भावपूर्ण विदाई दी गयी। बीडीओ शतीश भगत की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने कहा कि दोनों पंचायत सचिव सरल स्वभाव के मिलनसार तथा हमेशा अपने कर्तव्य निष्ठा के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जिसे लोग याद रखेंगे। समारोह में नजीर सुनील कुमार, सहायक रिजवान अख्तर, मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, अजीज, वीएलडब्ल्यू रामनाथ, दीपक, कृष्णा, राम जी राम, राजेंद्र, सुभित सहित अन्य कई प्रखंड और अंचल कर्मी शामिल थे।

# बीएंटी संत मैरी स्कूल का छात्र सत्यम सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बीएनटी संत मेरी स्कूल में शनिवार की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में सम्मान समारोह का आयोजन कर, विद्यालय के 12वीं विज्ञान संकाय के सत्यम कुमार सिन्हा को अंतरराष्ट्रीय मेक्स्ट छात्रवृति परीक्षा में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में विद्यालय के प्रधानाचार्य और निदेशक महोदय के द्वारा संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य संजीव रंजन तिवारी ने सत्यम के विद्यार्थी जीवन पर प्रकाश डालते हुए, उसकी शानदार उपलब्धि के बारे में संक्षिप्त विवरण दिया। उन्होंने कहा कि अपनी प्रतिभा के बल पर एक विद्यार्थी पूरे विश्व में अपनी सफलता का परचम लहरा सकता है। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार तिवारी ने पूरे विद्यालय परिवार की तरफ से सत्यम को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय सदा अपने विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक तथा सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए हर प्रकार की सुविधा प्रदान करने हेतु हमेशा से कार्यरत है।

अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों को देते हुए सत्यम ने कहा कि इस विद्यालय की भूमिका उसके जीवन में हमेशा से महत्वपूर्ण रही है, उन्हें प्राथमिक कक्षाओं से लेकर अब तक उचित मार्गदर्शन एवं अवसर प्राप्त हुआ है। अगर कोई भी छात्र एवं छात्रा अपने सपने को साकार करना चाहते हैं तो यह उचित मार्गदर्शन एवं कठिन परिश्रम से ही संभव हो सकता है। मौके पर विद्यालय के निदेशक उमाकांत तिवारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है कि सत्यम इस अंतरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा के माध्यम से रोबोटिक साइंस के 6 वर्ष की पढ़ाई जापान की प्रख्यात टोक्यो यूनिवर्सिटी में निशुल्क करेंगे, इनके संपूर्ण उच्च शिक्षा का खर्च जपान सरकार वहन करेगी।

## पेंशनर्स कल्याण समाज ने आठवां वेतन आयोग के गठन को सराहा



गढ़वा (आजाद सिपाही)। पेंशनर्स कल्याण समाज के अध्यक्ष केके यादव ने कहा कि भारत सरकार और मोदी जी के द्वारा आठवां वेतन आयोग का जो गठन किया गया है, वह काफी प्रशंसनीय और सराहनीय है। मैं अपनी संगठन की ओर से सरकार के इस कदम का मैं स्वागत करता हूं। उनके इस कदम से सारे कर्मचारियों में, चाहे वे केंद्रीय हो या राज्य स्तरीय या पेंशनर सबके दिलों दिमाग में खुशी की लहर दौड़ गयी है। आठवां वेतन आयोग का गठन विलंब से ही सही, लेकिन यह बीजेपी सरकार की बहुत ही अच्छी सोच और सराहनीय कदम है। हम लोग चाहेंगे की सरकार अपने हठधर्मिता को छोड़कर पुराने पेंशन को भी अगर लागू कर देते हैं, तो सोना में सुहागा हो जायेगा। तब पीएम मोदी और उनकी सरकार को सारे कर्मचारी और उनके परिवार दिल की गहराइयों से उन्हें धन्यवाद देंगे। राजा और प्रजा का संबंध नाव और पानी का होता है। हम लोग चाहेंगे कि जनवरी 2026 से इस वेतन को सारे भत्तों के साथ लागू करें, ताकि कर्मचारियों को किसी तरह की असुविधा न हो सके। मोदी जी के इस कदम से सारे कर्मचारी काफी खुश हैं।

# गढ़वाः दुकानदारों की समस्याओं का जल्द होगा समाधानः जिप अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के जिला परिषद् मार्केट में शनिवार को जिला परिषद् अध्यक्ष शांति देवी ने दुकानदारों के साथ एक बैठक की। बैठक में सभी दुकानदार मौजूद थे। दुकानदारों ने शांति देवी से शिकायत की कि मार्केट में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यहां शौचालय, साफ-सफाई, बिजली और पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। इन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शांति देवी ने सभी को आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी मांगों को पूरा किया जायेगा। इस अवसर पर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने भी अपनी भागीदारी की पेशकश की। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें लिखित रूप में अनुमति दी जाती है, तो वे खुद जिला परिषद् मार्केट की व्यवस्था सुधारने का कार्य करेंगे। शांति देवी ने सोसाइटी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था महिला सशक्तिकरण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस नेक कार्य में सहयोग करें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि संस्था को हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। बैठक में विकास कुमार माली के अलावा सभी दुकानदार उपस्थित थे।

# झामुमो का कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित

**गढ़वा में विकास की गंगा सूखने नहीं दूंगाः मिथिलेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी कार्यकताओं को अंग्रेजी नव वर्ष, मकर संक्रांति, सोहराय व टुसू पर्व की बधाई देते हुए कहा कि झारखंड उन्नति और प्रगति का नया इतिहास लिखने की दिशा में अनवरत प्रयास जारी रखने में हर एक झारखंडी के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने अपने ऊपर विश्वास जताने वाले सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आज भी बिना भेदभाव किए सबकी सेवा में तत्पर रहेंगे। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर शनिवार को अपने आवास पर आयोजित झामुमो का गढ़वा विधानसभा स्तरीय विचार गोष्ठी सह कार्यकर्ता मिलन समारोह, लिट्टी-चोखा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

पूर्व मंत्री ने कहा कि आज अपने राज्य सहित दूसरे राज्य के लोग भी आश्चर्य करते हैं कि गढ़वा में इतना विकास कार्य करने के बाद भी चुनाव कैसे हार गये? श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के लोगों ने पूरे राज्य को संदेश दे दिया है कि विकास करके चुनाव नहीं जीता जा सकता है। श्री ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विधायक हों या अधिकारी, कर्मचारी सभी के गलत कार्यों का पुरजोर विरोध करें। जनता के बीच जाकर उनके कार्यों को करें। जनता का आशीर्वाद मिलने में जो चूक हुई उसे दुरुस्त करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने चुनाव जीतने के बाद से ही लगातार नकारात्मक माहौल बना रखा है। विकास की गति को बढ़ाने की जगह वे विकास को बाधित करने में लगे हुए हैं। मौके पर भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव आदि ने भी विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिप अध्यक्ष शांति देवी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, अनिता दत्त, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, फरीद, मदनी, चंदन, मनीष, संजय, शंभू चंद्रवंशी, जवाहर, धनंजय, दिलीप, आशीष, परेश, अंकित, दीपमाला, सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता व इंडिया गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

## गरीबों और विकलांगों के बीच कंबल का वितरण



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के अरसली उत्तरी पंचायत के मुखिया नुसरत जहां के ससुर एवं समाज सेवी तासबीन अंसारी के स्वर्गीय रोज मोहम्मद अंसारी के चेहल्लुम के अवसर पर शनिवार को तासवीन अंसारी एवं पिंटू आलम ने एक सामाजिक पहल के तहत गरीब, असहाय, वृद्ध महिला-पुरुष और विकलांगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान तासवीन अंसारी ने कहा कि यह कार्य उनकी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है और वह हमेशा जरूरतमंदों के लिए काम करते रहेंगे।

# इकलौती पौधशाला से कीमती पेड़ों की अंधाधुंध कटाई जारी, वन विभाग मौन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** प्रतिबंधित पौधशाला क्षेत्र से कीमती लकड़ी का अंधाधुंध कटाई से वन छेत्र का अस्तित्व संकट में विभाग जानकर भी अनजान बना हुआ है।

विदित हो की सगमा प्रखंड के मकरी गांव स्थित पौधशाला क्षेत्र में सैकड़ो की संख्या में कीमती सिशम का पेड़ लगा हुआ है, जिसे वन विभाग में प्रबंधित मकरी पौधशाला के नाम से जाना जाता है जो बिलासपुर धुरकी मुख्य पथ पर अवस्थित है। उक्त पौधशाला में यूके लिप्टाश के साथ सिशाम का पेड़ लगा हुआ है। इस वन क्षेत्र की सुरक्षा के लिए वन समिति भी बना हुआ है।

इस संबंध में मकरी के ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में इस जंगल से इक्का दुक्का शीशम का पेड़ कटाई होता था, मगर चार माह पूर्व इस पौधशाला की सुरक्षा के लिए अरुण बैठा नमक वन रक्षी पदस्थापित हुए हैं इसके बाद से लगातार शीशम के पेड़ का अंधाधुंध तरीके से कटाई जारी है।

इस संबंध में पूछने पर वन समिति अध्यक्ष का कहना है कि लकड़ी कटाई की सूचना विभाग के पास दिया जाता है, मगर इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से पेड़ काटने वालों की संख्या लगातार बढ़ते जा रहा है। स्थिति यह है कि पूरा वन क्षेत्र खोखला होते जा रहा है, जबकि प्रतिदिन वन रक्षी अरुण कुमार पौधशाला में आकर अपनी खाना पूर्ति कर चले जाते है। इससे साबित होता है कि उक्त वन रक्षी का कटाई करने वालों के साथ मिली भगत है। इस स्थिति को देखते हुए इस पौधशाला में लगे कीमती पेड़ काटने पर रोक नहीं लगाया गया, तो आने वाले कुछ समय में इस जंगल का अस्तित्व ही मिट जायेगा। हम सभी ग्रामीण द्वारा तत्काल इस पर रोक लगाने की मांग किया जाता है।

## कलश यात्रा के साथ प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव पांच दिवसीय यज्ञ का हुआ शुभारंभ




**कुडू (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा-कुडू के नावाटोली में नवनिर्मित शिव मंदिर सह हनुमंत देवता प्राण-प्रतिष्ठा और पांच दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ 18 जनवरी शनिवार को शुरू हो गया। मंडप परिसर से गाजे-बाजे के साथ निकली इस कलश यात्रा में सैंकड़ो कन्याएं और महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान कलश यात्रा के लिए प्रस्थान करते हुए कलशधारी क्षेत्र का नगर भ्रमण कर कुडू के टीको नदी के तट पहुंचे। यहां यज्ञाचार्य नीरज कुमार त्रिपाठी समेत ने अन्य पंडितों ने यजमान अनिरुद्ध साहु सहित अन्य यजमानों को विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके बाद सभी श्रद्धालु कलश में जल लेकर मंडप परिसर पहुंचे। कलश यात्रा में लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, अजय प्रसाद, ब्रजेश साहु सहित कई लोग उपस्थित थे। गौर तलब है कि आयोजन को लेकर यज्ञशाला का निर्माण किया जा चुका है। इस दौरान आचार्य नीरज कुमार त्रिपाठी द्वारा मंडप प्रवेश, जलाधिवास, अन्नाधीवास, पुष्पाधिवास, गंधाधीवास, सईया अधिवास, हवन, बेदी पुजन सहीत अन्य कार्यक्रम कराया जायेगा। यजमान सह यज्ञ समिति के अध्यक्ष अनिरुद्ध साहु ने बताया कि समापन अवसर पर 22 जनवरी को भव्य भंडारे का आयोजन रखा गया है।

## अवैध ईट भट्ठा के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स की कार्रवाई शुरू



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले में अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठों के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को किस्को प्रखंड में अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठा को सील कर बंद कर दिया गया। भट्ठा संचालक के विरुद्ध किस्को थाना में खान निरीक्षक द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जिला खनन टास्क फोर्स की कार्रवाई से अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठा मालिकों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार खनन नियम कायदा के अनुसार ईट भट्ठा चलाने के लिए लगातार स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है। बावजूद, भट्ठा मालिक खनन नियम कायदों का अनुपालन करने से परहेज करते आ रहे हैं। इसको लेकर को शनिवार को जिला खनन टास्क फोर्स ने कार्रवाई शुरू कर दिया है। खनन टास्क फोर्स के पदाधिकारियों की माने तो, आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में अवैध संचालित ईट भट्ठा पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी की गयी है। बताया गया कि शनिवार को किस्को प्रखंड स्थित राजा ब्रिक्स ईट भट्ठा में छापामारी किया गया। इसमें अवैध तरीके से ईट का निर्माण किये जाने की स्थिति मिली। तत्काल राजा ब्रिक्स सील कर काम बंद कर दिया गया। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला के रहने वाले भट्ठा मालिक राजा राम के विरुद्ध किस्को थाना में प्राथमिक की दर्ज कराया गया है। बताया गया की कार्रवाई से पूर्व विभागीय पत्र देकर भट्ठा मालिक से स्पष्टीकरण किया गया था।

## सूचना अधिकार रक्षा मंच के जिलाध्यक्ष और अन्य दायित्वधारियों का होगा चयन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रविकांत पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि दिनांक 21 जनवरी 2025 दिन मंगलवार को शहर के पावरगंज स्थित होटल केतकी पैलेस में पूर्वाह्न 11 बजे से मंच का एक आवश्यक बैठक रखा गया है। जिसमें मंच का लोहरदगा जिला ईकाई को भंग कर नये जिलाध्यक्ष और संगठन के अन्य दायित्वधारियों का चयन किया जायेगा। उक्त बैठक में इन्होंने लोहरदगा जिले के पूर्व कार्यकर्ताओं और सूचनाधिकार में रूचि रखने वाले लोगों को भाग लेने के लिए अपील किया है, ताकि मंच का एक मजबूत जिला कमिटी बने। इस बैठक में मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रविकांत पासवान, केंद्रीय महासचिव आनंद किशोर पंडा और केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और जिला कमिटी का विस्तार किया जायेगा।

# मंईयां सम्मान योजना की तरह पेंशन को भी 2500 रुपये करने की मांग उठी

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरवाडीह।** शनिवार को संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले सैकड़ों महिला-पुरुष ग्रामीणों ने भाजपा नेता सह पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों ने महिला, वृद्ध और दिव्यांग पेंशन के बकाया भुगतान की मांग की और मंईयां योजना की तर्ज पर पेंशन राशि को 2500 तक बढ़ाने की मांग की। घेराव से पहले ग्रामीणों ने पुराने ब्लॉक परिसर से एक विशाल जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने सरकार पर पेंशन योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और अपनी मांगों को शीघ्र पूरा करने की चेतावनी दी। और पेंशन भुगतान में देरी और अपर्याप्त राशि से गरीब वर्ग को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा, जिसे दूर करने की बात कही। इस आंदोलन में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपने हक के लिए संघर्ष का ऐलान किया। इस दौरान पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा, यह आंदोलन गरीबों की आवाज उठाने के लिए है। सरकार को पेंशन योजनाओं में पारदर्शिता लानी होगी और पेंशन राशि को 2500 तक बढ़ाने की हमारी मांग को जल्द से जल्द स्वीकार करना होगा। अगर हमारी मांगों को अनसुना किया गया, तो हम उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी गयी, तो अगली बार आंदोलन और बड़ा रूप लेगा।

## जिला कृषि कार्यालय में कीटनाशक विक्रेताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला कृषि कार्यालय के आत्मा सभागार में शनिवार को फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के तहत कीटनाशी विक्रेताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी रांची संदीप साल्वे, तकनीकी सहायक रांची नितिश कुमार सुमन, तकनीकी सहायक पूर्णेन्द्र मिश्र और जिला परामर्शी (ठऋ्रट) लातेहार बलबीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों ने फसलों की सुरक्षा और कीटनाशी उपयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। अमृतेश कुमार सिंह ने फसलों में लगने वाली व्याधियों और उनके समाधान पर चर्चा की। संदीप साल्वे ने कीटनाशियों के छिड़काव में सावधानियों और घरेलू उपचारों के उपयोग के बारे में जानकारी दी। नितिश कुमार सुमन ने कीटनाशियों के एंटीडोट्स के सही उपयोग पर प्रकाश डाला। पूर्णेन्द्र मिश्र ने कीटों और खरपतवार प्रबंधन के लिए कीटनाशियों के प्रभावी उपयोग के तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन बलबीर सिंह द्वारा किया गया।

**प्रमुख प्रतिभागी:** इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के कीटनाशी विक्रेता, जैसे आयुष कुमार, अरविंद कुमार, रविंद्र कुशवाहा, कैलाश बैठा, नीतू देवी, अमजद अंसारी, कनहेया चौधरी, दुर्गेश प्रसाद, राजेश राम, प्रमोद प्रसाद गुप्ता, राम कृष्ण सिंह, मनीष कुमार, सारिक अहमद, प्रदीप कुमार, रबी कुमार, चंद्रिका प्रसाद, कुमार श्रीकर, मुकेश कुमार, राजन कुमार आदि शामिल हुए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कीटनाशी विक्रेताओं के लिए न केवल उनकी जानकारी बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि फसलों की सुरक्षा और उत्पादन बढ़ाने में भी मददगार साबित होगा।

## 50 दिवसीय बेल मेटल (डोकरा) प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को लोहरदगा जिले के लोहरदगा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बाराटपुर में बेल मेटल (डोकरा) के निर्माण और कौशल विकास के लिए 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री लघु और कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रांची झारखंड द्वारा प्रायोजित कौशल उन्नयन योजना के तहत आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में 20 कारीगरों ने भाग लिया। समापन समारोह में जिला उद्यमी समन्वयक ने कहा उन्होंने डोकरा के उन्नत निर्माण हेतु जल्द कारीगरों को टूल किट वितरण किया जायेगा, और इसके विक्रय को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। प्रखंड उद्यमी समन्वयक, लोहरदगा आसिफ अहमद ने कारीगरों को बताया कि पारम्परिक कार्य को करते हुए अपना उत्पादन बढ़ाये लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के माध्यम से आपको बाजार उपलब्ध कराया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान जिला उद्यमी समानवयक सूरज कुमार, प्रखंड उद्यमी समन्वयक आसिफ अहमद, जन जागरण केंद्र एजेंसी से जैनुल और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य कारीगरों को उनकी परंपरागत कला में निपुण बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना है।

## जंगली हाथियों का आतंक जारी, वन विभाग मौन



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा बीती रात हाथियों के एक झुंड ने मालहन पंचायत के सेकलेतरी गांव में चार ग्रामीणों का घर ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों में महेंद्र भगत, कर्मा भगत, विकास भगत और नंदे भगत ने बताया कि हमलोगों का घर ही ध्वस्त हो गया है। इस बात की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने भुक्त भोगियों से मुलाकात कर हर संभव मुआवजा दिलाने और पंचायत से सरकारी मकान पीएम या अबुआ आवास दिलाने का आश्वासन दिये। मुखिया ने वन विभाग को जानकारी दिए और बोले कि सभी भुक्त भोगी परिवार को उचित मुआवजा देने ,और क्षति पूर्ति करने को कहा। मौके पर कर्मा भगत, विकाश भगत, संगीता कुमारी,सुशांति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी राजू भगत अनूप कुजूर जगु भगत और ग्रामीण उपस्थित थें।

## लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन खेलकूद प्रतियोगिता का दूसरा दिन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 67वीं राज्यस्तरीय एथलीट मीट का आयोजन जिला एथेलेटिक्स एसोशिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय ललित नारायण मिश्रा स्टेडियम में दूसरा दिन का खेलकूद हुआ संपन्न। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने पुरुस्कार वितरण की और कहा की लोहरदगा जिला एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा खेलकूद का आयोजन। दूसरे दिन के खेल कूद आयोजन को सफल बनाने में संजय साहू, सैफाली साहू, सबिता साहू, साईमा साहू, भावना साहू, दुर्गेश साहू, सौरभ साहू, रीना कुमारी अध्यक्ष जिला परिषद, फुलझरी देवी प्रमुख सेन्हा, निशीथ जायसवाल, संजय बर्मन, राजकिशोर महतो, ऑफिशल अरुण राम, रश्मि खेस, संध्या सिंह, जोहरा जमाल, मुमताज अहमद, मुरारी गोस्वाम, नसीम अख्तर, नईम खलीफा, दिनेश साहू, साबिर हुसैन, तकनीकी पदाधिकारी अनवर हुसैन, अजय प्रसाद, सोमा उरांव, राकेश सिंह, एमवी राव, अभिजीत पात्रा, मोहम्मद कमरुद्दीन, मिथिलेश सिंह, पिंटू सिंह, जयश्री गोराई, सागर, नवीन कुमार, लक्ष्मण राम, सुनील यादव, क्यूंम खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## लोहरदगा में भूतपूर्व सैनिक वेल्फेयर ट्रस्ट ने कराया 207 जोड़ी का सामूहिक विवाह



**कैरो/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सामाजिक भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित कर कैरो में शनिवार को गरीब समुदाय के लगभग 207 जोड़ों का सामूहिक विवाह विधिवत कराया गया। कैरो प्रखंड के जतरा टांड मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नव दंपतियों को सफल और कुशल दांपत्य जीवन जीने के लिए प्रेरित कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया। सरना और सनातन धर्म की परंपरा और रिवाज के अनुसार पुरोहित कौशल कुमार त्रिपाठी, ग्राम प्रधान वीरेंद्र उराँव,पहान, पुजार, महतो के द्वारा 207 नव-दम्पति का सामुहिक रुप से विवाह कराया। इस अवसर पर सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य ने कहा कि, इतनी बड़ी संख्या में वैवाहिक कार्यक्रम कराने वाले संस्था भूतपूर्व सैनिक वेल्फेयर ट्रस्ट बधाई के पात्र हैं। बीडीओ ने नव-दम्पति को वैवाहिक जीवन की मंगलमय होने की कामना किया। ट्रस्ट के स्थायी संरक्षक डॉ टी साहू ने कहा कि, प्रत्येक वर्ष ट्रस्ट इस पर कार्यक्रम आयोजित करते आ रहा है। सामाजिक दायित्वों के प्रति ट्रस्ट संवेदनशील और सजग है। कहा पिछले वर्ष सुदूरवर्ती पेशरार प्रखंड में कार्यक्रम आयोजित कर 131 गरीब समुदाय के युवक युवतियों का सामूहिक विवाह ट्रस्ट ने कराया था। कार्यक्रम का उद्देश्य मानव कल्याण है। सैनिकों का जीवन दूसरे मनुष्य की सेवा के लिए होता है। सेवानिवृत तक सैनिक राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहते हैं। डॉ टी साहू ने कहा कि मै पेंशन की राशि से पच्चीस हजार प्रति वर्ष ट्रस्ट को देता हूं। जिससे इस तर्ज पर कार्यक्रम आयोजित हो सके। इस मौके पर मे अंचलाधिकारी कुमारी शीला उरांव, थाना प्रभारी कुलदीप राज, मनोज कुमार गुप्ता ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट अध्यक्ष धर्मराज महतो,सचिव कैप्टन शाहदेव भगत,रुनिया,धनेश्वर, रामचरित्र,बासमति, सबिता समेत बड़ी संख्या में जागरूक ग्रामीण सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित थे।

**कोल्हान की खबरें**

# रामदास सोरेन ने विज्ञान केंद्र में किसान मेला सह प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशीला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला विधानसभा स्थित दारीसाई कृषि विज्ञान केंद्र में किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। किसान मेला सह प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री सह विधायक रामदास सोरेन, विशिष्ट अतिथि बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती, सम्मानित अतिथियों में जिला परिषद सदस्य श्रीमती देवयानी मुर्मू, सुभाष सिंह,पार्वती मुण्डा, परियोजना निदेशक आइटीडीए दीपांकर चौधरी समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री रामदास सोरेन के द्वारा दीप प्रजलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। किसान मेला में कृषि विभाग, उद्यान, भूमि संरक्षण, बैंक, सहकारिता विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर किसानों को योजनाओं की जानकारी दी गयी। मौके पर मंत्री ने योजनाओं को लेकर किसानों को जागरूक किया। साथ ही योग्य किसानों को योजनाओं से आच्छादित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। मंत्री रामदास सोरेन ने कृषि विज्ञान केंद्र और क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों से संस्थान द्वारा किसानों के लिए संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय अनुंसधान केंद्र के वैज्ञानिक नजरूल सलाम ने किसानों को रबी में लगाये जाने वाले फसलों के बारे विस्तार से बताया। कीट व्यधि से बचाव के उपाय भी किसानों को बताया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिकों के चयन दल के द्वारा पाये गये उत्कृष्ट प्रादर्श में 90 किसानों को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी विवेक बिरूआ, जिला उद्यान पदाधिकारी श्रीमती अनिमा लकड़ा, उप निदेशक आत्मा श्रीमती गीता कुमार सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी सहित सैकड़ो किसान शामिल रहे।

# साकची मंडल के सदस्यता अभियान में भाजपा की विचारधारा से जुड़े सैकड़ों लोग

## सदस्यता अभियान में जन-जन को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना ही लक्ष्य : काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के साकची मंडल द्वारा संगठन महापर्व के अवसर पर सदस्यता अभियान चलाया गया। शनिवार को अभियान में सैकड़ो नये सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अभियान में प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह और पार्टी के अन्य पदाधिकारियो के साथ कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संगठन महापर्व को सफल बनाने हेतु विशेष प्रयास करते हुए नये सदस्यों को पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। दिन भर चली अभियान में सैकड़ों नए सदस्य पार्टी से जुड़े। प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान महत्वपूर्ण है। इससे पार्टी का जनाधार और भी मजबूत होगा।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर राष्ट्र सेवा के पवित्र उद्देश्य को साकार करने का आग्रह किया। मौके पर अखिलेश पांडे, बिपिन शुक्ला, रामकेवल मिश्रा, पंकज वर्मा, राजपति देवी, जूगुन पांडे, लख्खी कौर, ममता पुष्टि, ममता साहा, रितिका श्रीवास्तव, डी मनी, सिमी कश्यप, रिंकू दुबे, महालक्ष्मी देवी, सावित्री देवी, बिभाष मजुमदार, दीपक सिंह, मनीष सिंह, सरबजीत सिंह टोबी, सुमन कुमार, धीरज चौधरी, लख्खिकांत घोष, अनुप तिवारी, मनु ढोके, सोनू सिंह, अनूज मिश्रा सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर अभियान को सफल बनाया।

# बिष्टुपुर नरभेराम स्कूल में आरोग्य मेला आज कैंसर के लिए फ्री वैक्सीन उपलब्ध रहेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर नरभेराम स्कूल के प्रांगण में रिसर्च सेंटर परली के जमशेदपुर शाखा द्वारा रोटरी क्लब के सहयोग से 19 जनवरी को आरोग्य मेला का आयोजन किया जायेगा। रविवार को होने वाले कार्यक्रम में शहर की स्वस्थतता हमारे जीवन का आवश्यक पहलू पर विस्तार से जानकारी दी जायेगी। साथ ही जीवन की व्यस्तता में इग्नोर करने वाले, समय समय पर उचित चिकित्सीय परामर्श और जांच नहीं करने पर होने वाले परेशानी का समाधान की जानकारी दी जायेगी। आरोग्य मेले में इसे ध्यान में रखते हुए स्पेशलिस्ट डॉ की सुविधा एक छत के नीचे उपलब्ध होगा। साथ ही कंप्लीट ब्लड टेस्ट और आवश्यक मेडिकल सलाह के दी जायेगी।

श्रीमद् राज चंद्र रिसर्च सेंटर परली जमशेदपुर शाखा द्वारा यह प्रयास 2013 से जारी है। इस वर्ष एक और नयी पहल भी इसमें शामिल की जा रही है। सर्वाइकल कैंसर के लिए वैक्सीनेशन की उपलब्ध रहेगी। लगभग 100 फ्री वैक्सीन भी लगवाए जायेंगे। प्रोफाइल ब्लड टेस्ट मे कार्डियक, किंडनी, सीबीसी, युआरआइसी, एसिड, थायराइड, कैल्शियम, लिवर, इशुगर टेस्ट उपलब्ध होंगे। जिसकी रिपोर्ट 26 जनवरी को दी जायेगी।

## झारखंडवासी एकता मंच का टुसू मेला 21 जनवरी को

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर गोपाल मैदान में आगामी मंगलवार को झारखंड वासी एकता मंच के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जनवरी को विराट टुसू मेला का आयोजन किया जायेगा। आगामी मंगलवार को होने वाले भव्य टुसु में दूरदरार से हजारों हजार की संख्या में टुसु प्रेमी शामिल होंगे। मौके पर झारखंड वासी एकता मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो और संयोजक सह सांसद विद्युत वरण महतो ने मेला के आयोजन पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा बीते 2006 में पूर्व सांसद स्वर्गीय सुनील महतो के द्वारा झारखंड के संस्कृति को बचाये रखने के लिए 21 जनवरी को गोपाल मैदान में टुसु मेला की शुरूवात की गयी थी। उसके बाद से प्रत्येक वर्ष भव्य मेला का आयोजन की जा रही है, लेकिन इस साल टुसु मेला में विशेष आयोजन होगा। टुसू प्रतिमा और चौड़ल लेकर आने वाले प्रतिभागियों को अलग अलग श्रेणी में पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही बुढ़ी गाड़ी नाच प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को भी नकद इनाम दिए जायेंगे। मेला में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया जायेगा। पुरस्कार के मद में सांत्वना पुरस्कार छोड़कर तीन श्रेणियों (टुसु, चौड़ल और बुढ़ी गाड़ी नाच) में कुल 15 पुरस्कार दिए जायेंगे। सांसद विद्युत महतो ने कहा बदलते परिवेश में परिधान के साथ सोच न बदले इसके लिए रीति रिवाज को जीवित रखने की जरूरत है। उन्होंने राज्य सरकार से टुसु पर तीन दिन की छुट्टी घोषित करने की मांग की। वही आस्तिक महतो ने कहा बीते वर्ष लगभग 200 से अधिक टीम पहुंची थी। साथ ही युवाओं से उन्होंने अपनी संस्कृति और धरोहर को बचाने की अपील की। वही फणीन्द्र महतो ने कहा मेला में झारखंड सहित ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ राज्य से हजारों हजार टुसु प्रेमी मेला में भाग लेंगे। आगामी मंगलवार सुबह 7 बजे से ही मेला में टुसु और चौड़ल लेकर आने का सिलसिला जारी रहेगा। मेला में आनेवालों की सुरक्षा के लिए मंच के कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे। मौके पर सांसद विद्युत महतो, आस्तिक महतो, फणीन्द्र महतो, सुखदेव महतो, बबलू महतो, सचिन महतो, गोपाल महतो, करमू हांसदा, धनंजय महतो, चुनका मार्डी, कमल महतो, विजय महतो, अशोक महतो, ओपा सिंह, कैलाश सिंह सहित कई सदस्य शामिल रहे।

## विधायक सरयू राय के मानहानि मामले में भाजपा के भूपेंद्र सिंह और राकेश सिंह बरी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** चाईबासा विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने 2022 में जमशेदपुर पश्चिमी (तब पूर्वी) के विधायक सरयू राय के मानहानि मामले में भाजपा के भूपेंद्र सिंह और राकेश सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। उनके अधिवक्ता ने अदालत में दलील दी फेसबुक अकाउंट हैक हो गया था। इस संबंध में बिष्टुपुर थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। हैक अकाउंट से ही सरयू राय के विरुद्ध किसी दूसरे ने प्रतिकूल बातें लिखी थीं। भूपेंद्र सिंह और राकेश सिंह ने स्वीकार किया था, उन्होंने उक्त बयान नहीं दिया था। अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए दोनों को बरी कर दिया।

## असहाय के बीच बांटा गया कंबल



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर स्थित थाना मैदान में मां सर्वेश्वरी परिवार वा ह्यूमन राईट ग्लोबल फाऊंडेशन के द्वारा गरीब असाहय वृद्धजनों के बीच 400 कंबलों का निशुल्क वितरण किया गया। वही कार्यक्रम का उद्घाटन सीआरपीएफ के में पद स्थापित डीआईजी रविंद्र भगत व ह्यूमन प्राइड ग्लोबल फाउंडेशन से नीरू भगत मां सर्वेश्वरी परिवार से सरस्वती देवी, बिशनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार, गुरदरी थाना प्रभारी धीरज कुमार, बनारी बिकेट के एसएसबी कमांडेंट अभिषेक गौरव, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी सोनाली डीजे मिंज, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गणेशाराम महतो, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर सीआरपीएफ की डीआईजी रविंद्र भगत लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को जरूर पढ़ाऐ। शिक्षा से ही समाज में बेरोजगारी वाअंधविश्वास दूर होगा इस मौके पर भिखारी भगत महावीर उरांव बलिराम भगत बुद्धिमान उंराव सहित के लोगों उपस्थित थे।

## जंगली हाथी ने तीन घरों को किया ध्वस्त घर में रखा अनाज खाया

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गाढा केचकी गांव में बीती रात जंगली हाथियों के एक झुंड ने गांव के रंजीत खेरवार,विनोद असुर, शनिचरिया असुर के घर को तोड़कर घर में रखा गया धान व अन्य अनाज खा गए। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि आधी रात को अचानक जंगली हाथियों का झुंड गांव में घुस गया। और घरों को तोड़ने लगा साथ ही घर में रखा अनाज खा गया। जिससे ग्रामीण काफी दरकार रात जगा करने लगे इधर सुबह होने पर हाथी जंगल की ओर चले गए है। वहीं जिन ग्रामीणों का घर जंगली हाथियों ने तोड़ा है उन्होंने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

## वैज्ञानिक पद्धति से तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह



**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** वैज्ञानिक पद्धति से तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह विकास भारती बिशनपुर के अंबेडकर सभागार में किया गया । सिद्धों कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड रांची के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रमाण पत्र वितरण किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गैर विभाग यह प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य पंकज कुमार सिंह, प्रधानमंत्री कौशल केंद्र, के प्रभारी संजय कुमार, मधुमक्खी पालन के प्रशिक्षक आनंद कुमार, सिलाई कढ़ाई के प्रशिक्षक श्रीमति रीतू कुमारी, कुम्हारगिरी के प्रशिक्षक जीवनंदन महतो, कंप्यूटर के प्रशिक्षक सौरभ कुमार और बिरेंद्र सिंह उपस्थित थे । कार्यक्रम में दो प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपना अनुभव कथन भी सुनाया गया। प्रशिक्षणार्थियों के नाम क्रमशः मुहम्मद अकरम और आफताब जिलानी है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन के द्वारा स्वाबलंबी बनाना है।

## बीडीओ ने गणतंत्र दिवस पर सभी संस्थानों में झंडोत्तोलन के समय को लेकर की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने गणतंत्र दिवस पर सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन की समय सारणी को लेकर जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी और संस्थान के लोगों के साथ बैठक किया। इस क्रम में प्रखंड सह अंचल कार्यालय घाघरा में प्रातः 8 बजे, महात्मा गांधी पुस्तकालय में 8:15, पशुपालन कार्यालय में 8:25, पंचायत सचिवालय में 8:35, घाघरा थाना में 8:45, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9:10, शहिद देवनारायण भगत चांदनी चौक में 9:20, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय में 9:40, मध्य विद्यालय में 9:50, टाना भगत इंटर कालेज में 10 बजे, शहीद संतोष उरांव स्मारक स्मृति चपका में 10:15, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय घाघरा 10:30 मिनिट में निर्धारित किया गया। बैठक में प्रखंड प्रमुख सविता देवी, थाना प्रभारी तरुण कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का, प्राचार्य अरशद मोमिन,अगस्टीन महेश कुजूर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सामुदायिक गतिविधि केंद्र में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा समिति का गठन




**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आदिवासी विश्व विद्यालय झारखंड छत्तीसगढ़ उड़ीसा बॉर्डर स्थित सामुदायिक गतिविधि केंद्र में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा जिला समिति गुमला का गठन किया गया जिसमे संरक्षक जयराम उरांव भरनो लाल देव भगत घाघरा जगदेव उरांव सिसई सुरेंद्र राम बसिया , राजकुमार सिंह कामदारा तथा मनोज कुमार भगत संयोजक सह संरक्षक बनाया गया तथा झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा गुमला जिला समिति का गठन किया गया जिसमे जिला अध्यक्ष अशोक कुमार भगत ,उपाध्यक्ष योगेंद्र नाथ मिश्रा,उपाध्यक्ष राजेंद्र तिर्की महासचिव नारायण भगत संयुक्त सचिव कृष्ण गोप ,संयुक्त सचिव आजाद अली को सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। इस बैठक में गुमला जिला के सभी प्रखंडों से झारखंड आंदोलनकारी के सभी पुराने चिन्हित आंदोलनकारी विख्यात आंदोलनकारी उपस्थित थे इसमें घाघरा से लाल देव भक्त बिशनपुर से सुरेश भगत सिसई से जगदेव उरांव भरनो से जय राम उरांव कामादारा से कृष्ण गोप बसिया से सुरेंद्र राम गुमला से मनोज कुमार भगत तथा काफी संख्या में आंदोलनकारी उपस्थित हुए आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक में माननीय मंत्री दीपक बरवा राजस्व भूमि सुधार सह परिवहन विभाग मोबाइल फोन के द्वारा आंदोलनकारीयो को संबोधित किया और सरकार की ओर से आंदोलनकारी के लिए किया जा रहे कार्यों एवम सरकार की ओर से किए जा रहे निर्णय को बताएं इस बैठक में मुख्य रूप से दुर्गा उरांव ओस्वोन टोप्पो चैतू ओरेन पिरपितवा एक्का शशि सरिता लकड़ा की टीम द्वारा स्वागत किया गया।

# अवैध खनन और क्रशरों पर जिला प्रशासन ने की छापेमारी

## अवैध रूप से चल रहे क्रशरों को किया गया सील

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बसिया अनुमंडल क्षेत्र में खनन पट्टों, क्रशरों और अवैध उत्खनन के विरुद्ध औचक निरीक्षण और छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी, बसिया के नेतृत्व में, जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बसिया और शशस्त्र पुलिस बल की उपस्थिति में की गयी। निरीक्षण के दौरान, मौजा बसिया के दो प्लॉटों पर स्थित क्रशर मशीनों को संचालनरत पाया गया, जबकि उनका स्वीकृति पत्र (सीटीओ) पहले ही समाप्त हो चुका था। नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर दोनों क्रशर मशीनों के इंजन रूम को सील कर दिया गया।

इसके अतिरिक्त, छापेमारी के समय पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। ट्रैक्टर को बसिया थाना भेजकर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई शुरू की गयी है। धारित खनन पट्टों की भी जांच की गयी और अनियमितताओं के लिए नोटिस जारी किये जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खनन नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## सिरा सीता राजकीय मेला जतरा स्थल का किया गया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला प्रशासन गुमला ने आगामी सिरा सीता राजकीय मेला/जतरा के आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने हेतु सिरा सीता स्थल का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि गुमला जिले के डुमरी प्रखंड अंतर्गत अकासी पंचायत में स्थित सिरा सीता को पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा राजकीय मेला/जतरा का दर्जा दिया गया है। इस मेला का आयोजन 5 और 6 फरवरी 2025 को किया जायेगा। जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उप विकास आयुक्त, गुमला की अध्यक्षता में आयोजित इस निरीक्षण में प्रशासनिक अधिकारियों ने मेला स्थल पर मूलभूत सुविधाओं, विधि-व्यवस्था, और सुरक्षा व्यवस्था की रूपरेखा तैयार की। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सेवाएं, और यातायात प्रबंधन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित धर्मगुरु बंधन तिग्गा और समाज के अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने मेला/जतरा की पारंपरिक विधियों को बनाए रखते हुए इस भव्य आयोजन के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। निरीक्षण दल में उप विकास आयुक्त के साथ अपर समाहर्ता गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर, भूमि सुधार उप समाहर्ता चैनपुर, कार्यपालक दंडाधिकारी चैनपुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरी, अंचलाधिकारी डुमरी, जिला खेल सह पर्यटन पदाधिकारी गुमला, पर्यटन विशेषज्ञ शुभम पटेल, पंचायत समिति सदस्य, स्थानीय मुखिया एवं प्रखंड-अंचल कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेला में शांतिपूर्ण तरीके से शामिल हों और प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गयी सुविधाओं का लाभ उठाएं।

## अनिल कुमार ने अलाव की व्यवस्था करने के लिए प्रशासन से लगायी गुहार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध समाज सेवी सह पूर्व वार्ड पार्षद अनिल कुमार ने सदर अनुमण्डल के अनुमंडल पदाधिकारीअलाव की व्यवस्था करने की अपील की है। इस आशय का एक पत्र अनुमंडल पदाधिकारी को लिखा है। उक्त पत्र में शीत लहर के प्रक्रोप से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। अनील कुमार ने बताया है कि इस वर्ष कड़ाके की ठंड से जिला मुख्यालय शीतलहरी की चपेट में है। गरीब, असहाय, निराश्रय लोग और नगर में रात्रिकालीन में विश्राम करने वाले जानवर भी त्रस्त हैं । इस लिए नगरीय क्षेत्र के सदर अस्पताल परिसर, महावीर चौक, शहीद चौक, छठ तालाब, लुथेरान चौक आदि स्थानों पर अलाव जलाना जरूरी है।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाघरा।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा घाघरा में किया गया। जिसकी शुरूआत घाघरा जग बगीचा से शुरू होकर प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न चौक चौराहे होते हुए ब्लॉक परिसर चबूतरा के समीप पहुंचे जहां कांग्रेस नेत्री बॉबी भगत के पुत्र के हुए निधन पर 2 मिनट का मौन धारण किया गया और कार्यक्रम का समापन किया गया। इस क्रम में जिला कांग्रेस महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी देश के संविधान, सामाजिक न्याय, समानता के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध है। इन मूल्य पर हो रहे हमले के खिलाफ हमारी मांग है कि देश के गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा दे। भीम राव अंबेडकर जी के लिए देश के जनता का एक अलग ही लगाव है भाव है। प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने कहा कि देशभर में भीमराव अंबेडकर जी के सम्मान में कई कार्यक्रम की जा रही है।

वहीं युवा कांग्रेस बिशनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष आदित्य भगत ने कहा कि संविधान के रचयिता के प्रति इस तरह का विवादित बयान देश के गृह मंत्री के द्वारा दिया जाना अशोभनीय है। मौके पर ज़िला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा राजू उराव, ज़िला शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अगस्टीन महेश कुजूर, अल्पसंख्यक अध्यक्ष नसीम अंसारी, आदित्य भगत, दिलबहार अंसारी, सौरभ भगत, सत्यदेव सिंह, शिव साहू, कालीम अंसारी, सोमनाथ भगत, इलाही राय, कयूम अंसारी, बिनू राम, रुबेंन भगत, सुमंत ठाकुर सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## 25 जनवरी को पार्टी स्तर पर संविधान गौरव दिवस मनायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को पार्टी स्तर पर संविधान गौरव दिवस मनायेगी। उक्त बातें भाजपा के जिला अध्यक्ष विनय लाल ने 18 जनवरी को पर्यटन भवन के परिसर में भाजपा की बैठक में कही। बैठक में जिला महामंत्री सभी मंडल के अध्यक्ष, सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष की मौजूदगी रही। इसके अलावे जिला अध्यक्ष ने सभी को अपने अपने मण्डल में आगामी 26 जनवरी के पूर्व दिन सभी मंडलों के दलित बस्ती में बड़े जोर-शोर से संविधान गौरव दिवस मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे देश में विपक्षी दलों ने भाजपा पर संविधान बदल देने का झूठा नैरेटिव फैलाने का काम किया, जबकि कांग्रेस ने ही जबतक वह सत्ता में रहा कभी भी अंबेडकर जी को भारत रत्न नहीं दिया, और जब जब सत्ता में रहे वो संविधान को अनेकों बार संसोधन कर बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करते रहे, बैठक को पूर्व जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी ने अपने सबोधन में कांग्रेस पर 90 बार चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त कर संविधान की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया। वरिष्ठ नेता विनोद कुमार ने कहा कि सदस्यता अभियान को सभी मंडलों को आगामी 30 जनवरी तक समय पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहण करते हुए पूरा कर लेना है। प्रत्येक मंडलों को अपने अपने मंडलों के सभी बूथों से सभी सदस्य को सदस्य बनना है और जो भी कार्यकर्ता 50 सदस्य बनाया लेगा वही सक्रिय सदस्य कहलायेगा और प्रत्येक बूथ से कम से कम दो दो सक्रिय सदस्य कहलायेगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री यशवंत सिंह ने, और धन्यवाद ज्ञापन जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष विनय लाल के अलावे संविधान गौरव दिवस के जिला संयोजक अनुपचंद्र अधिकारी, सह संयोजक पायल तिवारी, जिला महामंत्री यशवंत सिंह, सदस्यता अभियान-24 के जिला संयोजक सागर उरांव, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, वरिष्ठ नेता भूपन साहू, विनोद कुमार, गायत्री देवी, दामोदर कसेरा, जिला मंत्री संजय कुमार साहू, रामचरित्र सिंह, पप्पू लाल गुप्ता, दिनेश चौधरी, योगेंद्र सिंह, कर्मपाल सिंह, नरेश सिंह, हरिशंकर शाही, लक्ष्मी यादव, शम्भू नायक, सुरेश भगत, संतोष देवघरिया, बुधराम नायक के अलावे अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस पर हुए कई कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40वे स्थापना दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा गुमला द्वारा शनिवार को चंचल इंग्लिश स्कूल अरमई जाकर पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में प्रेरणा शाखा अध्यक्ष अंचल अग्रवाल, सचिव ज्योति फोगला ,सदस्य पूनम अग्रवाल, स्वाति गोयल, अंबिका अग्रवाल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष सुबोध कुमार लाल का सराहनीय सहयोग रहा। वहीं मारवाड़ी युवा मंच गुमला द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम गौ माता को गुड़, रोटी और हरी सब्जियां खिलाकर किया गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष समित साबू सचिव संजीव मालानी भूषण नर्सरियां, निखिल नर्सरियां अतुल साबू, आदि उपस्थित थे।

## चैंबर अध्यक्ष के प्रयास से बीएसएनएल का पुराना बकाया 40 प्रतिशत भुगतान पर तय



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शनिवार को चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह अपने कुछ सहयोगियों के साथ बीएसएनएल कार्यालय पहुंच कर बीएसएनल गुमला के एसडीओ राजीव रंजन से मुलाकात की। उपभोक्ताओं के समस्याओं का निदान हेतु चर्चा की। ज्ञात रहे कि विगत दो-तीन दिनों से बीएसएनल का जो पुराना कनेक्शन था उसके उपभोक्ताओं को बकाया राशि के लिए नोटिस दिया जा रहा था। जिसकी जानकारी चेंबर अध्यक्ष तक पहुंची उपभोक्ताओं की शिकायत थी कि आज 12-13 साल के बाद इतना बिल आ रहा है। इसके लिए कोई रास्ता निकाला जाये। अध्यक्ष ने बीएसएनल एसडीओ से कहा कि जो भी बकाया राशि का बिल आ रहा है, उसका 20 परसेंट लेकर ही उपभोक्ताओं को बरी किया जाये। चर्चा होने के बाद यह तय हुआ के बकाया राशि का सिर्फ 40 प्रतिशत ही बकाये दारों को अदा करना होगा। और मामला यहीं खत्म किया जायेगा। जिस पर सब की सहमति बनी विभाग के तरफ से एसडीओ के अलावा मोहम्मद तबरेज जी और रायधर साहू जी उपस्थित थे। कई उपभोक्ताओं ने जैसे लालचंद फोगला, राजू नर्सरिया, प्रकाश कुमार, पंकज कुमार आदि ने अपने बिल का चालिस प्रतिशत देकर राशिद प्राप्त किया और मामले से मुक्त हुए। अध्यक्ष राजेश सिंह ने बाकी उपभोक्ताओं से आह्वान किया के जिनका भी बिल आया है वह बिल का चालिस प्रतिशत देकर अपनी रसीद प्राप्त करें और इस मामले से मुक्त हो। मौके पर राजेश लोहानी, अभिजीत जायसवाल, मोहम्मद इम्तियाज मिनी, लालचन्द फोगला साहित कई लोग मौजूद थे।

## चैंबर के नये पदाधिकारियों को आज दिलायी जायेगी शपथ



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कामर्स के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण रविवार को स्थानीय नगर भवन में होगा। चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2025 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने तय तिथि 15 जनवरी को गुमला चेंबर को सुचारु रूप से चलाने हेतु अन्य पदाधिकारीयों की सूची सौंप दी है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों और अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण रविवार यानी 19 जनवरी 2025 को संध्या 7:30 बजे स्थानीय नगर भवन गुमला में होगा। इसके बाद चेंबर का प्रत्येक कार्य सुचारू ढंग से संचालित होगा।

## पीएलएफआइ उग्रवादी ने शहर के डीएसपी रोड से स्कोर्पियो में नाबालिग छात्रा को किया अगवा

आजाद सिपाही संवाददात

**गुमला।** पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी ने शहर के डीएसपी रोड से स्कोर्पियो में नाबालिग छात्रा को किया अगवा। गुमला में लोगो की हत्या लूट और रंगदारी मांग कर आतंक का पर्याय बने पीएलएफआइ उग्रवादी परमेश्वर गोप जो हाल के दिनों में जेल से छूटकर बाहर आया है। पीएलएफआइ उग्रवादी परमेश्वर गोप ने शहर के एक नामचीन स्कूल में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा को काले रंग का स्कोर्पियो से अगवा कर पुनः पुलिस को चुनौती दे डाली है। छात्रा को अगवा किये जाने की चर्चा पूरे शहर में है। साथ ही कई लोगो ने उसे उग्रवादी द्वारा अगवा करते देखा है। हालांकि छात्रा को उग्रवादी द्वारा क्यो और किस उद्देश्य से अगवा किया गया है इसका खुलासा नहीं हो सका है। उग्रवादी द्वारा यह घटना गुरुवार को दिनदहाड़े अंजाम दिया गया है। घटना के बाद नाबालिग के परिजन डरे सहमे हुये है। बावजूद मामले को लेकर छात्रा के परिजनों ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर नाबालिग छात्रा को बरामद करने की गुहार लगायी है। इधर पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए छात्रा को बरामद करने में जुट गयी है। टेक्निकल सेल और अन्य माध्यमो से उग्रवादी व छात्रा का सुराग लगाया जा रहा है। इस घटना के लव एंगल से भी जुड़े होने की बात बताई जा रही है। हालांकि मामले को लेकर न तो परिजन खुलकर कुछ बता रहे है। और न ही पुलिस कुछ जानकारी दे रही है। बताया जाता है कि तीन दिन बीत जाने के बाद भी छात्रा का अब तक सुराग नही मिला है। ऐसे बताया जाता है कि उग्रवादी ने किसी इंस्टाग्राम आइडी से छात्रा का उसके परिजनों से दो से तीन बार बात करायी है। इस दौरान छात्रा डरी सहमी परिजनों से बात कर रही थी।

साथ ही वह घर लौट आने की बात भी कह रही थी। इधर यह भी बताया जाता है कि परमेश्वर गोप विवाहित है। घटना की जानकारी के बाद छात्रा के परिवार से मिलने उसके घर के आसपास रहने वाले उग्रवादी के पड़ोसी और रिस्तेदार भी पहुंचे थे। छात्रा के परिजनों से उग्रवादी की बेटी भी मिलने पहुंचे थी। उग्रवादी के परिजनों ने भी इस घटना की निंदा करते हुए छात्रा के परिवार को उसकी बेटी के सकुशल वापस लाने को लेकर आश्वस्त किया है। डर के कारण वे चुप्पी भी साधे हुए है। वहीं पुलिस भी मामले को लेकर कुछ बताने से परहेज कर रही है। पुलिस का प्रयास है कि पहले छात्रा सकुशल घर लौट आये। छात्रा के लौटने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पायेगा। छात्रा के कई परिजन भी उसकी बरामदगी के प्रयास में जुटे हुए है। मगर उन्हें भी कोई सफलता नही मिल पाया है। ऐसे बताया जाता है कि परिजन उग्रवादी और छात्रा के करीब पहुंच चुके है। इधर घटना को लेकर बताया जाता है कि प्रत्येक दिन की तरह छात्रा स्कूल जा रही थी। तभी पूर्व से नजर रखे परमेश्वर गोप उसे स्कूल जाने वाले मार्ग से स्कोर्पियो में बैठाकर भाग निकला। जब देर शाम को छात्रा घर नही पहुंची तो परिजन उसे ढूंढने लगे। फिर दूसरे दिन तक परेशान रहे। जिसके बाद उन्हें छात्रा के अगवा किये जाने की जानकारी हुई। इसके बाद वे थाना पहुच कर लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए उसे सकुशल बरामदगी की गुहार लगायी।

### पलाश जेएसएलपीएस के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में बोले लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ

# कार्यस्थलों पर कार्यरत महिलाओं को खुल कर बोलने की जरूरत है: संतोष

## महिलाओं को झूठे केस मुकदमा करने से बचना चाहिए: पीएलबी इंदु भगत

**आजाद सिपाही संवाददाता**


महिलाओं के अधिकार को लेकर बोलते लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ।

**मेदिनीनगर।** महिलाओं के साथ होने वाले अश्लील व्यवहार कानून में अपराध माना गया है। किसी भी महिला को इस प्रकार की स्थिति में चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि सही कदम उठाते हुए न्याय की मांग करनी चाहिए। उक्त बातें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहीं। शनिवार को पलाश जेएसएलपीएस के तत्वाधान में आयोजित एकदिवसीय कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन शोषण (रोकथाम, निषेध, निवारण) अधिनियम 2013 पर बतौर रिसोर्स पर्सन संबोधित कर रहे थे। उक्त कार्यक्रम शनिवार को सभा कक्ष में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर संतोष पाण्डेय ने कहा कि उत्पीड़न की शिकार महिला को किसी प्रकार की कानूनी सहायता की आवश्यकता हो तो डालसा में संपर्क कर सकती हैं। डालसा से अनुभवी वकील कानूनी सहायता में पूरी तरह मार्गदर्शन करेंगे और न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सामने लिंगभेद एक बड़ी समस्या है। जिसके चलते वे खुलकर बोल नहीं पाती है। कहा कि 10 या ज्यादा कर्मचारी वाले कार्य स्थलों पर आंतरिक शिकायत समिति बनायी जानी जरूरी है। पर दुर्भाग्य की बात है कि अभी भी बहुत जगहों पर इस तरह के समिति नहीं बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न के अपराध को भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इसके तहत किसी महिला को गलत तरीके से छूने, अश्लील प्रस्ताव देने, अश्लील सामग्री दिखाने और अश्लील बातें करना अपराध की श्रेणी में आता है। इसके तहत दोषी व्यक्ति को 3 साल की सजा और जुर्माने का भी प्रावधान है। कॉलेज, विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों, शोध छात्रों और अस्पतालों में रोगियों को भी इसके तहत शामिल किया गया है। कहा कि उत्पीड़न की तारीख से तीन माह के भीतर शिकायत आंतरिक शिकायत समिति को पीड़ित महिला कर सकती है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर वन स्टॉप सेंटर, उज्जवला गृह, सुधार गृह व नारी शक्ति पुरस्कार आदि योजनाएं हैं। कहा कि उत्पीड़न के कई प्रकार हैं। जिसमें शारीरिक, मौखिक और गौर मौखिक उत्पीड़न शामिल है। महिलाओं को किसी के भरोसे नहीं रहना चाहिए। उन्होंने विशाखा दिशा निर्देश के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही पीड़िता को मुआवजा के बारे में बताया। कहा कि महिलाओं के साथ दुष्कर्म, यौन शोषण के मामले में डालसा की ओर से मुआवजा भी दिया जाता है। उन्होंने अनुच्छेद 14, 15 व 21 के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रवन्धक जेएसएलपीएस के अनिता केरकेटा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संविधान के अनुच्छेद 15 में केवल धर्म, नस्ल, जाति, लिंग और जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। कहा कि पॉस 2013 के लागू होने के बाद कार्य स्थल पर सेक्सुअल हैरेसमेंट की शिकायत दर्ज करवाना ज्यादा आसान हो गया है। कार्य स्थल पर कमेटी को शिकायत कर सकते हैं या पुलिस स्टेशन में इसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवा सकती हैं। अगर कमेटी को लगता है कि मामला बहुत गंभीर है तो उसकी तरफ से खुद शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। वहीं, नई दिशाएं के सचिव व पीएलवी इंदु भगत ने कहा कि महिला खुद को अबला ना समझे। उनके लिए कानून बना है। कहा कि महिलाओं को झूठे केस मुकदमा करने से बचना चाहिए। उन्होंने महिला हिंसा, कन्या भूर्ण हत्या, बाल विवाह रोकथाम कानून पर भी विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर जिला प्रबंधक समाजिक विकास प्रवीण कुमार, नवल किशोर राजू, अवकेस खलको, वैभव कांत आदर्श, सुनील प्रसाद, सत्यप्रिय तिवारी, मुकेश कुमार, अंकिता, पिंकी कुमारी, सुमन कुमारी आदि उपस्थित थे।

# झारखंड-बिहार के श्रेष्ठ विद्यालयों की श्रेणी में आया संत मरियम का नाम

## अभिनेता सोनू सूद ने चेयरमैन अविनाश देव को किया सम्मानित




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के संत मरियम आवासीय विद्यालय एक बार फिर से सुर्खियों में है। शिक्षा और संस्कार को समावेशित कर चार बच्चों से प्रारंभ हुई विद्यालय झारखंड-बिहार के श्रेष्ठ विद्यालयों की श्रेणी में सुमार हो गया है, जो पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। विदित हो की रांची के होटल ब्लू रेडिशन के सेंट्रल हॉल में एक दैनिक अंग्रेजी अखबार की ओर से आयोजित बिजनेस अवॉर्ड सह सम्मान समारोह में बॉलीवुड के अभिनेता सोनू सूद भी शामिल थे। जिन्होंने बिजनेस अवार्ड के साथ संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव को सम्मानित किया। यह पुरस्कार उक्त अंग्रेजी अखबार के आंतरिक सर्वे शिक्षा, संस्कार, प्रशासनिक व्यवस्था, प्रबंधन, स्वच्छता व सेवा के आधार पर विद्यालय का चयन किया गया। जिसमें संत मरियम एक बार फिर सर्वोपरि साबित हुआ। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि संत मरियम विद्यालय को समय- समय पर बेहतर शिक्षा के लिए पुरस्कार मिलते रहा है। लेकिन दैनिक अंग्रेजी अखबार की नजर में एक बार फिर अग्रणी पंक्ति में संत मरियम विद्यालय को शामिल होना विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। कोरोना काल में मानवता के लिए मिशाल बने अभिनेता सोनू सूद के हाथों बेहतर शिक्षा के क्षेत्र में काम करने के लिए अवॉर्ड मिलना भी गर्व की बात है। इस पूरस्कार के सही हकदार संत मरियम विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी हैं। अवॉर्ड का श्रेय पूरे विद्यालय के बच्चों अभिभावकों को समर्पित करता हूं, जिन्होंने हम पर विश्वास रखकर तीन साल के बच्चे और 16 साल की बेटियों को छात्रावास के हवाले किया। अभिभावकों का विश्वास ही हमारी ताकत है।

# 100 योग्य लाभुकों की सूची को किया गया अनुमोदित

**पीएमकुसुम योजना को लेकर डीसी शशि रंजन ने की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को उनके कार्यालय कक्ष में पीएम कुसुम योजना अंतर्गत सोलर पंप सेट वितरण और इंस्टॉलेशन के लिए लाभुकों के चयन समिति की बैठक हुई। जिसमें जिला स्तर पर गठित समिति की ओर से 100 योग्य लाभुकों की सूची को अनुमोदित करते हुए ज्रेडा के निदेशक को भेजने का निर्णय लिया गया। विदित हो कि साल 2024 के तहत ज्रेडा निदेशक की ओर से प्राप्त कुल 171 ऑनलाइन आवेदनों में से जिला स्तर पर कुल 119 ऑनलाइन आवेदन को सही पाया गया। इसके बाद जांच के लिए सभी 119 आवेदनों को ब्लॉक भेजा गया। जिसमें 100 योग्य किसानों/लाभुकों के आवेदन को आज की बैठक में अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद, जिला कल्याण पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, विद्युत विभाग एवं लघु सिंचाई प्रमंडल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### क्या है पीएम कुसुम योजना

प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत छोटे किसान जिनके पास ढाई एकड़ से अधिक जमीन हो उन्हें सोलर पंप लगाने के लिए आर्थिक मदद दी जाती है। इस योजना के तहत वैसे किसानों का चयन किया जाता है जिनके खेत में ग्रिड कनेक्टिविटी की सुविधा ना हो। चयन के उपरांत सभी किसानों को सिंचाई के लिए 2 एचपी, 3 एचपी एवं 5 एचपी सोलर पंप के लिये क्रमशः 5, 7, व 10 हजार रुपए की राशि देनी होती है। सभी शेष राशि अनुदान स्वरूप सरकार वहन करती है। इस योजना का लाभ पाने के लिए किसान 'कुसुम.झारखंड.जीओवी,इन' पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# पद नहीं, फिर भी निभा रही फर्ज: अरुणा शंकर



## कोयल रिवर फ्रंट की खूबसूरती को बचाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी

**प्रथम महापौर ने कोयल रिवर फ्रंट पर लगे धौलपुर स्टोन की जाली को स्थानीय चिन्हित युवक द्वारा लगातार तोड़े जाने पर दुख प्रकट किया। कहा कि मैं पुन: प्रयास कर टूटे धौलपुर स्टोन की जाली निगम द्वारा नया लगवा रही हूं, ताकि कोयल रिवर फ्रंट की खूबसूरती बनी रहे। टेंडर हो चुका है जिसे बचाने के लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे भी लग गए हैं। अब शहर की इस खूबसूरती को बचाए रखना स्थानीय लोगों की जवाबदेही है। कहा कि जल्द ही स्थानीय अभिभावकों की एक कमेटी बनाऊंगी, ताकि कोयल रिवर फ्रंट की खूबसूरती को बचाई जा सके, जहां से सैकड़ो लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।**

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** अपने सत्र के खत्म होने के बाद भी लगातार क्षेत्र में लगी रहने वाली मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर विगत 15 दिनों से चौक चौराहों पर अपने निजी खर्चे से अलाव जलवा रही हैं। इस कड़ाके की ठंड में शनिवार की रात भी कई अलाव स्थल पर जाकर राहगीरो एवं स्थानीय लोगों से कुशल कामना पूछी और जरूरतमंदों को कंबल दिया। लोगों में चर्चा है कि अरुणा शंकर पहली जनप्रतिनिधि है जो अपने कार्यकाल के खत्म होने के बाद भी अपने निजी खर्च से अपने निजी इलेक्ट्रीशियन, माली रखकर जहां चौक चौराहों, उद्यान के फूल पत्ती में प्रतिदिन पानी पटवाती है, वहीं डिवाइड से लेकर कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान तक के लाइट बत्ती को की देखभाल करवा रही हैं। ताकि शहर की खूबसूरती बनी रहे। शुक्रवार की रात प्रथम महापौर ने अलाव की व्यवस्था देखते हुए कहा कि मैं शहर की नगर माता रही हूं जिसका दायित्व एक मां की तरह पद पर रहूं ना रहूं निभा रही हूं।

## पूर्व विधायक कमलेश सिंह ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर की क्षेत्र की खुशहाली की कामना



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ के चौथे दिन शनिवार को माता की प्रतिमा का महास्नान व पूजन कर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की शुरूआत की गयी। चौथे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा की। इसमें राज्य के पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह और अजीत सिंह ने भी यज्ञशाला की परिक्रमा कर क्षेत्र के लोगों की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर से वैदिक मंत्रोचारण के साथ माता का डोला उठाया गया। जिसे नगर भ्रमण के बाद पुनः मंदिर परिसर लाया गया। मंदिर निर्माण व पांच दिवसीय महायज्ञ भाजपा नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कराने का प्रण लिया था। उसे पूरा किया है। यज्ञ के यजमान चंदन कुमार सिंह एवं ज्योत्सना सिंह हैं। रविवार को भंडारा के साथ यज्ञ संपन्न होगा। वहीं, पूर्व मंत्री कमलेश सिंह ने कहा कि सृष्टि को चलने वाले के प्रति आस्था सभी की होनी चाहिए। उन्होंने मंदिर निर्माण कर माता की भव्य प्रतिमा स्थापित करने का जो प्रण लिया था, उसे माता ने पूरा कराया। जिससे उन्हें काफी खुशी हो रही है। उन्होंने भंडारा में क्षेत्र वासियों को आमंत्रित करते हुए उन्हें मंदिर परिसर पहुंचने का आग्रह किया है।

# जपला जेएनवी-2 की प्रवेश परीक्षा में 1753 में से 1377 विद्यार्थी हुए शामिल

**सभी केंद्रों पर मजिस्ट्रेट के साथ सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की ओर से संचालित जवाहर पलामू के नवोदय विद्यालय 02 के कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा शनिवार को हुसैनाबाद में कदाचारमुक्त संपन्न हुआ। परीक्षा को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त की गयी थी। सभी केंद्रों पर एसडीएम स्तर से मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात थे। इस परीक्षा में पलामू जिले के 11 प्रखंड के 1753 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 1377 ही उपस्थित हुए। शेष 376 अनुपस्थित रहें। इस दौरान प्रभारी एसडीएम गौरांग महतो ने उर्दू मध्य विद्यालय, बक्शी उच्च विद्यालय व बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। परीक्षा को सफल बनाने में नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अशहर रूमी, नामांकन प्रभारी सह लाइब्रेरी आशमुनि प्रसाद, अभिषेक कुमार, नसीम मालिक, शालिनी तिग्गा, नितिन पाण्डे आदि का योगदान रहा। वहीं, हुसैनाबाद प्रखंड के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र प्लस 2 बालिका उच्च विद्यालय में प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट सह अंचलाधिकारी पंकज कुमार, एसआई नर्मदेश्वर सिंह, स्कूल के प्राचार्य प्रेम प्रकाश सिंह सजग दिखे। जबकि क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कौलेश्वर दास, बीइओ रामनरेश राम ने भी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

### जीसीपीए कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती समापन समारोह आयोजित

# खेल कूद से विद्यार्थियों का होता है शारीरिक और मानसिक विकास

**युवाओ के कंधो पर है देश के भविष्य की जिम्मेवारी: प्रोफेसर राजकिशोर लाल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर के सड़मा स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा महोत्सव का समापन समारोह शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। अपने संबोधन में प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल के कोलकाता के एक कुलीन बंगाली कायस्थ परिवार में जन्मे विवेकानंद का नाम नरेंद्रनाथ दत्त था, जिनका जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ था। उनका शुरू से ही आध्यात्मिकता की ओर झुकाव था। वे पश्चिमी दुनिया में वेदांत और योग के भारतीय दर्शन को पेश करने में एक प्रमुख व्यक्ति थे। उन्होंने औपनिवेशिक भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ने के लिए एक उपकरण के रूप में भारतीय राष्ट्रवाद की अवधारणा में योगदान दिया। स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। उन्हें अपने भाषण के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है, जिसकी शुरूआत अमेरिका की बहनों और भाइयों ... शब्दों से हुई थी, जिसमें उन्होंने 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में हिंदू धर्म का परिचय दिया था। उनकी कृतियों पर विशेष चर्चा करते हुए कहा कि आज के युवा भी किसी रूप में कम नहीं है, वे अपनी स्किल और बुद्धि से देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी सहभागिता निभा सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 12 जनवरी को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में देश के सभी इलाके से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको को संवाद के लिए जुटा कर विकसित राष्ट्र निर्माण में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की। वहीं प्रो अखिलेश सिंह ने उनकी जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला एवं विधार्थियो को अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक रहने के लिए स्वामी विवेकानंद जी कि ये पंक्ति ' उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक कि लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये ' कहीं। वहीं प्रो अमित कुमार ने उनके आध्यात्मिक, सामाजिक एवं धार्मिक जीवन पर चर्चा की। दूसरी ओर, कॉलेज के खेल विभाग की ओर से वार्षिकोत्सव खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। लुड्डो, कैरम और चेस खेल विधार्थियो के बीच खेल कराया गया। वहीं, प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि खेल कूद से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। मंच का संचालन योगेंद्र विश्वकर्मा और धन्यवाद ज्ञापन प्रो मुन्नी देवी ने किया।

# कांग्रेस ने निकाली संविधान अभियान पदयात्रा




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस की ओर से जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान के तहत शनिवार को हुसैनाबाद में पदयात्रा निकाला। जिसका नेतृत्व पार्टी के जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक, हुसैनाबाद के युवा कांग्रेस नेता सह प्रदेश सचिव, प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर पाठक व प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह के किया। इस दौरान शहर के अंबेडकर चौक से पैदल मार्च निकलकर बाजार क्षेत्र में भ्रमण किया। वक्ताओं ने कहा की वर्तमान में देश में संविधान पर हमले हो रहे है। स्वतंत्रता सेनानियों एवं महापुरुषों को लगातार अपमानित किया जा रहा, जो चिंता की बात है। इसलिए एक-एक कांग्रेसी व आम जनता को आगे आकर संविधान की रक्षा के लिए खड़ा होना होगा। मौके पर अवध बिहारी सिंह, शैलेश सिंह, अर्जुन सिंह, शंभू सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, महताब सिद्दीकी आदि थे।

**कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, (I.T.D.A) लातेहार**
**(अ0ज0जा0,अ0जा0,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**आम सूचना**

लातेहार जिला के प्रखण्ड–लातेहार, बरवाडीह एवं गारू में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का संचालन प्रारम्भ किया जाना है। जिसमें तत्कालीन रूप से अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता है, जिसके लिये स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, कला/क्राफ्ट शिक्षक एवं शारीरिक शिक्षक (महिला/पुरूष) का चयन हेतु पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्वः अभिप्रमाणित प्रति तथा पासपोर्ट साईज फोटो के साथ विहित प्रपत्र में दिनांक–10.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक केवल निबंधित/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सशर्त आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन हेतु प्रपत्र लातेहार जिला के वेबसाईट latehar.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

उपायुक्त, लातेहार

PR 344587 Welfare(24-25)#D

**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 08/2024–25**
**(Second Call)**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंचायती राज विभाग द्वारा जिला परिषद कोडरमा अंतर्गत विभिन्न भवनों, परिसम्पत्तियों का निर्माण, मरम्मति एवं नवीनीकरण मद से स्वीकृती प्रदत्त क्रमांक 01 में वर्णित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0 स0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कोडरमा | Construction of Market Complex in Jhumri Tilaiya under Koderma Zila Parishad | 34267611.00 | 686000.00 | 10000.00 | 15 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **20.01.2025**
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– **21.01.2025 से 27.01.2025, अपराह्न 05:00 बजे तक।**
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **28.01.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे।**
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– **जिला अभियंता, जिला परिषद कोडरमा।**
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 **9934546408** एवं ई–मेल ddczpkoderma@gmail.com
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता/संवेदक की होगी।

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 344588 Panchayati Raj(24-25)#D

# हर व्यक्ति को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना होगा: एसएसपी



जागरूकता रैली में शामिल धनबाद के एससएसपी, डीएसपी ट्रैफिक व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शनिवार को रणधीर वर्मा चौक से सिटी सेंटर तक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हदीप पी जनार्दनन एवं डीएसपी ट्रैफिक अरविंद कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर सड़क सुरक्षा के प्रति समाज के हर व्यक्ति को जागरूक बनाना है। कहा कि सड़क पर लगातार वाहनों की संख्या बढ़ रही है। सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए लोगों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति या उनके परिवार पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है। कभी-कभी देखा गया है कि सड़क दुर्घटना में परिवार का एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसलिए सभी लोगों से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जाती है। रैली के दौरान पुलिस उपाधिक्षक यातायात अरविंद कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात के नियमों की जानकारी दी गयी। इस मौके पर नेहरू युवा केंद्र के रवि मिश्रा, सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनिल कुमार, रोड इंजिनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार, आइटी देवेंद्र कुमार, नेहरू युवा केंद्र और पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज के छात्र, ट्राफिक पुलिस आदि उपस्थित थे।

## बाघमारा में फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था कायम करने की कोशिश

# एरिया-3 के जीएम भी रडार पर: एसएसपी

- कहा- अपराधियों से जीएम ने जबरन करवाये काम
- हिलटॉप आउटसोर्सिंग हिंसा मामले में पुलिस की सख्ती, अब तक 18 गिरफ्तारियां

आजाद सिपाही संवाददाता



मधुबन क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते धनबाद के एसएसपी व अन्य आला अधिकारी।

**महुदा।** विगत दिनों हिलटॉप आउटसोर्सिंग में हुई हिंसक घटना और बाघमारा डीएसपी पर हमले के मुख्य आरोपी कारू यादव की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज कर दी है। शनिवार को धनबाद के एसएसपी हदीप पी जनार्दनन, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, डीएसपी ट्रैफिक और डीएसपी विधि-व्यवस्था सहित बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र के सभी पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारी मधुबन पहुंचे। उन्होंने घटना को लेकर समीक्षा बैठक की और मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रणनीति बनाई। इसके बाद पुलिस ने फ्लैग मार्च किया, जो महेशपुर पेट्रोल पंप, खरखरी और नवागढ़ होते हुए पुनः मधुबन थाना पहुंचा। इस दौरान एसएसपी ने पत्रकारों से बातें करते हुए कहा कि यह फ्लैग मार्च क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया गया। बताया कि घटना में संलिप्त एक पक्ष के सभी मुख्य आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि दूसरे पक्ष के कुछ आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है। जल्द ही बाकि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसएसपी ने चेताते हुए कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति बर्चस्व की लड़ाई के तहत हथियार या बम का इस्तेमाल करेगा, उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि अगर बीसीसीएल, आउटसोर्सिंग या अन्य मामलों को लेकर कोई समस्या हो, तो वे सीधे पुलिस और संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त मामले में अबतक 18 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। पुलिस ने 20 से अधिक लोगों के खिलाफ नामजद मामले दर्ज किए हैं। एसएसपी ने बताया कि इस घटना में कुल 11 मामले दर्ज हैं। आगे और भी मामले दर्ज किए जाने की संभावना हैं। उन्होंने कहा कि इस हिंसा में एरिया-3 के जीएम के खिलाफ भी पुलिस जांच कर रही है। जीएम ने बिना पुलिस को सूचित दिये काम शुरू किया था, जबकि एसडीएम ने उन्हें रैयतों के विस्थापन और मुआवजे के समाधान तक काम शुरू नहीं करने का निर्देश दिया था। लेकिन उन्होंने यहां के अपराधियों के बल पर पुलिस एवं स्थानीय थाना को बिना सूचना दिए काम शुरू कराया. इसपर भी पुलिस जांच कर रही हैं। अगर जीएम के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य मिले, तो उन पर भी कार्रवाई होगी। उन्होंने यादव महासभा के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि पुलिस कभी भी एकतरफा कार्रवाई नहीं करती। यदि कोई पुलिस पर हमला करेगा, तो उसके खिलाफ पहले कार्रवाई होगी। अगर यादव महासभा अपराधियों का समर्थन करती है और पुलिस का मनोबल तोड़ने का प्रयास करती है, तो यह बिल्कुल अनुचित है।

# सीसीएल सीकेएस ढोरी की क्षेत्रीय एजेंडा बैठक में 51 सूत्री समस्याओं पर हुई चर्चा



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी क्षेत्र के 51 सूत्री क्षेत्रीय एजेंडा वार्ता बैठक शनिवार को हुई। प्रबंधन की ओर से बैठक की अध्यक्षता ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय सिन्हा व संचालन अमला अधिकारी कार्मिक सुरेश सिंह ने किया। जबकि यूनियन की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन विनय सिंह ने किया। बैठक में सीसीएल के संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रविन्द्र मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रवींद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि आज की एजेंडा बैठक में कामगरों के 51 सूत्री ज्वलंत समस्याओं पर संगठन की ओर से प्रबंधन को ध्यानाकर्षित कराया गया है। कर्मचारियों के आवास मरम्मत, एसएलपी, शुद्ध पेय जल, कामगरों के सैप से कर्मचारियों के वेतन विसंगतियों, सुरक्षा, आवास आवंटन कमेटी, माइंस विस्तारीकरण, अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, सीआरपी, थायरॉइड जांच आदि समस्याओं से प्रबंधन को अवगत कराया है। जिस पर प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। मौके पर प्रबंधन की ओर से ढोरी खास के पीओ रंजीत कुमार, एएडीओसीएम पीओ राजीव सिंह, एसडीओसीएम शैलेश प्रसाद, एसओ सेफ्टी मनोज कुमार सिंह, एसओ ईएंडएम गौतम मोहंती, एसओ सिविल मनोज कुमार शाह, एएफएम मो शाहिद हुसैन, कार्मिक प्रबंधक अभिषेक सिन्हा, सीताराम यूके, अनिल सिन्हा, डॉक्टर शिवेंदु शर्मा, संगठन की ओर से संगठन मंत्री नुनुचंद महतो, शाहनवाज खान, हीरालाल रविदास, राजेश पासवान, सुबीर मुखर्जी, सोमनाथ मिश्रा, फूलचंद किस्को, प्रतोष कुमार रॉय, अजय सिंह, प्रमोद शर्मा, भोला राम, गौतम लोहार, चंद्रकांत प्रसाद, शरद कुमार, गणेश स्वामी, उमेश कुमार, गब्बर सिंह, प्रेमलता देवी, सुमिति कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी शराब दुकानों में फिर ली जाने लगी प्रिंट रेट से अधिक कीमत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सरकारी शराब दुकानों में प्रिंट रेट से अधिक रुपए वसूले जाने का सिलसिला फिर शुरू हो गया है। बतातें चलें की मीडिया में लगातार खबरें प्रकाशित होने व उत्पाद विभाग की सख्ती के चलते एक महीने पहले तक सरकारी शराब दुकानों में प्रिंट रेट से अधिक कीमत वसूली बंद हो गयी थी। पर एक बार फिर से प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने का सिलसिला जिले के सभी सरकारी दुकानों में शुरू हो गया है। सेल्समेन में प्रशासन का कोई भय नहीं है। इस बाबत पूछे जाने पर सेल्समैन का कहना है कि ऊपर से आदेश हैं। बात कर लीजिए। वहीं, अधिक रुपये लिए जाने को लेकर ग्राहकों और सेल्समेन के बीच कई बार हाथापाई की नौबत तक आ चुकी है। ग्राहक विक्की कुमार, सपन राय, संतोष कुमार ने बताया कि कई शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती और प्रिंट रेट से अधिक पैसे देने पड़ते हैं। वहीं, समाजसेवी मगधेश कुमार ने भी इस विषय पर कई बार विभाग को शिकायत की है, लेकिन इसका हल अभी तक नहीं निकल पाया है। विधायक राज सिन्हा ने भी इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए सरकार पर सवालिया निशान खड़े किए थे। कहा था की कई बार जांच को लेकर कहा गया पर सरकार के इशारे पर यह सारा खेल चलता है। जबकि उत्पाद सह आयुक्त रामलीला रवानी का कहना है प्रिंट रेट से अधिक पैसे लेने वाले सेल्समैंन पर कार्रवाई की जाएगी।

# असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य जांच शिविर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने बरोरा के मोराईडीह में निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की शुरूआती पहचान कू जानकारी देना है। इस शिविर में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के विशेषज्ञ चिकित्सक की ओर से समुदाय आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट (एसपीओ-2) फॉर्म भर कर विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गईं, जिसमें कैंसर स्क्रीनिंग, रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच शामिल थी। शिविर में भाग लेने वाले सभी लोगों को आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। शिविर में 200 से अधिक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कैंसर के शुरूआती लक्षणों की पहचान करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित जांच की अहमियत के बारे में जानकारी दी। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे अपनी स्वास्थ्य स्थिति का नियमित रूप से मूल्यांकन कराएं और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

# 29 से बाघमारा अंचल के रैयत करेंगे सत्याग्रह आंदोलन

**कतरास (आजाद सिपाही)।** रैयतो को अपने जमीन संबंधी हर काम कराने के लिए रिश्वत देना पड़ता है। मुख्यमंत्री के आदेश को अधिकारी गंभीरता से नहीं लेते है। बिना पैसा दिए कोई काम नहीं होता है। राज्य में अबुआ नहीं, बलिक्क बबुआ राज चल रहा है। उक्त बातें ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक जगत महतो ने कहा कही। बताया कि बाघमारा अंचल के विभिन्न गांव के रैयत 29 जनवरी से धनबाद के बंदोवस्त कार्यालय में सत्याग्रह आंदोलन सुरू कर रहें है। जिसकी लिखित सूचना रैयतों ने बंदोवस्त पदाधिकारी सहित डीसी एवं आरक्षी अधीक्षक को भी दे दिया है।

# अग्निवीर वायु पदों के भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय वायु सेना (आइएएफ) ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु पदों के लिए पुरुष व महिला उम्मीदवारों की भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। इसके लिए पंजीकरण 27 जनवरी तक आधिकारिक वेबसाइट अग्निपथवायु.सीडीएसी.इन पर किया जा सकेगा। उम्मीदवार अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए 7 जनवरी सुबह 11 बजे से ही भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर लॉग इन कर ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 27 जनवरी की रात 11 बजे तक चलेगी। इस भर्ती में 1 जनवरी से एक जुलाई 2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच जन्में अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। साथ ही इच्छुक अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार भर्ती से संबंधित सभी नियमों की जानकारी भारतीय वायुसेना की वेबसाइट से ले सकते हैं।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

70वीं औपबंधिक सूची
जिला–गुमला (पार्ट–2)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938,दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पुनीत उराँव एवं नीलू देवी के द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–942/24 2. आवेदक–मैयाराम उराँव , पिता–बन्धूराम उराँव<br>3. ग्राम–पोखरा टोली सारगो, पोस्ट–सारगो ,थाना– घाघरा ,प्रखण्ड– विषनपुर<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–943/24 2. आवेदक–बलका उराँव , पिता–गन्दूरा उराँव<br>3. ग्राम–मलगो, पोस्ट–सारगो ,थाना– घाघरा ,प्रखण्ड– विषनपुर<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–56वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–944/24 2. आवेदक–सतवीर उराँव, पिता–बाघू उराँव<br>3. ग्राम–भरनो , पोस्ट–भरनो, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें हाथ में तिल का निषान । | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–945/24 2. आवेदक–चुमरी उराईन पति–भिखू उराँव<br>3. ग्राम–माराषिली , पोस्ट– माराषिली, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निषान । | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–946/24 2. आवेदक–करमी देवी पति–फागु उराँव<br>3. ग्राम–माराषिली ,पोस्ट– माराषिली, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निषान । | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–947/24 2. आवेदक–लिलवा देवी पति–सनी उराँव<br>3. ग्राम– बोडो अम्बा टोली ,पोस्ट– सिसई, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निषान । | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–948/24 2. आवेदक–तिजो उराईन पति–लखन उराँव<br>3. ग्राम– मंगलो ,पोस्ट– सिसई, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निषान । | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–949/24 2. आवेदक–तिजवा उराँव पिता–मंगरा उराँव<br>3. ग्राम– नगरजामटोली ,पोस्ट– नगर, थाना– सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निषान । | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–950/24 2. आवेदक–सुमी देवी पति–सुकरा उराँव<br>3. ग्राम– षिवनाथपुर ,पोस्ट– सिसई, थाना– सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–43वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निषान । | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–266/24 2. आवेदक–लक्ष्मी उराईन पति–सोमरे उराँव<br>3. ग्राम– कुम्हारिया ,पोस्ट– कुम्हारिया थाना– भण्डरा, प्रखण्ड– भण्डरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निषान । | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भौवा उराँव एवं नीलमनी भगत द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–951/24 2. आवेदक–सतिष उरांव , पिता –बिरसु उरांव<br>3. ग्राम–जाहुप कोको टोली , पोस्ट–बनारी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–952/24 2. आवेदक–जसिन्ता कुमारी , पिता – सोमा उरांव<br>3. ग्राम–जाहुप कोको टोली , पोस्ट–बनारी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–953/24 2. आवेदक–सूरज देव चीक बड़ाईक , पिता –स्व0 मदन चीक बड़ाईक<br>3. ग्राम–जाहुप कोको टोली , पोस्ट–बनारी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–954/24 2. आवेदक–सुमरीत देवी , पति – धनेष्वर उरांव<br>3. ग्राम–जाहुप कोको टोली , पोस्ट–बनारी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–955/24 2. आवेदक–सुखदेव उरांव , पिता –स्व0 सहदेव उरांव<br>3. ग्राम–लबगा , पोस्ट–जोरी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–956/24 2. आवेदक–देषा उरांव , पिता –स्व0 छोटेया उरांव<br>3. ग्राम–बेन्दी , पोस्ट–बनारी , थाना–बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–957/24 2. आवेदक–धनेष्वर उरांव , पिता –स्व0 बलदेव उरांव<br>3. ग्राम–बोरांग , पोस्ट–जमटी , थाना–बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के कलाई में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–958/24 2. आवेदक–सोमारी देवी , पति – लछू उरांव<br>3. ग्राम–लापू , पोस्ट–जोरी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–959/24 2. आवेदक–फूलापती देवी , पति – बिले उरांव<br>3. ग्राम–जाहुप कोको टोली , पोस्ट–बनारी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–960/24 2. आवेदक–संजय उरांव , पिता –स्व0 धाना उरांव<br>3. ग्राम–कुमारी , पोस्ट–जमटी , थाना–बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल पर घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–961/24 2. आवेदक–लिलमनी देवी , पति –रतिया उरांव<br>3. ग्राम–लगंडा , पोस्ट–मरवई , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–56वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–962/24 2. आवेदक–कुलदीप उरांव , पिता –सोहराई भगत<br>3. ग्राम–जाहुप कोको टोली , पोस्ट–बनारी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–267/24 2. आवेदक–दुगेष्वर उरांव , पिता –रूपनाथ उरांव<br>3. ग्राम–बड़ा अम्बेरा , पोस्ट–ईरगाँव , थाना– भण्डरा , प्रखण्ड– भण्डरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आँख के पास तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–963/24 2. आवेदक–अलक्सियुस केरकेट्टा , पिता –स्व0 निकोलस केरकेट्टा<br>3. ग्राम– बिषुनपुर , पोस्ट– बिषुनपुर , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–964/24 2. आवेदक–सुरेष भगत , पिता –स्व0 तिजवा भगत<br>3. ग्राम– बिषुनपुर , पोस्ट– बिषुनपुर , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने घुटना में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–965/24 2. आवेदक–सुधा कुमारी भगत , पति –स्व मतिराम भगत<br>3. ग्राम– बिषुनपुर , पोस्ट– बिषुनपुर , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–861/24 2. आवेदक–चरवा उरांव , पिता –स्व0 सुका उरांव<br>3. ग्राम–बेतर , पोस्ट–बरवाटोली , थाना– लातेहार , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ के अँगुली टेढ़ा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–966/24 2. आवेदक–सिलदेव उरांव , पिता –कैलाष उरांव<br>3. ग्राम– गोबर सेला , पोस्ट–जमटी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–967/24 2. आवेदक–सुधेष उरांव , पिता –स्व0 सुका उरांव<br>3. ग्राम–लापु बेरीटोली , पोस्ट–सलामना टोली , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–968/24 2. आवेदक–चन्द्रेष उरांव , पिता –स्व0 करमा उरांव<br>3. ग्राम–तितही , पोस्ट–बनारी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–969/24 2. आवेदक–षांति देवी , पति –स्व मकले उरांव<br>3. ग्राम– लापु , पोस्ट–जोरी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–970/24 2. आवेदक–सोमेष्वर उरांव , पिता –मैयाराम उरांव<br>3. ग्राम– लापु , पोस्ट– घाघरा जोरी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–971/24 2. आवेदक–सहेन्द्र उरांव , पिता –स्व0 झरिया उरांव<br>3. ग्राम–जाहुप , पोस्ट–बनारी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–972/24 2. आवेदक–सुरजा ब्रिजिया , पिता –स्व0 पुसा ब्रिजिय<br>3. ग्राम–जाहुप , पोस्ट–बनारी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–973/24 2. आवेदक–बिहारी उरांव , पिता –स्व0 सुकरू उरांव<br>3. ग्राम–जाहुप कोको टोली , पोस्ट–बनारी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–974/24 2. आवेदक–धरमू उरांव , पिता –स्व0 लेदवा उरांव<br>3. ग्राम–जाहुप कोको टोली , पोस्ट–बनारी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–आँख में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–975/24 2. आवेदक–देवनाथ उरांव , पिता –स्व0 तिम्बु उरांव<br>3. ग्राम–चम्पा टोली , पोस्ट–सातो , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–976/24 2. आवेदक–रोबर्ट प्रदीप कुजूर , पिता –स्व0 थोमस कुजूर<br>3. ग्राम–अंकुरी , पोस्ट–बनारी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–977/24 2. आवेदक–बोलोमिना देवी , पति –बिरेन्द्र उरांव<br>3. ग्राम– कोको टोली , पोस्ट–बनारी , थाना– बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–979/24 2. आवेदक–कलावती देवी , पति–अरूण बड़ाईक<br>3. ग्राम–नवागढ़, डुमर टोली , पोस्ट–नवागढ़ , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–980/24 2. आवेदक–प्रतिमा उराँव , पति–रवि उराँव<br>3. ग्राम–मंडरिया , पोस्ट–सिसई , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0–981/24 2. आवेदक–सुनील कुमार भगत , पिता –महेष्वर भगत<br>3. ग्राम–नगर लालमाटी , पोस्ट–नगर थाना , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा पर घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू एवं सीताराम उराँव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 104. | 1. आवेदन क्र0–982/24 2. आवेदक–प्रकाष तिग्गा , पिता–मरियानुस तिग्गा<br>3. ग्राम–छिछवानी, पोस्ट–कटकाही , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ हथेली पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0–983/24 2. आवेदक–नेहरू लोहरा , पिता–रतिया लोहरा<br>3. ग्राम–बांसडीह, पोस्ट–परसा , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के घुटने में कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0–984/24 2. आवेदक–करमा भगत (आश्रित पुत्र), पिता–दुर्गा टाना भगत (आंदोलनकारी)<br>3. ग्राम–कोटेगसेरा, रघुनाथपुर, पोस्ट–मुरकुण्डा , थाना–गुमला , प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–28 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के घुटना में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित एवं सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी गन्दुरा उराँव एवं ओस्वीन टोपो के द्वारा पहचान तथा अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित बैठक पंजी में नाम। | | |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–985/24 2. आवेदक–अषोक कुमार भगत , पिता–स्व0 वीरेन्द्र उराँव<br>3. ग्राम–रूकरूम, पोस्ट–सिलम ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–986/24 2. आवेदक–सुखराम उराँव , पिता–स्व0 दसाई उराँव<br>3. ग्राम– नवागढ, पोस्ट–नवागढ़ ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें हाथ में तिल का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–987/24 2. आवेदक–मुकुन्द भगत , पिता–सुकरा भगत<br>3. ग्राम– नवागढ, पोस्ट–नवागढ़ ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें हाथ में घाव का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 110. | 1. आवेदन क्र0–988/24 2. आवेदक–चैतु उराँव , पिता–स्व0 सानी उराँव<br>3. ग्राम– जरसटा, पोस्ट–बिरकेरा ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– कपाल में दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 111. | 1. आवेदन क्र0–989/24 2. आवेदक – बुधराम उराँव , पिता–लालु उराँव<br>3. ग्राम– नवागढ, गोढी–टोली, पोस्ट–नवागढ़ ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें पैर में घाव का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0–990/24 2. आवेदक – षषि सरिता लकडा , पति–श्री दुर्गा उराँव<br>3. ग्राम– नवागढ, पोस्ट–नवागढ़ ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– महिला आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें आँख के पास तिल का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0–991/24 2. आवेदक – मानती उराँव , पति–मुकुन्द उराँव<br>3. ग्राम– नवागढ, पोस्ट–नवागढ़ ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– महिला आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0–992/24 2. आवेदक – जीतराम उराँव , पिता–स्व0 माली उराँव<br>3. ग्राम– सलकाया , पोस्ट–कोण्डरा. ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– पैर में दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0–993/24 2. आवेदक – दुर्गा उराँव , पिता–स्व0 सुकरू उराँव<br>3. ग्राम– नवागढ, पोस्ट–नवागढ़ ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें पैर में घाव का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 116. | 1. आवेदन क्र0–994/24 2. आवेदक–सीताराम भगत , पिता–स्व0 बुन्धु भगत<br>3. ग्राम– नवागढ, पोस्ट–नवागढ़ ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 117. | 1. आवेदन क्र0–995/24 2. आवेदक – जयपाल उराँव , पिता–स्व0 बैजू उराँव<br>3. ग्राम– सलकाया , पोस्ट–कोण्डरा. ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– घाव का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भौवा उराँव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 118. | 1. आवेदन क्र0–996/24 2. आवेदक–राजेन्द्र खेरवार , पिता – किनवा खेरवार<br>3. ग्राम–हिसिर , पोस्ट–सलाम नवा , थाना–बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0–997/24 2. आवेदक–चरवा उरॉव , पिता – बाबूराम उरॉव<br>3. ग्राम–हिसिर , पोस्ट–सलाम नवा , थाना–बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–घुटना में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0–998/24 2. आवेदक–रामजीत बृजिया , पिता –स्व0 रत्ला बृजिया<br>3. ग्राम–जाहुप कोकोटोली , पोस्ट– बिषुनपुर , थाना–बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–999/24 2. आवेदक–गोन्दला उरॉव , पिता – रोपना उरॉव<br>3. ग्राम–हिसिर , पोस्ट– बिषुनपुर , थाना–बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0–1000/24 2. आवेदक–एतवा उरॉव , पिता – बुलूंग उरॉव<br>3. ग्राम–निरासी , पोस्ट– बिषुनपुर , थाना–बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–घुटना में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0–1001/24 2. आवेदक–कमलेष्वर खेरवार , पिता – पडुवा खेरवार<br>3. ग्राम–हिसिर , पोस्ट– बिषुनपुर , थाना–बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आँख नंत्रहीन। | कंडिका–2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0–1002/24 2. आवेदक–लक्ष्मण खेरवार , पिता – अमिन खेरवार<br>3. ग्राम–हिसिर , पोस्ट– बिषुनपुर , थाना–बिषुनपुर , प्रखण्ड– बिषुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 125. | 1. आवेदन क्र0–2384/24 2. आवेदक–निधिया उरॉव , पिता –स्व0 मंगरा उरॉव<br>3. ग्राम–खुटी टोली , पोस्ट–सौंस , थाना–चान्हो , प्रखण्ड–चान्हो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में जला का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 126. | 1. आवेदन क्र0–2385/24 2. आवेदक–करमी कुजूर , पति –निधिया उरॉव<br>3. ग्राम–सौंस खुटी टोली , पोस्ट–सौंस , थाना–चान्हो , प्रखण्ड–चान्हो<br>4. लिंग– महिला , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 127. | 1. आवेदन क्र0–2386/24 2. आवेदक–संजीत उरॉव (आश्रित पौत्र) , पिता –मौवरा उरॉव<br>3. ग्राम–मदई , पोस्ट–बेयासी , थाना–नरकोपी , प्रखण्ड–चान्हो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–17 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच षिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाषित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवष्यक है।

(भुवनेष्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 344518 Home(24-25)D

## सिंगापुर के राष्ट्रपति थरमन शनमुगरत्नम ने कलाभूमि में चार घंटे बिताये

# ओड़िशा के भोजन, कला और हस्त शिल्प की सराहना की

- राष्ट्रपति शनमुगरत्नम की पत्नी ने कलाभूमि में खरीदी साड़ी, यूपीआई पर चुकाई कीमत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सिंगापुर के राष्ट्रपति थरमन शनमुगरत्नम ने शनिवार को भुवनेश्वर के हस्तशिल्प संग्रहालय कलाभूमि में 4 घंटे बिताये और ओड़िशा की कला, हथकरघा और हस्तशिल्प की प्रशंसा की। राष्ट्रपति संमुगरत्नम ने वहां शाम 7.30 से 11.30 बजे तक समय बिताया। इस अवसर पर सिंगापुर के राष्ट्रपति सहित राज्यपाल डॉ हरिबाबू कंबमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उपस्थित थे। कलाभूमि की विभिन्न गैलरी का दौरा करते हुए राष्ट्रपति शनमुगरत्नम ने ओडिशा की कला, हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को देखा। उन्होंने जगन्नाथ गैलरी में कुछ समय बिताकर ओडिशा की आध्यात्मिक चेतना और परंपराओं की भी प्रशंसा की।

इस मौके पर राष्ट्रपति की पत्नी ने एक साड़ी भी खरीदी और यूपीआई के जरिए कीमत का भुगतान किया। गौरतलब है कि एक आसान और सरल भुगतान प्रणाली के रूप में भारत की इस डिजिटल भुगतान प्रणाली ने पूरी दुनिया में लोकप्रियता हासिल की है। इस मौके पर राष्ट्रपति ने वहां रात्रि भोज किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखा। राष्ट्रपति को पारंपरिक ओड़िया भोजन परोसा गया। राष्ट्रपति संमुगरत्नम ने कहा की कि ओडिशा का भोजन बहुत स्वादिष्ट है। राष्ट्रपति और उनकी पत्नी के लिए ओडिसी नृत्य के साथ-साथ ओडिशा और सिंगापुर का फ्यूजन नृत्य प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रपति संमुगरत्नम ने ओडिसी नृत्य और संगीत की भी सराहना की।





## थुरमन शनमुगरत्नम और उनकी पत्नी ने पुरी जिले के ऐतिह गांव रघुराजपुर का दौरा किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सिंगापुर गणराज्य के महामहिम राष्ट्रपति थुरमन शनमुगरत्नम और उनकी पत्नी ने शनिवार को पुरी जिले के ऐतिह गांव रघुराजपुर का दौरा किया और ओड़िशा की प्रसिद्ध पटचित्र और विभिन्न लोक कलाओं को देखा। लोक नृत्य गोटिपुअ और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा महामहिम राष्ट्रपति का स्वागत किया गया। इस अवसर पर ओड़िशा की उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा, केंद्रीय विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और पुरी जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## चलती कार में लगी आग, दो महिलाओं और एक बच्चे समेत 6 लोगों की बची जान



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कंधमाल जिला बालीगुड़ा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 59 पर एक चलती कार में आग लग गयी, जिसमें दो महिलाओं और एक बच्चे समेत छह लोगों की बच गयी जान। शुक्रवार की रात 8.30 से 9 बजे के भीतर महासिंघ गांव का एक परिवार कोटगढ सुवर्णगिरि के पास लूदु झरने देखने के लिए गये थे। घूमकर वहां से घर लौटते समय गाड़ी के इंजन से धुआं और आग की लपटें निकलती दिखीं। चालक की सूझबूझ ने वाहन को रोक दिया, सभी यात्रियों को तुरंत गाड़ी से बाहर निकाला और अग्निशमन विभाग को फोन किया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी।

## बिजली के खंभे पर काम करते समय लाइनमैन घायल

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बुर्ला झारसुगुड़ा बिजली डिवीजन के तहत काम करने वाली एक सहायक कंपनी के एक लाइनमैन की सरबाहाल सेक्शन के तहत एक जगह पर बिजली आपूर्ति के बिना एलटी लाइन पर काम करने के दौरान करंट लगने से घायल हो गया। शुरूआती जानकारी के मुताबिक पता चला है कि हादसा फ्लैश करंट की वजह से हुआ। विपरीत दिशा से बिजली कट जाने के कारण वह इस हादसे का शिकार हो गये। बताया गया है कि लाइनमैन किरण राम रवि की गर्दन, पीठ और दाहिने हाथ का कुछ हिस्सा जल गया है। उन्हें तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले जाया गया और प्राथमिक उपचार दिया गया। उनकी स्वास्थ्य स्थिति अच्छी है और वह बात करने में सक्षम हैं। उनके शरीर के कुछ हिस्से जल जाने के कारण उन्हें विशेष उपचार के लिए राउरकेला स्टील जनरल अस्पताल (आईजीएच) में स्थानांतरित कर दिया गया है। अब उनकी हालत स्थिर है और उनका इलाज चल रहा है। दुर्घटना के बारे में जानने के बाद, टीपीडब्ल्यूडिएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रवीण वर्मा ने त्रुटि की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति का गठन किया। ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। एक जिम्मेदार बिजली वितरण कंपनी के रूप में, सुरक्षा टीपीडब्ल्यूडीएल के लिए प्राथमिकता है। इसलिए, कंपनी अपने कर्मचारियों और अपने अप्रत्यक्ष कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

## जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** संबलपुर जिला प्रशासन और जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल की संयुक्त पहल के माध्यम से शुक्रवार को 700 एकड़ परियोजना क्षेत्र में 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामदास टुडू (आरटीओ, संबलपुर) थे। इस कार्यक्रम में भारी वाहनों के लगभग 250 चालक अपने सहायकों के साथ उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में निःशुल्क नेत्र जांच, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण और सुरक्षित ड्राइविंग अभ्यास के लिए चालक प्रशिक्षण जैसी कई प्रभावशाली गतिविधियां शामिल थीं।

इस अवसर पर कानू चरण बनरा (अतिरिक्त आरटीओ), मनोज कुमार सिंह (VP, प्रशासन और सतर्कता), अशोक कुमार बिस्वाल (जीएम, फायर एंड सेफ्टी), रवि प्रसाद (जीएम सीआरएस), कुलदिप भरद्वाज (जीएम, ट्रांसपोर्ट), रंजन के सिंह (डीजीएम. सीपीटी), महेश ठाकुर (सीनियर एमजीआर), प्रमोद पात्र (डिप्टी मैनेजर) के साथ कई अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय युवा दिवसः प्रधानमंत्री की इंटर्नशिप योजना के तहत वेदांता एल्युमीनियम ने युवाओं को सशक्त बनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने भारत के युवाओं को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। कंपनी ने इस संबंध में बहुआयामी पहल की है, जिसमें भारत सरकार की प्रधानमंत्री (पीएम) इंटर्नशिप योजना जैसी सरकारी पहलों को अपना समर्थन देना और ग्रामीण युवाओं को प्रगति के लिए अधिक अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई सामाजिक प्रभाव परियोजनाएं शामिल हैं।

पीएम इंटर्नशिप योजना के माध्यम से, वेदांता एल्युमीनियम छात्रों को अपने मेगा औद्योगिक संचालन में महत्वपूर्ण व्यावहारिक उद्योग अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान कर रहा है। वर्तमान में दुनिया के सबसे बड़े एल्युमीनियम संयंत्र के घर, ओडिशा के झारसुगुड़ा में कंपनी के संचालन में 18 प्रशिक्षुओं को शामिल किया गया है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ के कोरबा में स्थित भारत की प्रतिष्ठित एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी भारत एल्युमीनियम कंपनी में 4 प्रशिक्षुओं को शामिल किया गया है। भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक के रूप में, दोनों संयंत्र अत्याधुनिक तकनीकों और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं का घर हैं, जो प्रशिक्षुओं को आधुनिक विनिर्माण की दुनिया की एक अमूल्य झलक देते हैं। प्रशिक्षु वर्तमान में संचालन, स्थिरता और डिजिटल नवाचार जैसे प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रभावशाली परियोजनाओं में लगे हुए हैं, जो उनके व्यावहारिक कौशल को बढ़ाते हैं और उन्हें भविष्य की नेतृत्व भूमिकाओं के लिए तैयार करते हैं। पीएम इंटर्नशिप योजना की प्रतिभागी सोनाली दाश ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि वेदांता एल्युमीनियम में इंटर्नशिप एक समृद्ध यात्रा रही है। इसने मुझे स्थिरता-केंद्रित परियोजनाओं पर काम करने और उद्योग की दबावपूर्ण जरूरतों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर दिया, जो मुझे अपने करियर के लिए एक मजबूत आधार बनाने में मदद करेगा। एक अन्य प्रशिक्षु उज्जल पात्रा ने उनके विचारों को दोहराया कि वेदांता एल्युमीनियम में काम करना एक शानदार सीखने का अनुभव रहा है। लाइव औद्योगिक परियोजनाओं में शामिल होने से मुझे सिद्धांत और व्यवहार के बीच की खाई को पाटने का मौका मिला, साथ ही साथ मेरे तकनीकी और समस्या-समाधान कौशल में भी वृद्धि हुई।



इस पहल पर अपने विचार साझा करते हुए वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी सुनील गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद, जिनके जन्मदिन को हम राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं, ने हमेशा भारत को अपने युवाओं की असीम क्षमता का दोहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। पीएम इंटर्नशिप योजना और अन्य प्रभावशाली पहलों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य भविष्य के लिए तैयार प्रतिभाओं की एक पाइपलाइन बनाना है जो भारत की विकास कहानी में योगदान देंगे।

वेदांता एल्युमीनियम को एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2024 विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान मिला है, जो इसके अग्रणी सतत विकास प्रथाओं का प्रतिबिंब है। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्युमीनियम स्मेल्टर, एल्युमीना रिफाइनरी और बिजली संयंत्रों के साथ, कंपनी हरित कल के लिए 'भविष्य की धातु' के रूप में एल्युमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

## ओड़िशा सरकार के इ एंड आइटी विभाग और जीएफटीएन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम की ओड़िशा यात्रा के दौरान ओड़िशा सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (इ एंड आइटी) विभाग और ग्लोबल फाइनेंस एंड टेक्नोलॉजी नेटवर्क (जीएफ टीएन) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। यह समझौता भुवनेश्वर में एक ग्लोबल कॉम्पिटेंसी सेंटर स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया है, जो फिनटेक और इंस्योरटेक के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देगा। यह पहल भारत और सिंगापुर के बीच 2025 में राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ को चिह्नित करती है।

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि ओड़िशा ने भारत के आइटी सेक्टर में अग्रणी भूमिका निभायी है और अब फिनटेक नवाचारों के लिए एक वैश्विक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। राज्य स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित कर रहा है और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक संसाधनों का उपयोग कर रहा है। यह समझौता भारत के '2047 तक सबको बीमा' लक्ष्य को समर्थन प्रदान करेगा, जिसमें प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य, जीवन, और संपत्ति का बीमा कवरेज सुनिश्चित करने का लक्ष्य है।

जीएफटीएन के ग्रुप सीइओ सोपनेंदु महांति ने कहा कि ओडिशा में ग्लोबल कॉम्पिटेंसी सेंटर की स्थापना भारत के 'विकसित भारत 2047' विजन के साथ मेल खाती है। यह हब ओड़िशा की डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास को तेज करेगा। इस मौके पर विशाल देव, मुख्य सचिव, इ एंड आइटी, ओड़िशा ने कहा कि ओड़िशा के पास फिनटेक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अपार संभावनाएं हैं। सरकार स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल से ओड़िशा एक प्रमुख फिनटेक हब के रूप में उभरेगा और वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## मृतक के परिजन को 25 लाख रुपये मुआवजा देगी डालमिया कंपनी



**सुंदरगढ़ राजगांगपुर डालमिया सीमेंट प्लांट हादसा की घटना में मलबे से 3 मजदूरों के शव मिले**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सुंदरगढ़ राजगांगपुर डालमिया सीमेंट प्लांट हादसा की घटना। कंपनी ने 3 मृत श्रमिकों के परिवारों को 25 लाख की सहायता की घोषणा की है। उप जिलापाल दाशरथी सराब ने इसकी जानकारी दी। शनिवार की सुबह मलबे से 3 मजदूरों के शव बरामद किये गये। 36 घंटे के ऑपरेशन के बाद, शुरू में दो श्रमिकों के शव मिले, जबकि एक अन्य लापता श्रमिक का शव बाद में बरामद किया गया। गौरतलब है कि पिछले 16 तारीख की शाम करीब 6 से 7 बजे की भीतर राजगांगपुर स्थित डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड फैक्ट्री के लाइन 2 प्लांट में कोल हॉपर का ढांचा अचानक ढह गया था। आरोप है कि नियमित रखरखाव के अभाव के कारण ऐसे हादसे हुए। खबर मिलते ही प्रशासन की ओर से तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।

### पीएच.डी. उपाधि



कुलपति राधा गोविन्द विश्वविद्यालय रामगढ़, झारखंड के आदेशानुसार के.एम. प्रतिभा एमफिल -2015 डॉ सी वी रमन विश्व विद्यालय छत्तिसगढ़, पिता- नागेन्द्र प्रसाद, क्वाटर नं.- A/371, सेक्टर-IV, संत थोमस स्कूल के नजदीक धुर्वा, रांची-834004 (झारखंड) को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय रामगढ़, के द्वारा हिन्दी विषय (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय) में डॉक्टर ऑफ फिलासफी उपाधि दि गई जिसका सत्र 2020 से 2024 रहा उन्होने डॉ सत्येन्द्र कुमार, सहायक प्राध्यापक स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग, राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के निर्देशन में '**ममता कालिया की कहानियों में स्त्री चेतना**' विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है. इन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

POPKORN cinemas
SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing



at Screen-1 (Sujata) Schedule For 17th Jan., 2025 onwards!
Emergency : 10.30, 4.15
Game Changer : 1.15
Pushpa: The Rule-Part 2 : 6.45
at Screen-2 (Miniplex)
Satya (Hindi) : 11.00
Emergency : 2.15
Game Changer : 5.00
Marco : 8.00
at Popkorn Cinemas
Satya (Hindi) : 11.00
Emergency : 2.00, 8.00
Game Changer : 12.00
Marco : 5.00
Pushpa: The Rule-Part 2 : 3.00, 7.00
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS-XI 2025
With OMR Sheet for Practice
JCERT द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम पर पूर्णतः आधारित
ARTS, SCIENCE, COMMERCE एवं विज्ञान के लिए अलग-अलग पुस्तक
All Subjects Combined in ONE BOOK
Arts Subject: Hindi (Core), English (Core), Hindi (Elective), English (Elective), Economics, History, Political Science, Geography, Sociology, Psychology, Philosophy and Home Science
Science Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Physics, Chemistry, Mathematics, Biology and Computer Science
Commerce Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Accountancy, Business Studies, Commercial Arithmetic, Entrepreneurship and Computer Science
विज्ञान विषय: हिन्दी (कोर), अंग्रेजी (कोर), अर्थशास्त्र, भौतिकी, रसायन, गणित, जीवविज्ञान एवं कम्प्यूटर साइंस
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें!

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**